सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 02 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 26, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## वोडा-आइडिया को 26.8 करोड़ का नोटिस

दूरसंचार विभाग ने वोडाफोन आइडिया को 26.83 करोड़ रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज भरने का नोटिस भेजा है। } 10

## सेना की रक्षात्मक व आक्रामक क्षमता में आया बड़ा बदलाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा देश की सशस्त्र सेनाओं की रक्षात्मक और आक्रामक, दोनों क्षमताओं में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक ने नए राष्ट्रवाद की नीव रखी और आज देश उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। } 10

# राष्ट्रमंडल खेल : भारत के लिए स्वर्णिम दिन, जीते 7 गोल्ड




















ग्लास्गो। भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी और प्रिया घंघास, अरुंधति चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वजन वर्गों में स्वर्ण पदक जीते जबकि पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जादूमणि सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पैरा गोला फेंक एथलीट सोमन राणा ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता जबकि त्रिकूद स्पर्धा में प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में कनाडा की स्कारलेट डेलगाडो को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद मौजूदा विश्व चैंपियन जैसमीन ने भी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उत्तरी आयरलैंड की गत चैंपियन माइकेला वॉल्श को 5-0 के समान अंतर से मात देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। साक्षी ने फिर महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में इंग्लैंड की रूबी वाइट को 5-0 से हराकर दिन में भारत को मुक्केबाजी का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। प्रिया को महिलाओं के 60 किग्रा में कनाडा की मैरी बाथोल अल अहमदिएह से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने 4-1 के विभाजित फैसले से पहला स्थान हासिल किया। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में छठा स्वर्ण पदक जीता जब सचिन सिवाच ने नामीबिया के ट्रायागेन मार्निंग को पुरूषों के 60 किलो फाइनल में हराया। इससे पहले भारत के दिन के तीसरे मुकाबले में जादूमणि सिंह को ऑस्ट्रेलिया के जाई डिक्सन के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 0-5 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। लंबे कद के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरुआत में संघर्ष करने के बाद जादूमणि ने शानदार वापसी करते हुए पहला राउंड 3-2 से अपने नाम किया। डिक्सन ने हालांकि दूसरे राउंड में जोरदार वापसी की और सभी जज के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 192 रुपये घटी

नयी दिल्ली। होटल और रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में उपयोग होने वाली वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में शनिवार को बड़ी कटौती की गयी। इसके तहत 19 किलोग्राम के एलपीजी के सिलेंडर के दाम में 192 रुपये की कमी की गयी है। वहीं विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय मानक दरों के रुख को देखते हुए किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों से मिली सूचना के अनुसार, दिल्ली में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर अब 2,930 रुपये के बजाय 2,738 रुपये का मिलेगा। वहीं, एटीएफ की कीमत 110 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 115 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। यह लगातार दूसरा महीना है, जब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में कटौती की गई है। इससे पहले एक जुलाई को 183.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई थी। वहीं, एटीएफ की कीमत में वृद्धि ने एक जुलाई को की गई लगभग समान कटौती का असर खत्म कर दिया।

### सिधरिया ड्रेन में डूबने से तीन बहनों की मौत

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम सिधरिया ड्रेन में डूबने से एक ही परिवार की तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई। करीब 12 घंटे तक चले तलाश अभियान के बाद शनिवार सुबह ग्रामीणों ने तीनों के शव बरामद किए। पुलिस के अनुसार, दुबौली गांव निवासी शंभू की पुत्रियां सपना (10) और छोटी (8) तथा रंजीत की पुत्री कुंचन (12) शुक्रवार शाम खेत से घास काटकर घर लौट रही थीं। रास्ते में बभनौली गांव के समीप स्थित सिधरिया ड्रेन की पुलिया पर तीनों कुछ देर के लिए रुकीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से तीनों पुलिया से नीचे तेज बहाव वाली ड्रेन में गिर गईं और देखते ही देखते पानी की धारा में बह गईं।

# राहुल गांधी, पप्पू यादव व अवधेश पर केस दर्ज

## साधू के भेष में चंदा चोरी का नाटक करना पड़ा भारी, भाजपा नेताओं ने नई दिल्ली और वाराणसी में करवाई एफआईआर

एजेंसी

नयी दिल्ली/वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की तरफ ध्यान खींचने के लिये संसद परिसर में नाटक करने को लेकर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अयोध्या से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में शिकायत दर्ज कराई। नयी दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने पार्टी विधायकों के साथ संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई। वाराणसी के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि संतों की तहरीर पर कोतवाली थाने में राहुल गांधी, यादव और प्रसाद के खिलाफ सनातन धर्म का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (धर्म, नस्ल, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर अलग-अलग समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक कार्य करना) और धारा 299 (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करने वाले जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य) सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाने में तैनात एक अधिकारी ने बताया कि इन नेताओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के जानबूझकर इरादे से शब्दों आदि का इस्तेमाल करना) और धारा तीन (पांच) (सभी की साझा मंशा को आगे बढ़ाने के लिए कई व्यक्तियों द्वारा किया गया आपराधिक कृत्य) के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। बांसुरी ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शन की आड़ में सनातन संस्कृति का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कल (शुक्रवार को) संसद परिसर में प्रदर्शन के बहाने सांसद पप्पू यादव, अवधेश प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक नाटक किया। यह कोई प्रदर्शन नहीं था। यह सनातन संस्कृति का मजाक, संत समाज का उपहास और भारतीय परंपराओं का ...शेष पृष्ठ 10 पर



### हिन्दू संगठनों ने देशभर में किया प्रदर्शन

भोपाल। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संसद परिसर में विपक्ष द्वारा अयोध्या स्थित राम मंदिर में चंदे के कथित गबन को लेकर प्रस्तुत किए गए नाटक के विरोध में शनिवार को भोपाल में प्रदर्शन किया।

भगवा वस्त्र धारण किए निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने शुक्रवार को संसद परिसर में अन्य विपक्षी सांसदों के साथ राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर एक नाटक किया था। इस नाटक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए थे। भोपाल में विहिप और बजरंग दल के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी व्यापम चौराहे से लिंक रोड की ओर मार्च निकालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, जिससे पुलिसकर्मियों के साथ हल्की धक्का-मुक्की हुई। हालांकि, पुलिस के अनुसार स्थिति नियंत्रण में रही और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रदर्शन में शामिल विहिप और बजरंग दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में विपक्ष द्वारा किए गए इस नाटक से भगवान राम का अपमान हुआ है और ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अनिल अंबानी पर धोखाधड़ी का केस

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को l,816.22 करोड़ रुपये का कथित नुकसान पहुंचाने के मामले में रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) और उसके पूर्व चेयरमैन अनिल डी. अंबानी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

हालांकि, अंबानी के प्रवक्ता के अनुसार अनिल अंबानी ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्वाई केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 21 जुलाई की शिकायत के बाद की गई, जिसमें धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को गलत तरीके से वित्तीय नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है, यह शिकायत ईपीएफओ की ओर से उसके अधिकृत अधिकारी द्वारा सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद दर्ज कराई गई है। इसका संबंध रिलायंस कैपिटल लिमिटेड द्वारा जारी सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) में ईपीएफओ के निवेश से हुए भारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# एलडीए जेई समेत तीन लोग रिश्वत लेते गिरफ्तार

## विजिलेंस ने गोमती नगर कार्यालय में की बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) की टीम ने प्राधिकरण के एक अवर अभियंता (जेई) समेत तीन लोगों को 7.50 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गोमती नगर स्थित एलडीए के जोन-5 कार्यालय में की गई। गिरफ्तार आरोपियों में एलडीए जोन-5 कार्यालय में तैनात जेई दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश और रिश्वत में सहयोग करने वाला बिचौलिया श्रवण कुमार शामिल हैं। आरोप है कि तीनों ने मकान निर्माण के मामले में कार्रवाई का डर दिखाकर शिकायतकर्ता से 15 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। बाद में सौदा 7.50 लाख रुपये में तय हुआ। विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार, शिकायतकर्ता ने उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के लखनऊ सेक्टर के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि जेई दिनेश कुमार ...शेष पृष्ठ 10 पर



❍ मकान निर्माण रोकने की धमकी देकर मांगी थी 15 लाख की घूस

### 52 दिन बाद कब्र से निकाला युवती का शव, जांच शुरू

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में 16 वर्षीय एक लड़की की मौत के कारणों पर संदेह के कारण दफनाए जाने के 52 दिन बाद शनिवार को उसका शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जिला प्रशासन द्वारा मामले की नए सिरे से जांच के आदेश दिए जाने के बाद शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के शाह जमाल कब्रिस्तान में नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में शव को कब्र से निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्वाई स्थानीय निवासी दुलारे खान की लिखित शिकायत के बाद की गई। खान ने शिकायत में आरोप लगाया था कि आठ जून की सुबह जब वह पास की मस्जिद से ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी

## रोजगार तलाशने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बनें उत्तराखंड के युवा : धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा और कौशल को केवल नौकरी प्राप्त करने तक सीमित न रखें, बल्कि अपनी क्षमता का इस्तेमाल नए रोजगार और अवसर सृजित करने में करें। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी शक्ति के सामर्थ्य पर विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि भारत आज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विस्तार ने युवाओं के सामने आगे बढ़ने की संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा, विचार और रचनात्मकता को सही दिशा देकर देश की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों को नई गति दे सकते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सफलता का अर्थ केवल सरकारी या निजी नौकरी प्राप्त करना नहीं है। अपने कौशल के आधार पर कोई नया कार्य शुरू करना, उद्यम खड़ा करना और अन्य लोगों को ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ रूफटॉप सोलर ऊर्जा में लखनऊ नंबर-1 (पृष्ठ-02)
❍ पेशेवर शिकायतकर्ताओं के खिलाफ होगा केस (पृष्ठ-03)
❍ यूपीआई 29.9 लाख करोड़ के नये रिकॉर्ड स्तर पर (पृष्ठ-10)
❍ रणथम्भौर में दो शावकों संग नजर आई बाघिन (पृष्ठ-10)
❍ विनिर्माण केंद्र बनने के लिए, आंध्र तैयार (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

## शिवसागर की दिखो नदी, गोलाघाट के नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी में भीषण बाढ़

# असम में बाढ़ का कहर, 1.92 लाख लोग प्रभावित

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के शिवसागर, गोलाघाट, जोरहाट, नागांव और चराईदेव जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे राज्य में अब भी 1.92 लाख लोग प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण दो और लोगों की मौत होने के बाद इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 82 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि असम के आठ जिलों में बृहस्पतिवार को दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित थे। हालांकि, अब स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन शिवसागर की दिखो नदी और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी अभी भी गंभीर बाढ़ की स्थिति में हैं। अधिकारियों ने लोगों से इन इलाकों से दूर रहने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 13,000 लोगों को 54 राहत शिविरों में रखा गया है। इसके अलावा 26 राहत वितरण केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां 5,384 लोगों को सहायता दी जा रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) समेत कई एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस साल बाढ़ में शिवसागर और चराईदेव जिलों में एक-एक और मौत की पुष्टि हुई है, जिससे मृतकों की संख्या ...शेष पृष्ठ 10 पर



### गुजरात में भारी बारिश सैकड़ों गांव जलमग्न

अहमदाबाद। दक्षिण और मध्य गुजरात के कई हिस्सों में शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। विशेष रूप से सूरत और नवसारी जिलों के प्रभावित इलाकों से 27,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा 53 अन्य लोगों को बचाया गया है। कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरत जिले की अंबिका तहसील में शनिवार सुबह छह बजे समाप्त हुए 24 घंटा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अंतिम चरण में राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच : ट्रस्ट

जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य ने शनिवार को बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है और एक नव गठित जांच टीम मंदिर परिसर के अंदर लोगों से पूछताछ कर रही है।

ट्रस्ट के सदस्य महंत दीनेन्द्र दास ने कहा कि भक्तों द्वारा चढ़ाए गए सोने, चांदी और अन्य चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। यह बयान तब आया है जब ट्रस्ट ने चल रही जांच के बीच दान इकट्ठा करने और उसे गिनने की प्रक्रिया में ज़्यादा पारदर्शिता लाने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। संसद में हुई एक घटना, जिसमें कथित तौर पर रामलला की तस्वीर जमीन पर रखी गई थी, पर प्रतिक्रिया देते हुए महंत दीनेन्द्र दास ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया। उन्होंने संसद सदस्यों से धार्मिक आस्था और भगवान राम की छवि का सम्मान करने की अपील की। दास ने यह भी कहा कि राम मंदिर में पूजा और दर्शन सुचारु रूप से चल रहे हैं और रोज़ाना आरती और अनुष्ठान वैष्णव परंपरा के अनुसार किए जा रहे हैं। दास ने पहले कहा था कि 25 जुलाई से दान संभालने की प्रक्रिया के हर चरण, गिनती वाले कमरे से खाली बक्से हटाने से ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# रूफटॉप सोलर ऊर्जा में लखनऊ देश में नंबर-1

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी के 17 जिले टॉप-100 में शामिल
- वाराणसी 10वें और कानपुर नगर 14वें स्थान पर



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के अभियान में उत्तर प्रदेश ने देश स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश के 17 जनपद देश के शीर्ष 100 जिलों की राष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल हुए हैं। वहीं राजधानी लखनऊ ने 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना के साथ देश में लगातार प्रथम स्थान बनाए रखा है।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है। रूफटॉप सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धि ने यह साबित किया है कि आम लोगों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने के अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।

यूपी नेडा के निदेशक रविन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय रैंकिंग में लखनऊ जनपद ने सर्वाधिक 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। बड़ी संख्या में घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने से लखनऊ देश में मॉडल जनपद के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश में 10वां स्थान प्राप्त किया है।

वाराणसी में 48,829 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। वहीं औद्योगिक नगरी कानपुर नगर 43,289 संयंत्रों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 14वें स्थान पर है। प्रदेश के अन्य जनपदों ने भी रूफटॉप सोलर ऊर्जा अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। बरेली 28,315 संयंत्रों के साथ 24वें स्थान पर, आगरा 26,375 संयंत्रों के साथ 29वें स्थान पर और प्रयागराज 23,773 संयंत्रों के साथ 37वें स्थान पर शामिल है। रूफटॉप सोलर संयंत्रों के विस्तार से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बचत का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अवसर भी उपलब्ध हो रहा है।

सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार की ओर से जनजागरूकता अभियान, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना, समयबद्ध स्वीकृति, डिस्कॉम और संबंधित एजेंसियों के बेहतर समन्वय तथा सब्सिडी वितरण की प्रभावी व्यवस्था के कारण प्रदेश में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी आई है।

उत्तर प्रदेश में रूफटॉप सोलर ऊर्जा का तेजी से विस्तार राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। देश के शीर्ष 100 जनपदों में 17 जिलों की मौजूदगी और लखनऊ का लगातार नंबर-1 स्थान प्रदेश की हरित ऊर्जा नीति की सफलता को दशार्ता है।

### राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपद

राष्ट्रीय रैंकिंग में लखनऊ ने प्रथम स्थान हासिल किया है। लखनऊ में 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। वाराणसी 48,829 संयंत्रों के साथ देश में 10वें स्थान पर, कानपुर नगर 43,289 संयंत्रों के साथ 14वें स्थान पर, बरेली 28,315 संयंत्रों के साथ 24वें स्थान पर और आगरा 26,375 संयंत्रों के साथ 29वें स्थान पर है।

इसी क्रम में प्रयागराज 23,773 संयंत्रों के साथ 37वें स्थान पर, झांसी 18,354 संयंत्रों के साथ 51वें स्थान पर, रायबरेली 17,532 संयंत्रों के साथ 56वें स्थान पर, गोरखपुर 14,498 संयंत्रों के साथ 70वें स्थान पर, सहारनपुर 13,821 संयंत्रों के साथ 73वें स्थान पर, मुजफ्फरनगर 13,464 संयंत्रों के साथ 75वें स्थान पर, मेरठ 13,137 संयंत्रों के साथ 78वें स्थान पर, बाराबंकी 13,126 संयंत्रों के साथ 79वें स्थान पर, अलीगढ़ 12,925 संयंत्रों के साथ 81वें स्थान पर, शाहजहांपुर 12,158 संयंत्रों के साथ 86वें स्थान पर, सीतापुर 12,008 संयंत्रों के साथ 88वें स्थान पर तथा उन्नाव 11,779 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के साथ देश में 90वें स्थान पर है।

# गो संरक्षण बना रोजगार का नया मॉडल

विशेष संवाददाता (vol)

- देसी गायों के उत्पादों की विदेशों तक बढ़ी मांग
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही नई ताकत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गो संरक्षण नीति अब गो सेवा के साथ रोजगार और उद्यमिता का नया मॉडल बनकर उभर रही है। देसी गायों पर आधारित उत्पादों की बढ़ती मांग ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी है। प्रदेश में तैयार होने वाले दूध, बिलौना घी, पंचगव्य, आयुर्वेदिक औषधियों, जैविक खाद और हर्बल उत्पाद अब देश ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, दुबई और यूरोप के कई देशों तक पहुंच रहे हैं।

सरकार की नीति से प्रेरित होकर बड़े उद्यमी, इंजीनियर और सामाजिक संस्थाएं भी गो संरक्षण से जुड़ रही हैं। गोशालाएं अब केवल गोवंश के संरक्षण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उत्पादन, स्वरोजगार और ग्रामीण उद्योगों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रही हैं। गो आधारित उद्योगों के विस्तार से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत तैयार हो रहे हैं।

योगी सरकार ने गो संरक्षण को जैविक खेती, महिला सशक्तीकरण, स्वरोजगार और ग्रामीण उद्योग से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। इसके परिणामस्वरूप देसी नस्ल की गायों के दूध, घी, गोमूत्र अर्क, पंचगव्य औषधियों, जैविक खाद और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र को नई दिशा दी है। करीब 15 वर्ष तक विदेशी कंपनियों में कार्य करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर असीम रावत ने गो संरक्षण को अपनाकर गाजियाबाद में 'हेता ऑर्गेनिक' की स्थापना की। आज यह संस्था देसी गायों के संरक्षण के साथ करीब 10 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार कर रही है। यहां अ2 बिलौना घी, पंचगव्य उत्पाद, दूध, हर्बल चाय, मिठाइयां, स्नैक्स और स्किन केयर सहित 150 से अधिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। वाराणसी स्थित सुरभि शोध संस्थान भी गो आधारित उद्यम का बड़ा उदाहरण है। कारोबारी एवं समाजसेवी सूर्यकांत जालान की गोशालाओं में 28 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। यहां गोबर और गोमूत्र से जैविक उत्पाद तैयार किए जाते हैं तथा एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। बुलंदशहर के पर्यावरण इंजीनियर पराग गौड़ लगभग 70 देसी गायों के माध्यम से दूध, घी और अन्य उत्पाद तैयार कर रहे हैं। उनका वार्षिक कारोबार करीब 1.25 करोड़ रुपये का है और इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं।

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, सरकार उन्नत देसी नस्ल की गायों को बढ़ावा देने के साथ गो संरक्षण को प्राकृतिक खेती, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार से जोड़ रही है। इससे प्रदेश में गो आधारित उद्योगों का विस्तार हो रहा है और युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

# स्वयं सहायता समूहों से सशक्त हो रहा ग्रामीण उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण को नई गति मिली है। प्रदेश सरकार का दावा है कि स्वयं सहायता समूहों के जरिए लाखों महिलाएं स्वरोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजनाझ्रराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 75 जनपदों और 826 विकास खंडों में संचालित इस अभियान के अंतर्गत अब तक 1.19 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों की महिलाएं 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों, 66 हजार से अधिक ग्राम संगठनों तथा 3,298 संकुल स्तरीय संघों से जुड़ चुकी हैं। सरकार का कहना है कि यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा सामाजिक बदलाव है।

मिशन के तहत महिलाओं को विभिन्न बैंकों के सहयोग से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर सकें। इसके साथ ही कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, लघु उद्योग, डिजिटल सेवाओं और अन्य आयवर्धक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

सरकार का कहना है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना को मिली रिकॉर्ड रफ्तार

## 22 दिनों में 5.23 लाख से अधिक शिक्षक-कार्मिकों की ई-केवाईसी पूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। योजना के तहत बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा उनके आश्रितों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रहे ई-केवाईसी अभियान में रिकॉर्ड प्रगति दर्ज की गई है।

सरकार के अनुसार, 8 जुलाई को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए योजना शुरू होने के 22 दिनों के भीतर 5.23 लाख से अधिक शिक्षक-कार्मिकों ने ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर ली है। वहीं 26 जुलाई को उच्च शिक्षा विभाग में योजना लागू होने के मात्र चार दिनों के भीतर लगभग 47 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। प्रदेश के तीनों शिक्षा विभागों के 12,89,018 पात्र लाभार्थियों में से अब तक 5,40,878 शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित योजना से जुड़ चुके हैं। ई-केवाईसी पूरी होने के बाद लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 फरवरी 2026 को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने योजना का पोर्टल, अस्पतालों की सूची और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तय समय में पूरी कर 138 दिनों के भीतर 8 जुलाई को वाराणसी से योजना का शुभारंभ कर दिया। इसके बाद 26 जुलाई को आगरा से उच्च शिक्षा विभाग को भी योजना में शामिल कर लिया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग के 11,03,464 पात्र लाभार्थियों में से अब तक 4,57,390 शिक्षक-कार्मिक ई-केवाईसी पूरी कर चुके हैं। विभागीय स्तर पर सभी जिलों में अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के 1,47,543 पात्र लाभार्थियों में से 65,754 शिक्षक-कार्मिकों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। संस्थानवार प्रगति की निगरानी की जा रही है ताकि सभी पात्र लाभार्थियों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित हो सके।

उच्च शिक्षा विभाग में योजना लागू होने के मात्र चार दिनों के भीतर 38,011 पात्र लाभार्थियों में से 17,734 की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। यह कुल पात्र लाभार्थियों का लगभग 47 प्रतिशत है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि योजना को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। सभी जिलों और शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक पात्र शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा उनके आश्रित की ई-केवाईसी समयबद्ध ढंग से पूरी कराई जाए, ताकि सभी को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार का लाभ मिल सके।

# आगरा की कोठी मीना बाजार में बनेगा छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक

**मुंबई/लखनऊ।** उच्च शिक्षा मंत्री एवं आगरा दक्षिण से भाजपा विधायक योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से उनके मुंबई स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आगरा की ऐतिहासिक कोठी मीना बाजार में छत्रपति शिवाजी महाराज के दिव्य एवं भव्य स्मारक के निर्माण में महाराष्ट्र सरकार की सहभागिता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस ऐतिहासिक परियोजना में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



योगेन्द्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री फडणवीस को बताया कि उनके नेतृत्व में इतिहासकार प्रो. सुगम आनन्द तथा डॉ. अमि आधार निडर (स्वर्गीय) द्वारा किए गए ऐतिहासिक शोध से यह तथ्य सामने आया कि मुगल सम्राट औरंगजेब ने छलपूर्वक छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र को जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह के पुत्र राम सिंह की जिस कोठी में नजरबंद रखा था, वही स्थान आज कोठी मीना बाजार के नाम से जाना जाता है। इसी स्थान से छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने अद्वितीय साहस, बुद्धिमत्ता और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए मुगल पहरे को धता बताकर ऐतिहासिक रूप से प्रस्थान किया था।

उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक स्थल पर छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक स्थापित कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योगी सरकार द्वारा कोठी के अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसके पूर्ण होते ही स्मारक निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार मिलकर ऐसा भव्य स्मारक विकसित करें, जो राष्ट्रीय एकता, भारतीय शौर्य और गौरव का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि आगरा आने वाला प्रत्येक पर्यटक ताजमहल के साथ-साथ छत्रपति शिवाजी महाराज के इस स्मारक का भी दर्शन करे। यह स्मारक नई पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने के साथ-साथ विश्व के सामने भारतीय पराक्रम और स्वाभिमान का प्रेरक संदेश भी देगा। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने इस पहल की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि महाराष्ट्र सरकार इस ऐतिहासिक स्मारक के निर्माण में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य करेगी। मुलाकात के दौरान महाराष्ट्र नेता सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# विपश्यना पार्क व लाइट एंड साउंड शो का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को सिद्धार्थनगर जनपद के भारत-नेपाल सीमा स्थित ऐतिहासिक बुद्ध विपश्यना केंद्र, कपिलवस्तु (पिपरहवा) में लगभग 3.50 करोड़ रुपये की लागत से विकसित विपश्यना पार्क एवं लाइट एंड साउंड शो का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना कपिलवस्तु की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने के साथ-साथ वैश्विक पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करेगी।



- 3.50 करोड़ की परियोजना से बुद्ध सर्किट पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा
- आधुनिक तकनीक से जान सकेंगे भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन

आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालु और पर्यटक भगवान बुद्ध के जीवन, उनके त्याग, शांति, करुणा और विपश्यना के संदेशों को प्रभावी ढंग से अनुभव कर सकेंगे। लोकार्पण के बाद सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में डिजिटल फिल्म और अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो के जरिए भगवान बुद्ध के जीवन और दर्शन पर आधारित प्रस्तुति दिखाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह, विधायक श्याम धनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, भाजपा नेत्री पूजा पाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नई परियोजना के शुरू होने से कपिलवस्तु आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों और बौद्ध श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ ऐतिहासिक विरासत का बेहतर अनुभव मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# एसआईआरडी में तकनीकी एवं वित्तीय प्रबंधन का दिया जायेगा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान (एसआईआरडी), बख्शी का तालाब में मॉडल संकुल स्तरीय संघ के एमआईएस सहायकों एवं लेखाकारों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शनिवार से शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य संकुल स्तरीय संघ के कैडर को तकनीकी और वित्तीय रूप से दक्ष बनाना है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मिशन निदेशक अरुण कुमार के निर्देशन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के आचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सत्र प्रभारी डॉ. सीमा, मिशन मुख्यालय से डॉ. नंदकिशोर साह, प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति मोरिस कुमार तथा जिला संसाधन व्यक्ति राघवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में संत रविदास नगर, प्रयागराज, सिद्धार्थनगर और औरैया जनपदों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. नंदकिशोर साह ने बताया कि प्रशिक्षण को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहले चार दिनों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, संकुल स्तरीय संघ की संरचना, नीति, मॉडल मानक और पांच वर्षीय विजन पर आधारित आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद छह दिनों तक प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन, ऋण प्रबंधन, लेखा प्रणाली, अंकेक्षण, वैधानिक अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण, ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि, मोबाइल एप एवं पोर्टल संचालन, मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा अभिलेखों के रखरखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद एमआईएस सहायक और लेखाकार योजनाओं की प्रभावी निगरानी, वित्तीय पारदर्शिता और समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा तथा ग्रामीण महिलाओं के रोजगार, आय वृद्धि और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

# अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर 10 ट्रेनों के ठहराव समय में वृद्धि

**लखनऊ।** श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे मंडल ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर 10 महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव समय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब इन ट्रेनों का ठहराव वर्तमान 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है। संशोधित समय-सारिणी विभिन्न तिथियों से क्रमशः लागू होगी। 19167 साबरमती एक्सप्रेस 03:48 03:53 तीन अस्गत से, 19168 साबरमती एक्सप्रेस 18:19 18:24 चार अगस्त, 19165 साबरमती एक्सप्रेस 03:48 03:53 और 19166 साबरमती एक्सप्रेस 18:19 18:24 पांच, 15744 फरक्का एक्सप्रेस 10:58 11:03, 15743 फरक्का एक्सप्रेस 15:05 15:10, 13308 गंगासुतलेज एक्सप्रेस 14:08 14:13, 13307 गंगासुतलेज एक्सप्रेस 09:25 09:30, 13152 जम्मूतवी - कोलकाता एक्सप्रेस 19:48 19:53, 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 06:10 06:15 चार अगस्त से ठहराव शुरू होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक समर्थ गुप्ता ने कहा कि रेलवे प्रशासन यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ठहराव समय बढ़ने से अयोध्या आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को ट्रेन से उतरने-चढ़ने में अब अधिक समय मिलेगा।

# लखनऊ स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण किया। रेल भूमि विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, समयबद्धता एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता, सुरक्षा तथा कार्य की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित पार्सल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इनवर्ड एवं आउटवर्ड पार्सल संचालन व्यवस्था, पार्सलों की हैंडलिंग तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि पार्सल संबंधी समस्त कार्य पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपादित किए जाएं, जिससे ग्राहकों को त्वरित, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के अगले चरण में मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म संख्या 2/3, 4/5 तथा 6/7 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन प्लेटफॉर्मों पर निमार्णाधीन कॉन्कोर्स एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रदेश भर में भाजपा 10 से चलायेगी हर घर तिरंगा यात्रा अभियान

## भाजपा के तत्वावधान में हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के तत्वावधान में आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि प्रदेश भर में 10 अगस्त से 15 अगस्त तक व्यापक जनभागीदारी के साथ हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के संयोजक बृज बहादुर भारद्वाज ने किया। अभियान के संचालन के लिए गठित समिति में प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज को संयोजक तथा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, प्रदेश मंत्री अनिल यादव एवं रजनी पांडे को अभियान का सह-संयोजक बनाया गया है।



भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी ने कहा कि आज हम किसी साधारण कार्यक्रम की तैयारी के लिए नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन की तैयारी के लिए एकत्र हुए हैं, जिसने पिछले कुछ वर्षों में देश के सबसे बड़े जनभागीदारी वाले अभियानों में अपना स्थान बनाया है। हर घर तिरंगा केवल घरों पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ने का अभियान है। यह राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी सशक्त टीम का गठन कर जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन किया जाए। प्रत्येक मंडल के साथ नियमित संपर्क रखा जाए तथा जनप्रतिनिधियों, मोर्चों, प्रकोष्ठों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जिला यह सुनिश्चित करे कि उसके सभी मंडल पूर्ण तैयारी के साथ इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हों। उन्होंने कहा मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि यह अभियान केवल भाजपा का कार्यक्रम बनकर नहीं रहना चाहिए। यह पूरे समाज का अभियान बने। तिरंगा यात्रा में हर वर्ग, हर समाज, हर आयु का नागरिक सहभागी बने। विद्यालयों, महाविद्यालयों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सांस्कृतिक संगठनों तथा समाज के सम्मानित नागरिकों को इस अभियान से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**तिरंगा हमारे राष्ट्रगौरव का जीवंत प्रतीक : पंकज चौधरी...** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने हर घर तिरंगा यात्रा अभियान की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रगौरव का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र-गौरव के इस प्रतीक को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें गर्व की अनुभूति से परिचित कराने वाले अभियान का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लिए तो तिरंगा अद्भुत सम्मान का प्रतीक इसलिए भी है, क्योंकि प्रथम स्वाधीनता संग्राम से लेकर आजादी की अंतिम लड़ाई तक में इस प्रदेश के वीरों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। यह तिरंगा उन सबके बलिदान का पावन प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज यहां उपस्थित टोलियां पूरे प्रदेश में पार्टी के कार्यक्रम के अनुसार हर घर तिरंगा अभियान को मजबूत करने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि बूथ अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हर कार्यकर्ता कम से कम 50 घरों के लोगों को इस अभियान के साथ अवश्य जोड़े।

**धर्मपाल सिंह ने भव्य तिरंगा यात्रा की रूपरेखा की तय:** प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि 11 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान तथा 10 से 14 अगस्त तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए संगठनात्मक संरचना निर्धारित की गई है। क्षेत्र, जिला और मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। 04 एवं 05 अगस्त को जिला योजना बैठकें तथा 06 अगस्त को मंडल योजना बैठकें आयोजित कर सभी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करते हुए अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करे। 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल तथा महानगरों के वार्ड स्तर पर 1 से 2 किलोमीटर लंबी भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इन यात्राओं में भारतीय जनता युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका रहेगी तथा महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चे और प्रकोष्ठ सक्रिय सहभागिता करेंगे। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, शहीद स्थलों, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों तथा उनके आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाए। इन स्थलों पर महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया जाए।

# रेलवे पॉलीक्लिनिक में स्तनपान पर किया जागरूक

**लखनऊ।** विश्व स्तनपान सप्ताह पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बादशाहनगर रमेश चंद्र के दिशानिर्देशन में ऐशबाग स्थित रेलवे पॉलीक्लिनिक पर 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाये जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम जीवन की स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपानः जो कारगर है उसे मजबूत करें पर आधारित यह सप्ताह शिशुओं के स्वास्थ्य, सही पोषण और स्तनपान के प्रति माताओं एवं परिवारों में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय तिवारी द्वारा पॉलीक्लिनिक पर महिला रोगियों एवं महिला कर्मचारियों को स्तनपान के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए जानकारी दी गयी।

# पेशेवर शिकायतकर्ताओं पर केस दर्ज करायेगा एलडीए

## आईजीआरएस समेत अन्य अवैध निर्माण की शिकायतों पर परीक्षण के बाद ही होगी कार्रवाई




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार कर्मचारी चन्द्र प्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। वहीं, आरोपी अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा के खिलाफ निलम्बन की संस्तुति करते हुए शासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन अनुभाग में तैनात समस्त अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। जिसके तहत आईजीआरएस समेत अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली अवैध निर्माण की शिकायतों पर सघन परीक्षण के बाद ही कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण की शिकायतों को किसी भी नागरिक की प्रताड़ना का माध्यम न बनाया जाए। इसके अलावा प्रवर्तन अनुभाग कार्यालय में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आरोपी कर्मचारी चन्द्र प्रकाश प्राधिकरण में पम्प ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में वह प्रवर्तन जोन-5 में तैनात था। इसी तरह अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा की तैनाती भी प्रवर्तन जोन-5 में थी। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) द्वारा शनिवार को इन दोनों को रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

### ब्लैकमेलिंग की करें शिकायत

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि गलत शिकायत के आधार पर किसी भी नागरिक को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति अथवा प्राधिकरण के कर्मचारी द्वारा प्रताड़ित किये जाने की सूरत में तत्काल प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों से शिकायत दर्ज कराएं।

- **गिरफ्तार कर्मचारी निलम्बित, जेई पर कार्रवाई की संस्तुति**

प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की गयी है। इसके तहत पम्प ऑपरेटर चन्द्र प्रकाश को निलम्बित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं। जिसके लिए विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। वहीं, प्रकरण में आरोपी अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान द्वारा उक्त प्रकरण में श्रवण कुमार नाम के व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, जोकि प्राधिकरण का कर्मचारी नहीं है। आरोप है कि श्रवण कुमार की आरोपी कर्मचारी एवं अवर अभियंता से साठगांठ थी और वह लगातार आईजीआरएस के माध्यम से निर्माण कार्य की शिकायत करके भवन स्वामी को ब्लैकमेल कर रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण भवन के हर उस कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये गये हैं, जहां प्रवर्तन अनुभाग से सम्बंधित अभियंता एवं कर्मचारी बैठते हैं। जिससे कि बिचैलियों और निजी रंजिश के चलते निर्माण कार्य की शिकायत करने वाले तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। उपाध्यक्ष ने बताया कि कई प्रकरणों में देखा गया है कि आपसी विवाद, रंजिश व ब्लैकमेल करने की नियत से कुछ लोगों द्वारा लगातार आईजीआरएस, व्हाट्स एप एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से निर्माण कार्यों की शिकायत की जा रही है। जिससे कि आम नागरिकों को मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है। इस सम्बंध में पूर्व में भी ऐसे शिकायतकताओं की सूची तैयार करवायी गयी थी। अब पुनः पेशेवर शिकायतकताओं को चिन्हित करके सम्बंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। साथ ही शासन के माध्यम से इनकी सूची जांच के लिए सक्षम विभाग को भेजी जाएगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एडवाइजरी जारी की गयी है, जिसके तहत अब से आईजीआरएस समेत अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली अवैध निर्माण की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के बजाये पहले सघन परीक्षण किया जाएगा, तत्पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

# 88 गांवों में नगर निगम की 56 संपत्तियां चिन्हित

## सरकारी संपत्तियों का होगा कायाकल्प, कल्याण मंडप और कार्यालय के रूप में होगा उपयोग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने विस्तारित क्षेत्र में शामिल 88 गांवों में मौजूद सरकारी संपत्तियों के बेहतर उपयोग की कवायद शुरू कर दी है। नगर निगम के सर्वे में 56 बड़ी संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जिनका विकास कर जनहित के कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा। इन संपत्तियों में लॉ डिग्री कॉलेज, स्कूल, कल्याण मंडप, कार्यालय और स्टोर बनाए जाने की योजना है।

नगर निगम क्षेत्र में ऐसी कई सरकारी संपत्तियां हैं, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं। इन संपत्तियों को सुरक्षित रखने के साथ ही उनका सुंदरीकरण कराया जाएगा और आवश्यकता के अनुसार नए उपयोग में लाया जाएगा। इससे जहां संपत्तियों का संरक्षण होगा, वहीं शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी। नगर निगम की ओर से विस्तारित क्षेत्र में शामिल 88 गांवों का सर्वे कराया गया था। सर्वे में सामने आया कि 56 भवन और अन्य संपत्तियां ऐसी हैं, जिनका उपयोग नगर निगम कर सकता है। इनमें पंचायत भवनों की संख्या सबसे अधिक है। इसके अलावा कम्युनिटी सेंटर और बारात घर भी शामिल हैं। जोनवार सर्वे में जोन-3 में 11, जोन-4 में 12, जोन-5 में 3, जोन-6 में 9, जोन-7 में 12 और जोन-8 में 9 संपत्तियां चिन्हित की गई हैं। अब नगर निगम इनका निरीक्षण कर क्षेत्र की जरूरत के अनुसार उपयोग तय करेगा।

### बनेंगे स्कूल और लॉ कॉलेज

**सीतापुर रोड पर प्रस्तावित डिग्री कॉलेज :** नगर निगम ने कुछ प्रमुख योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। सीतापुर रोड स्थित एक जमीन पर डिग्री कॉलेज बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वहीं कल्ली पश्चिम और बिजनौर क्षेत्र में इंटर कॉलेज तथा तीन प्राथमिक स्कूल खोलने की योजना है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रयास है कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्कूल और लॉ कॉलेज विकसित किए जाएं, जिससे लोगों को बेहतर शिक्षा सुविधा मिल सके। अन्य संपत्तियों का उपयोग कल्याण मंडप, कार्यालय और स्टोर के रूप में किया जाएगा।

नगर निगम अब पुराने वार्डों में भी ऐसी सरकारी संपत्तियों को चिन्हित करने के लिए सर्वे कराएगा, जिनका वर्तमान में उपयोग नहीं हो रहा है। इन संपत्तियों को भी जनहित की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जानकीपुरम कल्याण समिति के महासचिव विनय कृष्ण ने बताया कि उनके क्षेत्र में भी दो ऐसी संपत्तियां हैं, जिनका उपयोग नगर निगम कार्यालय या अन्य जनसुविधाओं के लिए किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नडवा खड़ा गांव में बना कम्युनिटी सेंटर बाहरी लोगों द्वारा संचालित किया जा रहा है, जबकि भिंडौली रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित विद्युत यांत्रिक विभाग का पुराना कार्यालय खाली पड़ा है और जर्जर हो रहा है। यह संपत्ति पहले एलडीए के पास थी, जो अब नगर निगम के अधीन है। नगर निगम की इस पहल से वर्षों से खाली पड़ी सरकारी संपत्तियों का उपयोग जनसुविधाओं के विस्तार में किया जा सकेगा।

# रक्तस्राव का पता करेगी डिवाइस

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के डाक्टरों ने बड़ी सफलता हासिल की है। डाक्टरों ने एक ऐसी पोर्टेबल और स्क्रीन-फ्री हाथ से चलने वाली डिवाइस विकसित की है, जो दुर्घटना के बाद शरीर के अंदर होने वाले रक्तस्राव (इंटरनल ब्लीडिंग) का शुरुआती स्तर पर पता लगा सकेगी। केजीएमयू के ट्रामा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रेमराज सिंह और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिया अग्रवाल ने खास डिवाइस विकसित की है। डा. प्रेमराज के अनुसारडिवाइस शरीर के अंदर मौजूद तरल पदार्थ की जांच करती है। यदि पेट में खून या कोई असामान्य तरल जमा होने के संकेत मिलते हैं तो यह तुरंत इसकी जानकारी देती है। यह उपकरण बिजली और बैटरी दोनों से संचालित किया जा सकता है। एम्बुलेंस चालक, पैरामेडिक्स और आपातकालीन स्वास्थ्यकर्मी भी सामान्य प्रशिक्षण के बाद इसका उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अंदरूनी रक्तस्राव का समय पर पता न चलने से मरीज की जान को खतरा बढ़ जाता है।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार व लूट चरम पर : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर जल जीवन मिशन तक में कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार है। कहीं सड़कें टूट रहीं है, तो कहीं पानी की टंकियां गिर रहीं हैं। भाजपा सरकार एक्सप्रेस-वे के नाम पर जर्जर सड़कें बनाने का रिकॉर्ड बना रही। कथित लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस-वे में 17 दिनों में दूसरी बार गड्ढे हो गए, उद्घाटन के बाद से ही मरम्मत की जरूरत पड़ने लगी। 4700 करोड़ की लागत से बना लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे चल कम रहा है, धंस ज्यादा रहा है। एक्सप्रेस-वे की सड़क कहीं धंस गयी तो कहीं डामर उखड़ गया। यही स्थिति बुन्देलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की भी हुई थी। अभी हो रहे बटेश्वर कॉरिडोर के काम में बेतहाशा भ्रष्टाचार हो रहा है। दिनदहाड़े बिना बेस के सीधे मिट्टी पर ही पीसीसी डाला जा रहा है। यहां खराब कॉन्क्रीट और पत्थर का इस्तेमाल हो रहा है। डिजाइन फॉल्ट्स आदि की भी लिखित शिकायतें कई बार की जा चुकी है लेकिन कभी सुनवाई ही नहीं हुई, जांच तो संभव ही नहीं है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त; 47,500 जुर्माना वसूला

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने शहर में अवैध अतिक्रमण, यातायात बाधा, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ शनिवार को विभिन्न जोनों में व्यापक अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर हुई कार्रवाई में कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया, प्रतिबंधित प्लास्टिक और अन्य सामान जब्त किए गए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों से 47,500 रुपए से अधिक का शमन शुल्क वसूला गया।इ जोन-2 में कंधी वाली गली, बड़ा इमामबाड़ा, याहियागंज, राजेंद्र नगर, तुलसीदास मार्ग, गैस कंपनी रोड, हैदरगंज, बुलाकी अड्डा सहित कई क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और एंटी-लार्वा छिड़काव कराया गया। चारबाग क्षेत्र में गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग और अतिक्रमण के मामलों में कार्रवाई करते हुए 23,000 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। जोन-3 में सीतापुर रोड, कुर्सी रोड, फैजुल्लागंज और केशव नगर क्षेत्र में शिकायतों के आधार पर अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान एक ठेला, 25 कैरेट, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, तिरपाल, कुर्सियां और अन्य सामान जब्त किए गए। आईआईएम तिराहे पर प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। जोन-4 के गोमती नगर विस्तार में सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर लगभग 700 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया।

# लालबाग ऑटोमोबाइल एसोसिएशन का गठन

**लखनऊ।** आगामी 3 सितंबर को आयोजित होने वाले स्वदेशी व्यापारी कुंभ की तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा व्यापारी जोड़ो, सदस्यता एवं संपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को राजधानी लखनऊ के लालबाग-हजरतगंज परिक्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि स्वदेशी व्यापारी कुंभ का मुख्य उद्देश्य व्यापारी की पहचान और सम्मान को नई दिशा देना है। उन्होंने कहा कि समाज में व्यापारियों को लेकर बनी गलत धारणाओं को बदलने तथा व्यापारी को आईएएस और सैनिकों की तरह सम्मान दिलाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में व्यापारी जोड़ो, सदस्यता एवं संपर्क अभियान शुरू किया गया है। लखनऊ के लालबाग क्षेत्र में लालबाग ऑटोमोबाइल एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसमें हरदीप सिंह मिंटू को प्रभारी बनाया गया है। एसोसिएशन में सहप्रभारी के रूप में सचिन जायसवाल, गोविंद अग्रवाल, बलजीत सिंह, परवेज अहमद, मेहरोत्रा एवं नवीन बलेचा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की पूर्ण इकाई का गठन अगले दो सप्ताह के भीतर कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महिला नगर अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री अनुज गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में व्यापारियों से संपर्क किया गया।

# थायरॉयड गांठ के मरीजों के इलाज में मिली सफलता

**लखनऊ।** पीजीआई के एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी विभाग ने डायरेक्ट एक्सेस माइक्रोवेव एब्लेशन (डीएएमए) तकनीक से अब तक दोनों ओर थायरॉयड गांठ वाले सात चयनित मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है। सभी मरीजों की सर्जरी पूरी तरह सफल रही। ऑपरेशन के बाद मरीजों की थायरॉयड कार्यक्षमता सामान्य बनी रही। यह तकनीक भविष्य में ऐसे मरीजों के लिए बेहतर विकल्प बन सकती है।

यह तकनीक पीजीआई के एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जरी विभाग में डॉ. सबारेत्नम मयिलवगनन के नेतृत्व में विकसित की गयी है, इसमें सर्जरी और माइक्रोवेव एब्लेशन को एक साथ जोड़ा गया है। प्रक्रिया के दौरान जिस तरफ बड़ी गांठ होती है, उस हिस्से की सर्जरी की जाती है। जबकि दूसरी तरफ की सौम्य गांठ को उसी ऑपरेशन के दौरान माइक्रोवेव एब्लेशन से नष्ट किया जाता है।

डा. सबारेत्नम ने बताया कि पारंपरिक टोटल थायरॉयडेक्टॉमी में पूरी थायरॉयड ग्रंथि निकालनी पड़ती है, जिससे मरीज को जीवनभर थायरॉक्सिन दवा लेनी पड़ सकती है। डीएएमए तकनीक का मकसद थायरॉयड के स्वस्थ हिस्से को बचाकर उसकी सामान्य कार्यक्षमता बनाए रखना है। यह तकनीक आधुनिक एंडोक्राइन सर्जरी और इमेज-गाइडेड माइक्रोवेव एब्लेशन का प्रभावी समन्वय है। ओपन सर्जरी के दौरान माइक्रोवेव प्रोब को अधिक सटीकता से लगाया जा सकता है।

# राहुल गांधी 8 को प्रयागराज में करेंगे 'छात्र संवाद'

**लखनऊ।** लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी 8 अगस्त को प्रयागराज में आयेंगे। वहां के केपी ग्राउंड में 'छात्र संवाद' करेंगे। इस दौरान वह शिक्षा घोटालों और रोजगार जैसे मुद्दों पर छात्रों से संवाद करेंगे। राहुल गांधी के कार्यक्रम में पूर्वांचल के कई जिलों से छात्रों के शामिल होने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि छात्र संवाद के लिए डेढ़ लाख से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया। यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को तैयारियों की समीक्षा करेंगे। प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस संगठन टीम जुटी हुई है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी युवाओं से संवाद कर भाजपा सकरार की खामियां गिनाते हुए छात्रों को अपने पक्ष में करने की कवायद करेंगे।

# वाल्व रोग से पीड़ितों के लिए रॉस ऑपरेशन नयी उम्मीद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- **हृदय वाल्व रोगों का प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव**
- **पीजीआई में सीवीटीएस विभाग का स्थापना दिवस समारोह**

**लखनऊ।** एओर्टिक वाल्व रोग से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए रॉस ऑपरेशन नयी उम्मीद है। इस तकनीक से खराब वाल्व हटाकर पल्मोनरी वाल्व लगाया जाता है। लंबे समय में बेहतर परिणाम मिलने की संभावना रहती है। आधुनिक सर्जरी तकनीकों अब पहले से अधिक सुरक्षित और प्रभावी हो रही है।

पीजीआई के कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जरी (सीवीटीएस) विभाग का स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मना गया। विभागाध्यक्ष डा. एसके अग्रवाल ने कहा कि एओर्टिक रूट एनलार्जमेंट में दिल की मुख्य रक्त वाहिका के शुरूआती हिस्से को बड़ा किया जाता है।

वहीं एओर्टिक रूट रिप्लेसमेंट में खराब वाल्व के साथ एओंटा का क्षतिग्रस्त हिस्सा भी बदला जाता है। डा. शांतनु पांडेय के अनुसार एओर्टिक रूट एनलार्जमेंट से छोटे एओर्टिक रूट वाले मरीजों में उपयुक्त आकार का वाल्व लगाया जा सकता है। वहीं एओर्टिक रूट रिप्लेसमेंट में वाल्व के साथ एओर्टा की जड़ भी बदली जाती है। कार्यक्रम में डा. प्रसन्ना सिम्हा ने स्मृति व्याख्यान दिया। डा. राकेश नायक, डा. बुद्धादित्य चक्रवर्ती, डा. प्रदीप नारायण और डा. रविंदर सिंह राव ने आधुनिक वाल्व उपचार तकनीकों पर अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि एम्स नई दिल्ली के डा. वी देवगुरु रहे।

समारोह में डा. पीके मित्तल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। डॉ. ललित कपूर को आउटस्टैंडिंग एलुमनाई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# जनेश्वर इंक्लेव अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए को हैण्डओवर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने जानकीपुरम योजना स्थित जनेश्वर इंक्लेव अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफयर एसोसिएशन को हैंडओवर कर दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को आर0डब्ल्यू0ए के पदाधिकारियों को कार्यालय में आमंत्रित करके हैंडओवर पत्र सौंपा गया। एलडीए के उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि जानकीपुरम योजना के सेक्टर-जे (विस्तार) में स्थित जनेश्वर इंक्लेव अपार्टमेंट में 05 टावरों में कुल 525 फ्लैट हैं। निर्माण पूर्ण होने से लेकर अब तक अपार्टमेंट में अनुरक्षण का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा था। जिसके सम्बंध में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अनुरक्षण कार्यों का हैंडओवर आरडब्ल्यूए के पक्ष में करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में अपार्टमेंट में रहने वाले आवंटियों के मध्य चुनाव कराकर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने शहर को स्वच्छ और हरित बनाने के अभियान के तहत शनिवार को जोन-7 स्थित कुकरैल बांध रोड पर विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया। अभियान के दौरान मुख्य मार्ग, डिवाइडर और फुटपाथों की व्यापक सफाई कराई गई तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण भी किया गया। नगर निगम के निर्देशन में लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय राय और जोनल अधिकारी विकास सिंह मौजूद रहे। अभियान के दौरान नगर निगम और एलएसए की टीमों ने कुकरैल बांध रोड पर सड़क, डिवाइडर और फुटपाथों की सफाई की। इसके अलावा यांत्रिक धुलाई कर सड़कों को साफ किया गया।

# भाजपा महानगर ने घोषित किये विधानसभावार संयोजक

- **हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए तय की गयी जिम्मेदारी**

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में शनिवार को हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर नियमित बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।



भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 5 अगस्त को हलवासिया कोर्ट में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें अभियान की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा होगी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए विधानसभावार संयोजकों की घोषणा भी की गई। पश्चिम विधानसभा के लिए चंद्र प्रकाश अवस्थी, मध्य विधानसभा के लिए आनंद कुमार पाण्डेय, पूर्व विधानसभा के लिए पंकज सक्सेना, सरोजनीनगर विधानसभा के लिए उमेश तिवारी, उत्तर विधानसभा के लिए लवकुश त्रिवेदी तथा कैंट विधानसभा के लिए लखनेंद्र पाल सिंह को संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा विशेष दायित्व भी सौंपे गए हैं। शहीद स्मारकों, शहीद एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं तथा ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता के लिए सीता नेगी एवं शैलेन्द्र राय डब्बू को संयोजक बनाया गया है। शहीदों के परिजनों से संपर्क एवं सम्मान की जिम्मेदारी मानवेन्द्र प्रताप सिंह को दी गई है। वहीं 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं मौन पदयात्रा के लिए कुसुम राजपूत एवं सतीश चंद्र मिश्रा को दायित्व सौंपा गया है। मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा के समन्वयक विनायक पांडेय एवं संयोजक मंडल अध्यक्ष तथा वार्ड स्तर पर समन्वयक अमित त्रिपाठी एवं संयोजक संबंधित पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी रहेंगे।

# आरआरबी ग्रुप-डी परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए का संचालन परीक्षा विशेष ट्रेन आज से

**लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी लेवल-1 (ग्रुप-डी) की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 05185/05186 मऊ-बरेली-मऊ अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचालन किया जाएगा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार के अनुसार 05185 मऊ-बरेली अनारक्षित परीक्षा विशेष 02, 03, 04, 05, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 24 अगस्त चलेगी। 05186 बरेली-मऊ अनारक्षित परीक्षा विशेष ट्रेन 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 17, 18, 19, 20, 21 एवं 25 अगस्त तक संचालन होगा। इस गाड़ी में 16 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे, इसमें सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 14 कोच और एसएलआर के 2 कोच शामिल हैं।

# शोकसभा में रोहित को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संगठन के केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को दिवंगत सदस्य स्वर्गीय रोहित की स्मृति में शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोकसभा के बाद संगठन की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारी राणा प्रताप के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनके लंबे सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की गई। बैठक के अंतिम चरण में 5 अगस्त 2026 को जलकल विभाग, अलीगंज जोन-3 स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय के प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। संगठन पदाधिकारियों ने आंदोलन को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से आयोजित करने की रणनीति तय की और सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

# एलपीएस में हुआ मेधावी छात्र अलंकरण समारोह

## कक्षा 12 में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक पाने वाले 174 मेधावी पुरस्कृत

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउन्डेशन) द्वारा सेक्टर-आई शाखा स्थित सीपी सिंह स्मृति सभागार में भव्य मेधावी छात्र अलंकरण समारोह-2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की कक्षा 12 में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 174 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं सलाहकार अजय पंत उपस्थित रहे। अतिथि देवो भवः का अनुपालन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक लोकेश सिंह ने मुख्य अतिथि अजय पंत और विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक समग्र शिक्षा डॉ. मुकेश कुमार सिंह को पौध भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शाखाओं से कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रमाण-पत्र, ट्राली बैग एवं धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इनमें वो मेधावी भी शामिल रहे जिन्होंने विभिन्न विषयों में पूर्णांक प्राप्त किया, उन्हें प्रति विषय धनराशि उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय की साउथ सिटी शाखा की छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज में गीत की सुंदर प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। वहीं जानकीपुरम शाखा के विद्यार्थियों ने समूह गीत व नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। अलंकरण समारोह के अंत में मुख्य अतिथि अजय पंत ने अभिभावक, बच्चों, सहित एलपीएस परिवार को इस अवसर पर बधाई दी। उन्होंने सभी मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि जीवन में कभी किसी चीज का घमंड न करें और भविष्य में असफलता का भी डट कर सामना करें। उन्होंने सीबीएसई में शत प्रतिशत परीक्षाफल आने पर विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक समग्र शिक्षा डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कभी भी दूसरों से अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए, बल्कि अपनी प्रगति की तुलना हमेशा खुद से करनी चाहिए।

अंत में विद्यालय के प्रबन्धक लोकेश सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्मृति-चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, शिक्षक समेत सभी मेधावियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# केजीएमयू में कैग की ऑडिट टीम की जांच शुरू, प्रशासनिक फैसलों पर भी नजर

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में वित्तीय और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जांच शुरू हो गई है। कैग की टीम ने मशीनों की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और वित्तीय अभिलेखों का ऑडिट करना शुरू कर दिया है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की टीम फोकस आधारित कंप्लायंस ऑडिट के लिए विश्वविद्यालय पहुंच गई है। ऑडिट के दौरान मशीनों की खरीद, टेंडर प्रक्रिया, आय-व्यय का लेखा-जोखा, प्रशासनिक निर्णयों तथा अन्य वित्तीय अभिलेखों की विस्तार से जांच की जा रही है। चार अगस्त तक टीम केजीएमयू के अलग-अलग विभागों में जांच करेगी। कैग की ऑडिट टीम द्वारा खरीद-फरोख्त, टेंडर प्रक्रिया, मशीनों की खरीद, भुगतान, आय-व्यय और अन्य वित्तीय अभिलेख तलब किए जाने के बाद केजीएमयू के प्रशासनिक और वित्तीय विभागों में हलचल तेज हो गयी है। पुराने रिकॉर्ड जुटाने, फाइलों का मिलान करने और दस्तावेजों को व्यवस्थित करने का काम तेजी से चल रहा है। ऑडिट टीम विभिन्न वित्तीय प्रक्रियाओं और खरीद संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण कर नियमानुसार उनका सत्यापन करेगी। ऑडिट टीम विश्वविद्यालय में निर्धारित अवधि तक रहकर रिकॉर्ड का परीक्षण शुरू कर दिया है। जिसमें कई अहम तथ्य सामने आए हैं। इस दौरान जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी लिया जा सकता है। ऑडिट प्रक्रिया पूरी होने के बाद महालेखाकार कार्यालय अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा।

# संचारी रोगों की रोकथाम में सामुदायिक सहभागिता जरूरी

**लखनऊ।** संचारी रोग बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। शनिवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत मानसून सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी संचारी रोगों से बचाव हमारी प्राथमिकता विषय पर एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. विमला वेंकटेश द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में सामुदायिक सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण आधार है।

# सीएमएस के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**लखनऊ।** सीएमएस के तत्वावधान में मेधावी छात्र सम्मान समारोह शनिवार को सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इस समारोह में विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्रों, उनके माता-पिता एवं टीचर-गार्जियन को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीट परीक्षा में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाने वाले सीएमएस छात्र हर्षित वर्मा एवं विदिशा सिंह को एक-एक लाख रुपये के नगद पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अलावा, आईएससी (कक्षा-12) की प्रथम इंटर-कैम्पस कम्परेटिव परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप करने वाली सीएमएस राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा प्रन्या अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्रों के माता-पिता व उनके टीचर-गार्जियन का सम्मान रहा, जिसके अन्तर्गत तीनों मेधावी छात्रों हर्षित वर्मा, विदिशा सिंह एवं प्रन्या अग्रवाल की माताओं को फलों व फूलों से तौलकर एवं पिताजी व टीचर गार्जियन को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सीएमएस के विद्वान शिक्षकों को भी इस अवसर पर नगद पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके साथ ही, इण्टर-कैम्पस कम्परेटिव परीक्षा के टॉप टेन छात्रों, विभिन्न कैम्पस के टॉपर छात्रों एवं शैक्षणिक क्षेत्र में लखनऊ का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# ट्रेन से गिरकर बीटेक के छात्र की मौत

- **हरदोई जनपद के बिलग्राम निवासी शोभित राठौर ट्रेन से लखनऊ स्थित आ रहे थे इंजीनियरिंग कॉलेज**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह कॉलेज जा रहे बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र की चलती ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, हरदोई जनपद के बिलग्राम निवासी 21 वर्षीय शोभित राठौर शनिवार सुबह पैसेंजर ट्रेन से लखनऊ स्थित अपने इंजीनियरिंग कॉलेज जा रहे थे। ट्रेन जैसे ही रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कैथुलिया गांव के पास पहुंची, तभी खिड़की के समीप बैठे शोभित का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने छात्र के पास मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के आधार पर पहचान कर परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक के पिता मेवालाल राठौर ने बताया कि शोभित लखनऊ के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था और पढ़ाई के लिए नियमित रूप से ट्रेन से आवागमन करता था। उसकी असमय मृत्यु से परिवार गहरे सदमे में है। परिवार में पिता मेवालाल राठौर, माता सरिता राठौर, भाई विकास राठौर और बहन वंदना राठौर हैं। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणनायक ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**रेलकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान :** आलमबाग के शांतिपुरम में शुक्रवार देर शाम रेलवे के बिजली विभाग में तैनात 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि उसने महिला मित्र से वीडियो कॉल पर बात करते समय ही फंदा लगा लिया। युवती ने घटना देख तुरंत उसके दोस्तों को सूचना दी। दोस्तों ने दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने मोबाइल और कॉल डिटेल खंगालना शुरू कर दिया है।

शांतिपुरम निवासी रोहित प्रजापति को पिता स्व. राममिलन प्रजापति के निधन के बाद मृतक आश्रित कोटे पर रेलवे में नौकरी मिली थी। परिवार के अन्य सदस्य चिनहट सतरिख रोड पर रहते हैं, जबकि रोहित नौकरी के चलते आलमबाग में अकेले किराए पर रहता था और छुट्टी में घर जाता था। भाई लकी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम घटना की जानकारी मिली। जब तक परिजन अस्पताल पहुंचे, रोहित की मौत हो चुकी थी। लकी ने कहा कि वह अभी रोहित के कमरे पर नहीं गया है, इसलिए सुसाइड नोट या अन्य कोई जानकारी नहीं है। परिजनों, दोस्तों और महिला मित्र के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## शौच को गयी मासूम की सांप के डसने से मौत

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अहमदाबाद कटौली गांव में शौचालय के अभाव में खुले में शौच के लिए गई पांच वर्षीय बच्ची की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का कहना है कि यदि उनके घर में शौचालय होता तो यह हादसा टल सकता था।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रिंकू की पांच वर्षीय पुत्री जागृति शनिवार सुबह करीब छह बजे घर के पास खुले में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक जहरीले सांप ने उसके दाहिने हाथ में डस लिया। सांप के काटते ही बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। वह किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। मृतका के पिता रिंकू ने बताया कि उनके घर में आज तक शौचालय का निर्माण नहीं हो सका और उन्हें किसी सरकारी योजना के तहत इसका लाभ भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसी कारण परिवार के सभी सदस्य खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

## हत्या के मामले में प्रधान पति सहित सात गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोसाईंगंज में मजदूर आजाद की हत्या के मामले में नामजद आरोपी प्रधानपति समेत सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार की रात को नाली के विवाद को लेकर हुए झगड़े में आजाद की कर हत्या कर दी गई थी जबकि उसकी पत्नी अंजू व दो अन्य पड़ोसियों सूरज और को भी पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया गया था जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद से गांव का माहौल तनावपूर्ण होने के चलते गांव में पीएसी की तैनाती कर दी गई है साथ ही थाने की पुलिस भी लगातार गश्त कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात नाली से पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान आजाद(38) गंभीर रूप से घायल हो गया था उसकी इलाज के दौरान गोसाईगंज सीएचसी पर मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी अंजू की तहरीर पर पुलिस ने 16 नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों प्रधान पति हसीब, चंद्रिका,रामसूचित, अभिषेक, सुमित, अमित, राजकरण, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित की गई पुलिस की टीमें दबिश दे रही है। एसएचओ प्रभात कुमार शुक्ला ने बताया कि गाव का माहौल शांत होने के बाद गांव से पीएसी को वापस बुला लिया गया है। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम होकर न आ पाने के चलते अभी तक अंतिम संस्कार नही किया जा सका है।

**प्रधानी के चुनावों से जोड़ी जा रही घटना :** रसूलपुर टिकनिया मऊ गांव में नाली के विवाद को लेकर हुई हत्या को कुछ लोग आगामी प्रधानी चुनावों से भी जोड़कर देख रहे हैं क्योंकि लोगों का कहना है कि मृतक आजाद पूर्व प्रधान अब्दुल कवि के साथ रहता था, जबकि दूसरा पक्ष वर्तमान प्रधान इरम के पति मो हसीब के साथ है।

## गाड़ी टकराने के बाद जानलेवा हमले का आरोप

**लखनऊ।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में सड़क पर टकराने के बाद पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित नीरज जायसवाल ने थाना गोसाईगंज में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दुर्घटना के बाद आरोपी पक्ष ने उनके साथ अभद्रता, मारपीट और लूटपाट की तथा उनकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर के अनुसार नीरज जायसवाल के पिता सत्यनारायण जायसवाल स्कॉर्पियो (BR01FY0346) से चालक कृष्ण कुमार राय के साथ बिहार से दिल्ली जा रहे थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर पहले उनकी गाड़ी पंचर हो गई, जिसके बाद चालक ने वाहन सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार (UP76 AT 4130) ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी।



पालिटेक्निक चौराहे पर ड्यूटी में तैनात होमगार्ड ओम प्रकाश दीक्षित के रिटायरमेंट पर माला पहनाकर सम्मानित करते टीएसआई रोज अली व दीवान संजय कुमार गौतम।

## पेड़ धरती की धड़कन हैं : राजीव मिश्रा



**लखनऊ।** एसकेडी स्कूल लखनऊ के राजाजीपुरम में पौधारोपण संकल्प में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आहवाहन पर स्कूल के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका शुभारम्भ भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने किया गया। इस कार्यक्रम में राजीव मिश्रा ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर हम कम से कम एक पेड़ लगाएं औरउसकी देखभाल करें। जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। इस अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## शाइन सिटी के डायरेक्टर व भाई पर मुकदमा

**लखनऊ।** गाजीपुर के दुल्लहपुर निवासी राम आशीष यादव ने शाइन सिटी के डायरेक्टर राशिद नसीम और भाई आसिफ के खिलाफ 6 लाख की ठगी की एफआईआर गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई। पीड़ित ने 2018 में प्लॉट बुक कराया था। प्लॉट न देने पर 12 लाख लौटाने का वादा किया था। पुलिस जांच कर रही है।

## दो घरों में लाखों की चोरी

**लखनऊ।** चोरों ने हजरतगंज और गाजीपुर इलाके में दो घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवर और नकदी चोरी कर ली। दोनों पीड़ितों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हजरतगंज के शाहनजफ रोड निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि 26 जुलाई की रात दो चोर छत के रास्ते घर में घुसे और जेवर व चांदी का सामान चुरा ले गए। सुबह जानकारी हुई। गाजीपुर निवासी संजय श्रीवास्तव 26 जुलाई को परिवार संग महाकाल गए थे। 30 जुलाई को परिचित संदीप तिवारी ने चोरी की सूचना दी। लौटकर शिकायत दी। दोनों थानों के इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## खजूर के गोदाम में लगी आग, लाखों की क्षति

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चौक थाना क्षेत्र में शनिवार को बेसमेंट में बनाये गए खजूर केगोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मचगयी। सूचना पाकरचौक फायर स्टेशन से दमकलकर्मी पहुंचे और आगपर काबू पाया। आगसे लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया।

शनिवार दोपहर लगभग 1.00 बजे चौक फायर स्टेशन को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र दुबग्गा अंतर्गत मछली मार्केट के पास खजूर के गोदाम में बेसमेंट में आग लगी है। सूचना पाते ही चौक स्टेशन से तीन दमकल प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चौक के साथ मौके पर रवाना हुई मौके पर पहुंचकर देखा कि आग बरावन कलॉ में यूनिटी कॉलेज के सामने बानी बिल्डिंग के बेसमेंट में स्थित खजूर गोदाम में लगी थी। आग की गंभीरता को देखते हुए एक और दमकल चौक, हजरतगंज व बीकेटी से बुलाई गयीं।

इस तरह कुल छह दमकल मौके पर भेजी गईं तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल और बीकेटी अग्निशमन अधिकारी प्रशांत भी घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर आग के कारण बेसमेंट से बहुत घना तथा जहरीला धुंआ निकल रहा था, जिस कारण सीधे किसी का अंदर जाना संभव नहीं हो पा रहा था। इसे देखते हुए एक टीम को बीए सेट पहनकर अंदर भेजा गया, जिससे लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक़्क़त के बाद आग को काबू पा लिया गया। आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है

बिल्डिंग ठाकुरगंज के बालागंज मरी माता मंदिर निवासी शशांक यादव की है, जिसके बेसमेंट में 463/4 क हाता मिर्जा अली खां हुसैनाबाद थाना ठाकुरगंज निवासी सैय्यद इख़्तिखार रजा आब्दी किराए पर लेकर खजूर पैकिंग का काम कर रहे है। आग बिजली मशार्ट सर्किट से लगना प्रतीत होता है। आग से डीप फ्रीजर समेत खजूर जल गया तथा पैकिंग मशीन और उसमे प्रयोग होने वाला सामान जल गया है।

## गाय के हमले में घायल हुई बच्ची की हालत स्थिर

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के सरसवां गांव में शुक्रवार की शाम को गाय के हमले से 8 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हमले के समय बच्ची मोहल्ले में खेल रही थी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह गाय को भगाकर बच्ची की जान बचाई। जानकारी के मुताबिक सुशान्त गोल्फ सिटी के सरसवां सरसवां गांव निवासी सिनोद कुमार की पुत्री आठ वर्षीय सुनैना शुक्रवार की शाम घर के बाहर ही खेल रही थी। इसी दौरान एक गाय ने अचानक उस पर हमला कर दिया। सुनैना के चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मसक्कत के बाद गाय को भगाया।



घटना में घायल सुनैना को पहले परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बच्ची की हालत को देखते हुए उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के बाद शनिवार को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत पहले से अब बेहतर है। सिनोद कुमार मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। गांव में छुट्टा जानवरो को लेकर दहशत का माहौल है।

## नवयुग महाविद्यालय की शिक्षिका सम्मानित

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा अग्रवाल को लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में 'टीचर एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदान किया। डॉ. अग्रवाल को यह सम्मान उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य, प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोधपत्रों, अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों एवं संपादित ग्रंथों, पेटेंट, नवाचार, उत्कृष्ट अध्यापन, संस्थागत विकास तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. अग्रवाल की यह उपलब्धि नवयुग कन्या महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध संस्कृति का प्रतीक मानी जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय एवं समस्त शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. अग्रवाल भविष्य में भी शिक्षा, अनुसंधान एवं समाज सेवा के क्षेत्र में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करती रहेंगी और संस्थान का गौरव बढ़ाती रहेंगी।



## छात्र आदित्य को मिला गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में वेस्टर्न हिस्ट्री विभाग के छात्र आदित्य वशिष्ठ को 'पंडित दिवाकर नाथ मिश्र गोल्ड मेडल' से सम्मानित किया गया। आदित्य ने एमए वेस्टर्न हिस्ट्री में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति जेपी सैनी एवं अन्य गणमान्य जन शामिल हुए। आदित्य वशिष्ठ ने बताया कि इस मेडल का श्रेय मेरे माता-पिता और शिक्षकों को जाता है।

## जालसाजों ने पांच खातों से उडाये 4.41 लाख

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक बैंक खाताधारक के खाते से साइबर जालसाजों ने पांच ट्रांजेक्शन कर खाते से 4,41 लाख रुपए पार कर लिया। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित पटेल नगर निवासी तुषार चटर्जी पुत्र स्व बी सी चटर्जी के अनुसार वह केनरा बैंक हजरतगंज शाखा में खाताधारक है। आरोप है कि बीते 11 जून की सुबह करीब 10:21 बजे खाते से 99,999 निकासी का एक रटर मिला। तो उन्होंने ठगी का एहसास हुआ। जिसपर उन्होंने तत्काल बैंक के कॉल सेंटर पर फोन कर खाता फ्रीज कराने का अनुरोध किया, लेकिन बातचीत के दौरान ही तीन और ट्रांजेक्शन कर जालसाजों ने वढकमाध्यम से अलग-अलग पांच ट्रांजेक्शन कर कुल 4,41,178.96 की निकासी कर हडप लिया। जिसकी जानकारी उन्होंने साइबर सेल हेल्पलाइन नम्बर करने के बाद 31 जुलाई को बैंक स्टेटमेंट सहित साइबर हेल्पलाइन की रसीद के साथ स्थानीय आलमबाग कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया पीडित खाताधारक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## नक्सली संगठन माओवादी अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास व जुर्माना

**लखनऊ।** एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए प्रतिबंधित नक्सली संगठन माओवादी अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई गयी है। एटीएस उप्र द्वारा प्रतिबंधित नक्सली संगठन कम्युनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया(माओवादी) के सक्रिय सदस्य सुनील रविदास निवासी लक्ष्मणुर सोगाई, चन्दौली को प्रतिबंधित नक्सली संगठन (माओवादी) की युद्ध करने के उद्देश्य से गोला बारुद, आयुद्ध व प्रतिसिद्ध असलहों को एकत्र कर भारत सरकार के विरुद्ध यद्धु करने का आपराधिक षडयन्त्र करने के अपरध में 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से एक इंसास राइफल, 02 खाली मैगजीन, 5.56 बोर के 100 तजिन्दा कारतूस व निशानदेही पर 315 बोर की 02 रायफल, 03 एसएलआर की खाली मैग्जीन, 126 एसएलआर के कारतूस तथा 315 बोर की 193 कारतूस बरामद हुये थे।



## कांवड़ यात्रा : सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**लखनऊ।** पुलिस उपायुक्त दक्षिणी श्री मोह्न मुश्ताक द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज, राजेश कुमार सिंह के साथ श्रावण मास व आगामी त्योहारो को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। श्रावण मास के दृष्टिगत क्षेत्र में पड़ने वाले शिवालयों, कावड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

## ऑनलाइन सेवाओं से बदली आरटीओ की तस्वीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार से आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, परमिट, फिटनेस, टैक्स जमा करने, एनओसी, डुप्लीकेट आरसी तथा कई अन्य सेवाओं के लिए लोगों को बार-बार आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। अधिकांश प्रक्रियाएं ऑनलाइन होने से समय और धन दोनों की बचत हो रही है।



परिवहन विभाग ने डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करते हुए कई सेवाओं को फेसलेस बनाया है। आवेदन, दस्तावेजों का सत्यापन और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और दलालों की भूमिका भी काफी हद तक समाप्त हुई है। ऑनलाइन व्यवस्था का सबसे अधिक लाभ नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले वाहन मालिकों को मिल रहा है। वे अपने मोबाइल या कंप्यूटर से आवेदन की स्थिति देख सकते हैं और निर्धारित समय पर ही कार्यालय पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं। इससे आरटीओ कार्यालयों में भीड़ कम हुई है और कर्मचारियों को कार्यों के निस्तारण में सुविधा मिल रही है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करें और किसी भी कार्य के लिए अनधिकृत व्यक्तियों या दलालों के संपर्क में आने से बचें। नई व्यवस्था से आरटीओ की कार्यप्रणाली पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितैषी बनी है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियन्ता–तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ**

ई–निविदा सूचना : वि.आ.सं. 2257 : दिनांक : 30.07.2026

**निविदा सं एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 55/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत एल0टी0 अण्डर ग्राउण्ड एल0टी0 केबिल फाल्ट अटैण्ड का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 13,500.00
2. 56/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत सीढ़ी/ट्राली उपलब्ध कराने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 4500.00
3. 57/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त परिवर्तक को बदलकर अन्य परिवर्तक स्थापित करने सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8330.00
4. 58/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त परिवर्तक को बदलकर अन्य परिवर्तक स्थापित करने सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8330.00
5. 59/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 गोमती नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र एस0टी0/पी0सी0सी0 पोलों को बदलने, एस0टी0 पोलो को मरम्मत करवाने एवं लाइनों के मेंटीनेंस का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8450.00
6. 60/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के0वी0 एण्ड एल0टी0 इन्दिरा नगर, लखनऊ के कार्यक्षेत्र एस0टी0/पी0सी0सी0 पोलों को बदलने, एस0टी0 पोलो को मरम्मत करवाने एवं लाइनों के मेंटीनेंस का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 8450.00
7. 61/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 33 गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में 33 के0वी0 एच0टी0 विद्युत लाइनों के पास लगे पेड़ों की शाखाओं की कटाई–छटाई का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00, धरोहर राशि रू0 6,000.00
8. 62/SE(T)/GNZ/2026-27, सहायक अभियन्ता, 33 के0वी0 गोमती नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित पावर परिवर्तकों की टेस्टिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 19500.00

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि** : 14.08.2026 को 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

## डीजीपी ने हर सप्ताह वीकेंड प्रशिक्षण टारगेट लागू करने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने पुलिस बल में नियमित प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन एवं कौशल उन्नयन को और अधिक संस्थागत, परिणामोन्मुख एवं सतत बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह विकेंड प्रशिक्षण टारगेट

लागू करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुलिसबल की व्यावसायिक दक्षता, क्षमता निर्माण एवं सुशासन आधारित आधुनिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के विजन के अनुरूप प्रारम्भ की गई है।


इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में गठित कैपेसिटी बिल्डिंग यूनिट द्वारा भारत सरकार के आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की जा रही है। इसका उद्देश्य प्रत्येक पुलिसकर्मी को नवीनतम विधिक, तकनीकी, प्रबंधकीय एवं व्यावसायिक दक्षताओं से निरंतर अद्यतन रखते हुए एक सक्षम, दक्ष, उत्तरदायी एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार पुलिस बल का निर्माण करना है।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक सप्ताह आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध उपयोगी एवं विषय-विशेष आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का चयन किया जाए। चयनित पाठ्यक्रमों को प्रत्येक सप्ताह विकेंड ट्रेनिंग टारगेट के रूप में समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा नियमित ड्यूटी को प्रभावित किए बिना सप्ताहांत में शनिवार एवं रविवार के दौरान पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक सोमवार सप्ताहांत में सम्पन्न प्रशिक्षण की प्रगति, सहभागिता एवं अनुपालन की समीक्षा की जाएगी।

## मध्यांचल में संविदाकर्मियों की कोडिंग व्यवस्था लागू

- **कार्यप्रणाली होगी अधिक पारदर्शी**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) ने संविदा कर्मियों के कार्यों की निगरानी और व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नई कोडिंग व्यवस्था लागू कर दी है।

इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक संविदाकर्मी को एक यूनिक कोड प्रदान किया जाएगा, जिससे उसकी तैनाती, कार्यक्षेत्र, उपस्थिति और कार्यों का डिजिटल रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध रहेगा। निगम प्रबंधन का कहना है कि नई प्रणाली लागू होने से संविदाकर्मियों के विवरण का केंद्रीकृत डाटा तैयार होगा और किसी भी कर्मचारी की तैनाती, स्थानांतरण अथवा कार्यों की समीक्षा ऑनलाइन की जा सकेगी। इससे फर्जी नियुक्तियों पर रोक लगाने के साथ-साथ कार्यों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

अधिकारियों के अनुसार, कोडिंग व्यवस्था लागू होने से संविदाकर्मियों के भुगतान, उपस्थिति सत्यापन और अनुबंध संबंधी प्रक्रियाओं में भी पारदर्शिता आएगी। साथ ही, विभिन्न जिलों में कार्यरत संविदाकर्मियों की वास्तविक संख्या और तैनाती का सटीक ब्यौरा उपलब्ध रहेगा।

निगम ने सभी अधीक्षण अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर संविदाकर्मियों की कोडिंग प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन का मानना है कि इस व्यवस्था से मानव संसाधन प्रबंधन बेहतर होगा और उपभोक्ताओं को बिजली सेवाएं अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## बिजली कंपनियों में नियमित भर्ती शुरू करने की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश की बिजली कंपनियों में छह वर्षों से नियमित भर्ती नहीं होने पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी स्वीकृत रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। परिषद का कहना है कि प्रदेश में करीब 3.80 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं, जबकि उनकी तुलना में नियमित कर्मचारियों की संख्या बेहद कम है।

इसका सीधा असर उपभोक्ता सेवाओं, बिजली आपूर्ति के संचालन और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर पड़ रहा है। परिषद ने यह मुद्दा ऊर्जा की सर्वोच्च राज्य सलाहकार समिति की बैठक में भी उठाया। परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान में बिजली कंपनियों में केवल करीब 26 हजार नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि पिछले लगभग छह वर्षों से कोई नियमित भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सार्वजनिक सेवा में प्रशिक्षित नियमित कर्मचारियों की पर्याप्त उपलब्धता जरूरी है।

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि नियमित भर्ती नहीं होने से कर्मचारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिषद ने सरकार से मांग की है कि बिजली कंपनियों के सभी स्वीकृत रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित भर्ती कराकर विद्युत व्यवस्था को मजबूत किया जाए और करोड़ों उपभोक्ताओं को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

# हर परफॉर्मेंस के बाद खुद को फिर से साबित करना पड़ता है : ज्योतिर्मयी नायक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इंडियन आइडल सीजन 16' की विजेता विनर ज्योतिर्मयी नायक ने अपनी शानदार गायकी से पूरे देश का दिल जीत लिया. सीजन के दौरान उन्होंने कई यादगार परफॉर्मेंस दीं और जजों के साथ-साथ दर्शकों की भी खूब तारीफें बटोरीं. अपनी जीत के बाद उन्होंने मीडिया से बात की, जहाँ उन्होंने अपनी जीत, यादगार पलों, ग्रैंड फिनाले की तैयारी, प्रेरणा, जजों से मिले सुझाव और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की. पेश हैं इस बातचीत के प्रमुख अंश....।

**'इंडियन आइडल सीजन 16' की विनर बनने के बाद आपकी पहली फीलिंग क्या थी ?**

सच कहूं तो यह एहसास शब्दों में बयां करना मुश्किल है। देश के सबसे लंबे चले 'इंडियन आइडल' सीजन की विजेता बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है. मैं बेहद खुश हूं और दिल से उन सभी लोगों की आभारी हूं, जिन्होंने इस पूरे सफर में मेरा साथ दिया। वह पल मेरे लिए बेहद भावुक और यादगार था. जैसे ही ट्रॉफी मेरे हाथ में आई, मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि मैंने यह मुकाम हासिल कर लिया है. मेरे मन में सिर्फ खुशी, गर्व और भगवान के प्रति कृतज्ञता का भाव था. लेकिन शुरूआत में थोड़ी घबराहट भी थी, क्योंकि यह सब राष्ट्रीय टेलीविजन पर हो रहा था. लेकिन वही पल मेरी जिंदगी की सबसे खूबसूरत यादों में से एक बन गया, जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगी।

**इंडियन आइडल का कौन-सा पल आपके लिए हमेशा यादगार रहेगा ?**

मेरे लिए इस शो का हर पल खास है. किसी एक पल को चुनना मुश्किल है. हर एपिसोड के पीछे एक लंबी तैयारी होती थी. पहले हम गाना शुरू से सीखते थे, फिर पहली और दूसरी रिहर्सल करते थे. उसके बाद अपने मेंटर आनंद सर से पूछते थे कि गाना सही जा रहा है या नहीं. फिर टेक्निकल रिहर्सल होती थी और आखिर में स्टेज पर परफॉर्मेंस देकर जजों के कमेंट्स मिलते थे. यह पूरा सफर हर एपिसोड में दोहराया जाता था. निंबूडा- निंबूडा, 'सोनी मेरी सोनी', 'रात बाकी बात बाकी' और 'हंगामा हो गया' जैसे गाने मेरे लिए हमेशा यादगार रहेंगे।

**क्या कभी ऐसा लगा कि इस बार परफॉर्मेंस उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई ?**

हां, कई बार ऐसा महसूस हुआ. हर दिन एक जैसा नहीं होता. कभी-कभी हम जैसा सोचते हैं, वैसा परफॉर्म नहीं कर पाते. लेकिन मैंने सीखा कि निराश होने के बजाय अगले मौके पर बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए।

**जजों के फीडबैक ने आपके सफर में कितना योगदान दिया ?**

कई बार तारीफ ने मोटिवेट किया और कई बार आलोचना से भी सीख मिली. मैं हमेशा अपनी कमियों पर काम करने की कोशिश करती थी. मैंने हर फीडबैक को सकारात्मक तरीके से लिया और उसी से खुद को बेहतर बनाया।

**श्रेया घोषाल और हेमा मालिनी जैसी हस्तियों से तारीफ मिलना कितना खास था ?**

श्रेया मैम काफी समय बाद शो में आई थीं, इसलिए उनके सामने गाना गाना हमारे लिए बहुत बड़ा टास्क था. लेकिन जब उन्होंने मेरी तारीफ की तो मुझे बहुत खुशी हुई. हेमा मालिनी मैम और बादशाह सर से भी मुझे ढेर सारा प्यार और सराहना मिली. यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**ग्रैंड फिनाले की तैयारी कितनी चुनौतीपूर्ण रही ?**

ग्रैंड फिनाले की तैयारी काफी मुश्किल थी. हमें बहुत कम समय में चार गाने तैयार करने थे. टॉप-6 के सभी कंटेस्टेंट बहुत मजबूत थे, इसलिए मुकाबला भी काफी कड़ा था. लेकिन हम सभी पूरी मेहनत और उत्साह के साथ तैयारी कर रहे थे. अच्छी बात यह रही कि हमारी मेहनत रंग लाई और जजों ने भी खूब सराहा।

**इस पूरे सफर की सबसे बड़ी सीख क्या रही ?**

मैंने सीखा कि चाहे परफॉर्मेंस कितनी भी अच्छी क्यों न हो, उसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना जरूरी है. अगर आप पुरानी सफलता में ही रुक जाएंगे, तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे. विनर बनने के बाद जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि अब सभी की उम्मीदें आपसे जुड़ जाती हैं।

## रासलीला में भक्त मीरा की भक्ति ने किया भावविभोर



**लखनऊ।** डालीगंज स्थित बंदी माता स्थान में आयोजित 44वें वार्षिक उत्सव के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा वाचिका रोली शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने केवल रुक्मिणी जी से ही नहीं, बल्कि 16,100 राजकुमारियों का उद्धार कर उन्हें सम्मानपूर्वक स्वीकार किया। इससे भगवान की करुणा, लोककल्याण और सर्वव्यापकता का संदेश मिलता है। रात्रि में आयोजित रासलीला में भक्त मीरा के जीवन प्रसंग का मार्मिक मंचन किया गया। मीरा की श्रीकृष्ण के प्रति अटूट भक्ति, समर्पण और विरक्ति की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, आचार्य नागेश्वर प्रसादाचार्य एवं डॉ. गीता वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आचार्य ज्ञानप्रकाश मिश्र, संकल्पनन्द विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कैलाश शर्मा, आचार्य मनोज तिवारी, उपासिकाव्रज भूषण आचार्य तथा आयुष विश्वास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सावन की संकष्टी चतुर्थी व्रत आज, सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी बप्पा की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सनातन धर्म में सावन का महीना और संकष्टी चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश और शिवजी की कृपा पाने के लिए खास माना जाता है। इस बार अगस्त के महीने में पड़ने वाली सावन संकष्टी चतुर्थी कई मायनों में खास होने वाली है। दिक्र पंचांग के अनुसार इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यता है कि इस योग में अगर सही विधि और सच्ची श्रद्धा के साथ पूजा की जाए तो सारी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। पंचांग के अनुसार इस साल सावन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी की शुरूआत 1 अगस्त से हो जाएगी। तिथि के आरंभ होने का समय रात में 11:07 बजे है। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 2 अगस्त को होगा। तिथि के समापन का समय 11:15 बजे है। ऐसे में उदयातिथि और चंद्रोदय के टाइम को ध्यान में रखते हुए सावन संकष्टी चतुर्थी 2 अगस्त को मनाई जाएगी।

**संकष्टी चतुर्थी पूजा का शुभ मुहूर्त:** अगर आप सावन संकष्टी चतुर्थी का व्रत रख रहे हैं और भगवान गणेश जी की पूजा सही मुहूर्त में करना चाहते हैं तो सुबह 7:24 बजे से दोपहर 12:27 बजे तक का समय सबसे शुभ होगा। इसके अलावा भी पूजा के कई शुभ मुहूर्त रहेंगे। जो लोग बिजनेस में ग्रोथ चाहते हैं वो लोग सुबह 09:05 से 10:46 बजे तक पूजा करेंगे तो शुभ माना जाएगा। वहीं इस दिन अमृत मुहूर्त सुबह 10:46 से लेकर 12:27 बजे तक तक होगा सावन संकष्टी चतुर्थी की पूजा के लिए इसे सबसे शुभ माना जाता है। इसके अलावा ब्रह्म और अभिजीत मुहूर्त में भी इस दिन पूजा कर सकते हैं। पंचांग के हिसाब से इस दिन चंद्रोदय का समय थोड़ा लेट होगा। चांद रात में 9:24 के आसपास निकलेगा। मान्यता है कि संकष्टी चतुर्थी की पूजा और व्रत चंद्रमा को अर्घ्य दिए बिना पूरा ही नहीं होता है।

**सावन संकष्टी चतुर्थी की पूजा विधि:** इस दिन सुबह स्नान करके साफ कपड़े पहन लें। भगवान गणेश की पूजा और व्रत के लिए संकल्प लें। शाम में पूजा घर में चौकी पर लाल वस्त्र बिछा लें। यहां पर गणेश भगवान की मूर्ति या फिर तस्वीर की स्थापना करें। दीया और धूप जलाएं। गणेश जी को रोली-चंदन का तिलक करें। फूल अर्पित करें। मोदक या फिर लड्डू का भोग लगाएं। इस पूजा में दुर्वा अर्पित करना ना भूलें। पूजा के बाद आप संकष्टी चतुर्थी की कथा पढ़ लें और आरती करें। इसके बाद रात में जब चंद्रमा निकलें तो लोटे में जल लें। इसमें थोड़ा सा दूध, अक्षत और फूल मिलाएं। इससे चंद्रमा को अर्घ्य दें। प्रसाद ग्रहण करके व्रत खोलें और लोगों को भी दें।

## शनि की कुंभ राशि में लगेगा रक्षाबंधन का चंद्रग्रहण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रक्षाबंधन पर चंद्रग्रहण लग रहा है। जब चंद्र ग्रहण लगेगा तो चंद्रमा शनि की कुंभ राशि में होंगे। ऐसे में इस ग्रहण का रक्षा बंधन पर क्या असर होगा। क्या राखी बांधन के समय में इसके कारण बदलाव किया जाएगा। यहां इसके बारे में जानें। रक्षा बंधन का मतलब होता है सावन मास का समापन, यह 28 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के साथ होगा।

सावन मास भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित माना जाता है। पहले सावन की बात कर लेते हैं। इस साल सावन का पावन माह 30 जुलाई से शुरू होगा। कहा जाता है कि जब देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन किया गया था, तो इससे निकले हलाहल विष से सृष्टि को बचाने के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण किया।

विष के प्रभाव को शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने उन पर जल अर्पित किया। तभी से सावन में शिवलिंग पर जल और बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। इस साल सावन में दो ग्रहण पड़ रहे हैं। इनमें एक सूर्य ग्रहण और एक चंद्रग्रहण। पहला सूर्य ग्रहण अमावस्या के दिन पड़ रहा है और दूसरा चंद्रग्रहण सावन के अंतिन दिन पूर्णिमा पर पड़ रहा है। सावन अमावस्या 12 अगस्त को है और सावन पूर्णिमा 29 अगस्त को है।

दूसरा चंद्र ग्रहण -सुबह 6 बजकर 53 मिनट से शुरू होकर दोपहर 12 बजकर 31 मिनट तक ग्रहण लगेगा। चंद्रग्रहण ऐसे समय में लग रहा है जब भारत में दिन होगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका धार्मिक तौर पर यह मान्य नहीं होगा। इसलिए इसका सूतक काल भी नहीं माना जाएगा।

इसलिए इस दौरान रक्षा बंधन पर राखी बांधने का भी कोई समय का असर नहीं होगा। पूरे दिन किसी भी समय राखी बांध सकते हैं। इसलिए इस ग्रहण का असर ज्योतिषिय दृष्टि से तो होगा, लेकिन धार्मिक दृष्टि से इस पर कोई असर नहीं माना जाएगा। इसलिए इस ग्रहण का राशियों पर तो असर होगा, लेकिन इस ग्रहण का धार्मिक तौर पर कोई असर मान्य नहीं होगा।

## फिक्की फ्लो ने स्वस्थ खान-पान के दिए व्यावहारिक टिप्स



लखनऊ। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बढ़ती लाइफस्टाइल बीमारियों के बीच यदि कोई आदत सबसे अधिक जरूरी है, तो वह है पैक्ड खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसका लेबल पढ़ना। यही संदेश लेकर देशभर में 'फूड फार्मर' के नाम से पहचान बना चुके न्यूट्रिशन अवेयरनेस एक्टिविस्ट रेवंत हिम्मतसिंका शनिवार को फिक्की फ्लो लखनऊ के विशेष आमंत्रण पर शहर पहुंचे। होटल ताज में आयोजित न्यूट्रिशन अवेयरनेस सेशन में उन्होंने सदस्यों को स्वस्थ और जागरूक उपभोक्ता बनने के गुर सिखाए। फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन सिमरन साहनी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में रेवंत हिम्मतसिंका ने अपने लोकप्रिय अभियान 'लेबल पढ़ेगा इंडिया' का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी पैक्ड फूड का आकर्षक पैकेट या विज्ञापन नहीं, बल्कि उसका न्यूट्रिशन लेबल और इंग्रीडिएंट लिस्ट उपभोक्ता के निर्णय का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि लोग फूड लेबल पढ़ने की आदत विकसित कर लें तो मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सेशन के दौरान उन्होंने सरल भाषा में बताया कि किसी भी खाद्य उत्पाद में एडेड शुगर, ट्रांस फैट, सैचुरेटेड फैट, सोडियम और विभिन्न फूड एडिटिव्स की पहचान कैसे करें और किन उत्पादों से दूरी बनाए रखना बेहतर है। उन्होंने कई प्रचलित पैक्ड खाद्य उत्पादों के उदाहरण देते हुए बताया कि उपभोक्ता अक्सर आकर्षक दावों के कारण भ्रमित हो जाते हैं, जबकि सही जानकारी उत्पाद के लेबल पर ही उपलब्ध होती है। फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन सिमरन साहनी ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में जागरूक उपभोक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि रेवंत हिम्मतसिंका की शोध आधारित प्रस्तुति ने सदस्यों को भोजन से जुड़े अनेक मिथकों और भ्रामक मार्केटिंग दावों की वास्तविकता से परिचित कराया। यह सत्र केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए विभिन्न सवाल पूछे, जिनका रेवंत हिम्मतसिंका ने सरल और तथ्यात्मक उत्तर दिया। प्रतिभागियों ने कहा कि अब वे पैक्ड खाद्य पदार्थ खरीदते समय केवल ब्रांड या विज्ञापन पर नहीं, बल्कि उसके पोषण संबंधी तथ्यों पर भी ध्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निकिता गर्ग ने की। उनके कुशल समन्वय और सहयोग से यह जागरूकता सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मैया झूले चनन झूलनवा पवनवा चंवर डोलावे ना...

लखनऊ। गौरैया संस्कृति संस्थान के कार्यशाला की प्रस्तुतीकरण संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान सभागार में सायं 6 बजे से हुआ। संस्था की अध्यक्ष रंजना मिश्रा ने ने बताया किइस कजरी कार्यशाला में उन्होने 11 अलग-अलग प्रकारके कजरी सिखाई जैसे मिजार्पुरी, बारामासा, कृष्ण लीला वअवध की कजरी एवं कृष्ण जन्म के सोहर आदि वहीं प्रसिद्ध लोकगायिका इन्दिरा श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यशाला में सावन, कजरी नकटा सिखाया था। कार्यशाला की प्रस्तुतीकरण शुरूआत वीणा पाणि मइया...से की। तत्पश्चात मैया झूले चनन झूलनवा पवनवा चँवर डोलावे ना..., नटवर नंदलाल.., सावन ऋतु आय गई..आदि गीतो की। गौरैयी संस्कुति संस्थान द्वारा सावन की एक संगीत मई शुरूआत कर दिया गया। जेल विभाग के डी.जी.व डी.आई.जी मुख्य अतिथि के रूप में कजरी का आनंद लिए कार्यशाला में प्रतिमा त्रिपाठी, अल्पना श्रीवास्तव, नीलिमा सिंह, सुनीता निगम, आशा तिवारी, निशा पाठक, रीना सिंह, आभा श्रीवास्तव, सुनीता चौरसिया, सरिता अग्रवाल, वीना सक्सेना, अमिता दिवेदी, निकिता मिश्रा, प्रीती दिवाकर, सुषमा रस्तोगी, रंजना सिंह, भावना शुक्ला, अरुणा उपाध्याय, सीमा पाण्डेय कुमकुम मिश्रा, अनुराधा गुप्ता सहित 30 महिलाये आनलाईन व आफलाइन जुड़ी हैं। जिनमें बड़ा उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

# लखनऊ में सजेगी शास्त्रीय संगीत कथक व चित्रकला की महफिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड सीएसआर पहल के अंतर्गत साईं शिंजिनी अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स एंड कल्चर द्वारा लखनऊ में कथा रंग नामक शास्त्रीय संगीत, कत्थक नृत्य एवं चित्रकला की एक निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की औपचारिक घोषणा आज प्रेस क्लब, लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में की गई, जिसे अकादमी की अध्यक्षा अनीता कुलकर्णी ने संबोधित किया।

पत्रकार वार्ता में अनीता कुलकर्णी ने कहा कि कथा रंग जैसी पहलों का उद्देश्य वंचित एवं नवोदित प्रतिभाओं को भारतीय कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि अकादमी विगत नौ वर्षों में देश-विदेश के 900 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित कर चुकी है और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के सहयोग से लखनऊ के वंचित युवाओं तक यह अवसर पहुंचाना अकादमी के लिए गर्व की बात है। कार्यशाला 1 अगस्त से 6 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, सिटी स्टेशन, सुभाष मार्ग, लखनऊ में आयोजित होगी। 7 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के प्रतिभागी इसमें पूर्णतः निःशुल्क भाग ले सकते हैं। कार्यशाला का समापन 7 अगस्त को कला मंडपम सभागार, भातखंडे विश्वविद्यालय, कैसर बाग, लखनऊ में होगा।

**विशिष्ट मेंटर्स सिखाएंगे बारीकियां:** कार्यशाला में देश के तीन विशिष्ट कलाकार छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज की नातिन एवं शिष्या शिंजिनी कुलकर्णी अब तक 900 से अधिक छात्रों को कथक की शिक्षा दे चुकी हैं और फिल्मों में कथक नृत्य दृश्यों का निर्देशन भी कर चुकी हैं। भारत के प्रमुख कला महाविद्यालय से फाइन आर्ट्स में स्नातकोत्तर संजीब गोगोई को चित्रकला शिक्षण का 25 वर्षों से अधिक अनुभव है और उनकी यथार्थवादी पेंटिंग्स को विश्वभर में सराहना मिल चुकी है। वहीं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संगीतकार इकबाल हुसैन शास्त्रीय संगीत में 15 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं और देश-विदेश के मंचों पर प्रस्तुति दे चुके हैं। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों को देश के शीर्ष मेंटर्स से सीधे सीखने, छठे दिन भव्य समापन में शामिल होने और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ मंच साझा करने का अवसर मिलेगा। शास्त्रीय संगीत के दिग्गज कलाकारों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे, चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजकों का लक्ष्य नृत्य एवं चित्रकला दोनों ही क्षेत्रों में प्रत्येक में 100 छात्रों की नींव तैयार करना है, जिसके लिए प्रशिक्षक-प्रतिभागी पद्धति अपनाई गई है। साईं शिंजिनी अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स एंड कल्चर की स्थापना मई 2013 में हुई थी और यह चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, संगीत, नृत्य, थिएटर एवं योग जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देती है।

## भातखंडे : नशा मुक्त जीवन विषय पर प्रेरक व्याख्यान आयोजित



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में जन भवन, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार संचालित नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय परिसर में नशा मुक्त जीवन विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अत्यंत जागरूकतापूर्ण एवं संवादात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लखनऊ की पुलिस उपाधीक्षक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स डॉ. बीनू सिंह रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के तालवाद्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्रा द्वारा मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

अपने व्याख्यान में डॉ. बीनू सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने विशेष रूप से लिवर सिरोसिस, फैटी लिवर तथा धूम्रपान (सिगरेट) से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में युवाओं एवं कॉलेज विद्यार्थियों में रेव पार्टियों तथा मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन के कारण ब्रेन पैरालिसिस जैसी गंभीर समस्याएं साम ने आ रही हैं। डॉ. बीनू सिंह ने विद्यार्थियों को नशे की पहचान करने के तरीके बताते हुए कहा कि यदि समय रहते लक्षणों को पहचाना जाए, तो व्यक्ति को इस बुरी आदत से बचाया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें, जिससे वे अपनी समस्याएं खुलकर साझा कर सकें। उन्होंने नशा मुक्ति हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800110031 की जानकारी देते हुए बताया कि इस पर नशे से संबंधित शिकायत या सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने संदेश दिया कि आप सुरक्षित रहेंगे तो आपका परिवार भी सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. बीनू सिंह ने उनके प्रश्नों के उत्तर देकर नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति पखवाड़ा समाज को स्वस्थ एवं जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# जैन मंदिर : संस्कार पाठशाला में जुटा बच्चों का हुजूम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज के पावन वषायोग (चातुर्मास) के अंतर्गत आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज श्री भक्ताम्बर स्तोत्र के महत्व पर विशेष प्रवचन आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने बताया कि श्री भक्ताम्बर स्तोत्र जैन धर्म का एक अत्यंत प्रसिद्ध एवं प्रभावशाली स्तोत्र है, जिसकी रचना सातवीं शताब्दी में आचार्य मानतुंग जी महाराज द्वारा की गई थी। संस्कृत भाषा में रचित यह स्तोत्र 48 श्लोकों से युक्त है तथा प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ऋषभदेव की स्तुति को समर्पित है। पूज्य गुरुदेव ने भक्ताम्बर स्तोत्र से जुड़ी प्राचीन मान्यता का उल्लेख करते हुए बताया कि आचार्य मानतुंग जी को राजा भोज द्वारा 48 ताले एवं जंजीरों से युक्त कक्ष में बंद कर दिया गया था। आचार्य श्री ने जैसे-जैसे भक्ताम्बर स्तोत्र के श्लोकों का पाठ किया, वैसे-वैसे ताले एवं जंजीरें स्वतः टूटती चली गईं और वे बंधनों से मुक्त हो गए। इसी कारण भक्ताम्बर स्तोत्र को श्रद्धा, भक्ति एवं आत्मबल का प्रतीक माना जाता है।

उन्होंने कहा कि भक्ताम्बर स्तोत्र के नियमित पाठ एवं ध्यान से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास तथा घर-परिवार में सुख-शांति का वातावरण निर्मित होता है। वर्तमान समय में विभिन्न ध्यान एवं हीलिंग केंद्रों पर भी भक्ताम्बर स्तोत्र के माध्यम से मन को शांत एवं इच्छाशक्ति को सुदृढ़ करने पर बल दिया जाता है, जिससे व्यक्ति के आत्मबल एवं आंतरिक ऊर्जा में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम, अहमदाबाद, बेंगलुरु सहित भारत के विभिन्न शहरों में भक्ताम्बर स्तोत्र के ध्यान एवं आध्यात्मिक साधना के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के मानसिक एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इससे रोगियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण विकसित होने में सहायता मिलती है।

दोपहर में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाली संस्कार पाठशाला में लगभग 100 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने बच्चों को नियमित रूप से मंदिर जाने, धार्मिक संस्कारों को जीवन में अपनाने तथा सदाचारपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण एवं आत्मिक उन्नति का भी केंद्र है।

कार्यक्रम के अंत में बंटी जैन, सुकुमल जैन, पियूष जैन एवं विशाल जैन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 2 अगस्त, रविवार को आशियाना दिगंबर जैन मंदिर में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश कुमार, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय, लखनऊ रहेंगे। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा शैक्षणिक परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले जैन समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

## दु:ख में सुमिरन सब करें सुख में करे न कोय



लखनऊ। इंदिरा नगर जैन मंदिर में आचार्य सुबल सागर जी महाराज ने शनिवार को प्रवचन के माध्यम से जन मानस को यह संदेश देने का प्रयास किया कि भगवान की भक्ति से ही आत्मिक सुख की प्राप्ति हो सकती है। भौतिक सुख की चाह के व्यक्ति भटक रहा है लेकिन सच्चा सुख आत्मा में ही निहित है। गुरुदेव ने कहा कि दुख में सुमिरन सब करें सुख में करें न कोय अर्थात जब व्यक्ति परेशान होता है तो भगवान की शरण में पहुंचा जाता है परंतु सुख के समय वो पूर्ण रूप से भगवान को भूल जाता है। जो व्यक्ति नित प्रतिदिन बेगवान की भक्ति करता है भावों को विशुद्ध रखता है वह कभी दुखी हो ही नहीं सकता है। इससे पूर्व आज प्रातः सहस्त्र नाम का वाचन गुरुदेव के मुखारबिंद से किया गया एवं सायं काल में भक्तामर स्त्रोत एवं दीपर्चन का कार्यक्रम हुआ। जिन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आचार्य श्री का आज उपवास रहा एवं गुरुदेव अपनी साधना को नित प्रतिदिन कठोर कर रहे हैं तप एवं त्याग उत्कृष्ट अवस्था पर पहुंच रहा है। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष पी के जैन एवं सांस्कृतिक मंत्री ऋषभ जैन ने बाहर से पधारे हुए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

संक्षेप

## दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत

आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के कालान चैहरा के पास शुक्रवार की रात 11 बजे दो बाइको की टक्कर में महिला की मौत हो गई, उसके बेटा सहित तीन लोग घायल हो गये। महिला अपने बेटा के साथ रिश्तेदारी जा रही थी। दूसरी बाइक बिलवाई बजार से जौनपुर की ओर जा रहे थे। सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर थाना क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव निवासी 55 वर्षीया बदामी पत्नी रामनाथ शुक्रवार की रात करीब 11 बजे अपने पुत्र 23 वर्षीय मोहित के पास रिश्तेदारी में पवई थाना क्षेत्र के कधियां गांव जा रही थी। दोनो कालानपुर चैराहा के पास पहुंचे थे। इस दौरान बिलवाई बाजार से जौनपुर की ओर जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

## गड्ढे में पौधरोपण कर जताया विरोध

आजमगढ़। नगर से सटे हीरापट्टी की गड्ढायुक्त सड़क पर बारिश के मौसम से जलजमाव होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। भारत रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने पानी से डूबी इस सड़क पर शनिवार को पौध रोपण कर विरोध दर्ज कराया। भारद कार्यकताओं ने गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क पर पौधे रोपण के बाद हीरापट्टी गांव का भ्रमण करते हुए नगरपालिका प्रशासन, विधायक, सांसद के साथ ही जिला प्रशासन के विरुद्ध नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारद के अध्यक्ष हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने कहा कि इस सड़क से हीरापट्टी, आरजीबाग, शिवाजी नगर आदि कई मुहल्लों के लोगों का आवागमन होता ही है।

## बज्रपात होने से किशोर की मौत

मीरजापुर। जिले के हलिया थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शनिवार दोपहर लगभग एक बजे बूदा बादीं के बीच बज्रपात होने से 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सिलहटा गांव निवासी रामदयाल का 17 वर्षीय पुत्र सचिन अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन करीना के साथ घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर सिवान में गाय चरा रहा था। इसी दौरान तेज गरज-चमक व बूंदा बांदी के बीच बज्रपात हो जाने से सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीना भी अचेत होकर गिर पड़ी। कुछ देर बाद होश आने पर वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दादा चिंता एवं अन्य परिजन सचिन को निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों ने बताया कि सचिन दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता रामदयाल रोजगार के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं, जबकि बड़ा भाई भी एक दिन पहले ही रोजगार के लिए मुंबई गया था। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची हलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पीएम के लिये भेजा जा रहा है।

## सड़क हादसे में स्वास्थ्य कर्मी की मौत

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बरसठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी दीपक कुमार सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा सड़क पार कर रहे एक सांप को बचाने के प्रयास में हुआ, जब उनकी बाइक अचानक असंतुलित होकर सड़क निर्माण के दौरान बिखरी गिट्टियों और पत्थरों पर फिसल गई। दीपक कुमार सरोज किसी कार्य से बाइक द्वारा जा रहे थे। रामपुर थाना क्षेत्र के गहरोल गांव के समीप सड़क पार कर रहे एक सांप को बचाने के प्रयास में उन्होंने अचानक बाइक का संतुलन बदल दिया। इसी दौरान सड़क निर्माण सामग्री के रूप में बिखरी गिट्टियों और पत्थरों पर बाइक फिसल गई। दुर्घटना में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने सीएचसी बरसठी परिसर में कई घंटों तक हंगामा किया और मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बताया गया कि घटना दो थाना क्षेत्रों की सीमा से जुड़ी होने के कारण प्रारंभिक स्तर पर पुलिस कार्रवाई में विलंब हुआ।

# यूपी के रास्ते बिहार में हो रही शराब की खपत



मीरजापुर। बिहार में मजाक बनी शराब बंदी का माखौल उड़ाते हुए शराब तस्कर कम उम्र के युवाओं को आगे कर विभिन्न ट्रेनों के जरिए यूपी के रास्ते बिहार में अवैध रूप से शराब की आपूर्ति कर रहे हैं। शनिवार को मिर्जापुर की आरपीएफ एवं जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन से 21 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। देर रात चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में पकड़ी गई अवैध अंग्रेजी शराब को बिहार ले जाया जा रहा था जिसे आरपीएफ ने कब्जे में लेकर जीआरपी के सुपूर्द किया है। जिसके बाद जीआरपी पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार, 1 अगस्त 2026 को पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक अनुभाग प्रयागराज एन. कोलान्ची, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशान्त वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सरकुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों, वारण्टियों की गिरफ्तारी, बरामदगी, अवैध तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के मद्देनजर थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में उप निरीक्षक राम सिहं यादव मय हमराह उप निरीक्षक नीरज कुमार ओझा चौकी प्रभारी रावर्टसंगज थाना जीआरपी मिजार्पुर के साथ प्लेटफार्म नंबर 2 पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु की चेकिंग कर रहे थे कि मौजूद आरपीएफ उप निरीक्षक नरेन्द्र दुबे, कांस्टेबल दिलीप कुमार मिश्रा व कांस्टेबल विकाश सिंह आरपीएफ पोस्ट मिजार्पुर व सीआईबी कांस्टेबल रोहित कुमार, सुनिल कुमार अनुभाग प्रयागराज के साथ एकसीलेटर के पास मौजूद मिले जहां चेंकिग के दौरान दो व्यक्तियों को प्लेटफार्म नंबर-2 हावडा छोर पानी टंकी के पास बरगद पेड़ के नीचे से अमित कुमार 19 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश ठाकुर निवासी ग्राम वार्ड नंबर-5 रामनगरी थाना राजीव नगर जिला पटना (बिहार) व कब्जे से काले रंग के पिठ्ठु बैग से 14 रायल स्टेज 750ग्राम, अंग्रेजी शराब व आकाश कुमार 19 वर्ष पुत्र मनोज कुमार वार्ड नंबर 4 राजाबाजार, बेली रोड पिलर नंबर-58 थाना हवाई अड्डा जिला पटना (बिहार) के कब्जे से काले रंग के पिट्ठू बैग से 14 अदद रायल स्टेज 750 ग्राम, अंग्रेजी शराब (कुल 21 लीटर अंग्रेजी शराब) के साथ गिरफ्तार किया गया।

## चोर गिरफ्तार, 3 मोनो ब्लॉक और 4 बैटरी बरामद



मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना पुलिस ने क्षेत्र में किसानों के खेतों से हो रही चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 3 मोनो ब्लॉक और 4 बैटरी बरामद की गई है। पिछले कुछ दिनों से मड़िहान थाना क्षेत्र में किसानों के खेतों पर लगे मोनोब्लॉक और वाहनों में लगी बैटरी की चोरी लगातार हो रही थी। यह पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई थी। 25 नवंबरको मटिहानी गांव निवासी अलीशेर के खेत से दो मोनो ब्लॉक चोरी हो गए थे अलीशेर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी विवेचना के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि अमोई गांव स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल विद्यालय के पास 3 युवक मोनोब्लॉक और बैटरी लेकर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर तीनों युवक सामान छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर तीनों को पकड़ लिया पूछताछ में उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया और बरामद सामान को चोरी का बताया कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह यह सामान लालगंज थाना क्षेत्र के सलोरी दुबार निवासी अंकित यादव के पास ले जा रहे थे अंकित ही चोरी के सामान का सरगना है और वह वाहन का इंतजार कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मड़िहान थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी 22 वर्षीय मोहित प्रजापति, 19 वर्षीय रोहन यादव और 17 वर्षीय बाल अपचारी विकास के रूप में हुई है पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया मोहित और रोहन को जेल भेज दिया गया, जबकि बाल अपचारी विकास को सुधार गृह भेजा गया।

## पीएम के सम्मान में राष्ट्रीय वैश्य स्वाभिमान संघ दिखा मैदान में



आजमगढ़। राष्ट्रीय वैश्य स्वाभिमान संघ के जिलामहामंत्री अरविन्द मोदनवाल के नेतृत्व में सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित संवैधानिक पदों के प्रति कथित रूप से की जा रही अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान पीएम के सम्मान में राष्ट्रीय वैश्य स्वाभिमान संघ मैदान में खूब नारे लगाये गये।

संघ के जिला महामंत्री अरविन्द मोदनवाल ने कहाकि कि यदि किसी सार्वजनिक प्रदर्शन अथवा सोशल मीडिया मंच पर प्रधानमंत्री को गाली अपशब्द कहने वाले युवाओं को चिन्हांकित करके उनकी जांच कर कड़ी कानूनी किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने देश का मान विश्व स्तर पर बढ़ाया है और 370 जैसे धाराओं को समाप्त करके देश को मजबूत किया उनके विरूद्ध हम किसी भी अशोभनीय टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहाकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त अधिकार है, किंतु इसके आड़ में पीएम को गाली देना, अपशब्द कहने वाले के विरूद्ध पूरजोर कार्यवाही की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी साफ कहाकि हम हर प्रदर्शन को कानून एवं लोकतांत्रिक मयार्दाओं के अनुरूप स्वीकार करेंगे, गालीबाज युवा और युवतियों के अभिभावक अपने बच्चों को संस्कार सीखाना भूल गये इन पर कार्यवाहीं करके इन्हें सबक सिखाया जा सकता है। पत्रक में सोशल मीडिया पर भ्रामक, अशोभनीय एवं समाज में वैमनस्य फैलाने वाली सामग्री पर प्रभावी निगरानी रखने तथा लोगों को सत्यापित एवं जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग के प्रति जागरूक करने की भी मांग की।

जिला उपाध्यक्ष संदीप गांधी नेहाल ने कहाकि यह देश गांधी जी का है उन्होंने अंहिसा को परमधर्म बताया है, यदि आप शिक्षित वर्ग से आते है तो हमें संविधान के अनुसार प्रदर्शन करना चाहिए और संवैधानिक पदों का भी सम्मान करना चाहिए। शिक्षित युवाओं के मुंह से ऐसी टिप्पणी निंदनीय है।

राष्ट्रीय वैश्य स्वाभिमान संघ के मंत्री रामविजय गुप्ता ने कहाकि समाज में शालीन संवाद, राष्ट्रीय एकता तथा संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान की भावना बनाए रखने के लिए प्रशासन को आवश्यक एवं विधिसम्मत कदम उठाने चाहिए। अन्यथा ऐसे अमर्यादित युवाओं का मन बढ़ जायेगा और वे किसी भी स्तर पर जाकर राष्ट्र को शर्मसार करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला सचिव भरत मद्धेशिया, विवेक गुप्ता, प्रशांत मद्धेशिया सहित आदि युवा मौजूद रहे।

## कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्ते पर लोग चलने को मजबूर

### समाधान दिवस में लगायी गुहार




मड़िहान, मीरजापुर। क्षेत्र के नौडिहा लालपुर गांव से फुलवरिया प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाले रास्ते की बदहाली से छात्रों के साथ ग्रामीण परेशान हैं। लगभग 2 किलोमीटर लंबा यह कच्चा मार्ग जगह-जगह गड्ढों और कीचड़ से भरा हुआ है। बरसात में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल 43 मामले आए जिसमे 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। नौडिहा लालपुर निवासी सदानन्द ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि नौडिहा लालपुर बस्ती से फुलवरिया प्राथमिक विद्यालय तक जाने का यही एकमात्र रास्ता है। लेकिन पूरे रास्ते में जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ जमा है। स्कूल जाने वाले बच्चे और ग्रामीण इसी कीचड़ में होकर गुजरने को मजबूर हैं। बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके की जांच कराकर रास्ते में गिट्टी-मोरंग डलवाकर उसे ठीक कराया जाए, ताकि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को राहत मिल सके। समाधान दिवस में एसडीएम मड़िहान संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार आशीष पांडे, नायब राहुल मिश्रा, मड़िहान थानाध्यक्ष रविंद्रभूषण मौर्य उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, 6 घायल



जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव में शनिवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे महिला सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने चार घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शाहगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, हालांकि स्थिति फिलहाल पुलिस की निगरानी में सामान्य बताई जा रही है।

## विद्युत उपकेंद्र के निर्माण का भूमि पूजन

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। बदलापुर विधानसभा के महराजगंज क्षेत्र वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करते हुए ग्राम भगवानपुर में बाबूगंज विद्युत उपकेंद्र के निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु भूमिपूजन विधायक रमेष चन्द मिश्र ने किया। ग्राम भगवानपुर में 7 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बाबूगंज विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

इस सब स्टेशन के निर्माण से बाभनपुर, बेसार, बनबीरपुर, भगवानपुर, बाबूगंज, शेखपुर खुटहनी, केठुआ, असरोपुर, फत्तूपुर, दूधीपुर, डालूपुर, मया, पहाड़पुर, राजापुर, केवटली, धनछुआ, भवानीगढ़, सराय पड़री, एकहुआ, मनिकापुर, मुँहकुचा, अंगराह, बहाउद्दीनपुर, लोहिंदा, बिझवट, बहोरिकपुर, आनापुर, सराय दुगार्दास, अहिरौली, राजा बाजार, बनकट, सराय परशुराम, सोनपुरा, कांसापुर, भोगीपुर कठार, जगापुर समेत 40 गांवो में सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही भटपुरा में स्थित महराजगंज विद्युत केंद्र पर भार कम होगा। अधिशाषी अभियंता सिविल अनिरुद्ध चैरसिया, अधिशाषी अभियंता एसडीओ दिनेश सिंह, राम जनक यादव, राज नारायण पटेल, धीरज चतुवेर्दी, संजय सिंह, महेंद्र उपाध्याय, सीटू उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

- श्रावण मास में कावड़ यात्रा को लेकर सड़कों की मरम्मत सुरक्षा व बैरिकेटिंग लगाए जाने का दिया निर्देश



मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश व पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम ने श्रावण मास में शुरू होने वाले कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत नगर के कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग व एनएचआई सहित नगर पालिका के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिनकी लापरवाही भी सामने आई है। भ्रमण के दौरान भरूहना के जीडी बिनानी कॉलेज के पास सड़क के किनारे खोदे गए गड्ढे को देख मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आज ही अपना कार्य पूर्ण करते हुए सड़क पटरी को गड्ढा मुक्त बनाया जाए। यदि कार्य में देरी हो तो उसके किनारे मजबूत बैरिकेटिंग लगाई जाए।

उन्होंने एनएचआई व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद मीरजापुर के बरियाघाट नगर से लेकर घोरावल के शिवद्वार मन्दिर तक जाने वाले मार्गों पर कावंड़ श्रद्धालुओं के सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए गड्ढों, बैरिकेटिंग, प्रकाश व चिकित्सा व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराई जाए। जहां भी सड़क अथवा फुटपाथ व उसके किनारे गड्ढा हो तत्काल ढकने व बैरिकेटिंग लगाने का निर्देश दिया। कावंड़ मार्ग को समतल भी किया जाए। मण्डलायुक्त ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नगर क्षेत्र में व जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों के कावंड़ मार्गों पर नियमित सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए। विद्युत विभाग मार्गों के खंभों पर जहां आवश्यकता हो वहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराएं। मार्ग में पेयजल, शौचालय व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ ही विश्राम स्थल भी बनाए जाएं। पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावंड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए मार्ग को संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा यदि कहीं आवश्यकता दिखाई पड़े तो वहां सीसीटीवी तथा ड्रोन की मॉनिटरिंग व्यवस्था की जाए। उन्होंने एनएच के अधिकारियों से कहा कि हाईवे पर डिवाइडर व रिफ्लेक्टर लगाया जाएं, ताकि रात्रि में भी कावंड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल व एनएच व पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाज में समानता और बंधुत्व बनाने की जरूरत



जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महान संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के पावन उपलक्ष्य में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिला कार्यालय पर श्री गुरु रविदास महाराज कलश वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संत रविदास जी की पावन जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी की पवित्र माटी से भरे कलश का पूर्ण विधि-विधान, मंत्रोच्चार एवं वंदन के साथ पूजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्धजनों और सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने समाज में समानता और बंधुत्व बनाए रखने का संकल्प लिया। राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज ने समाज से ऊंच-नीच, जाति-पाति और वैमनस्यता को समाप्त कर सामाजिक समरसता, भाईचारे और समानता का अमर संदेश दिया था। उनका विचार ऐसा चाहूं राज मैं जहाँ मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ों सब सम बसै, रविदास रहे प्रसन्न आज भी हमारी नीति और चिंतन का मूल आधार है। जिला महामंत्री अजय सिंह ने कहा कि सीर गोवर्धनपुर से आई यह पवित्र माटी केवल मिट्टी नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक है पार्टी के कार्यकर्ता इस पावन कलश को जिले के प्रमुख संत-महात्माओं, मंदिरों और जन-जन तक लेकर जाएंगे तथा संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराएंगे।

## कुएं में मिला अधेड़ का शव

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के बेहड़ा गांव के रग्घूपुर पुरवा में शनिवार को एक कुएं से अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय राकेश शुक्ला पुत्र मानिक शुक्ला के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## तमसा बचाओ अभियान की रूपरेखा तैयार, सौंपेगा पत्रक

आजमगढ़। नगर के कोल पांडेय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गंगा समग्र की एक बैठक शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आर्यमगढ़ विभाग के संघ चालक सुरेश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तमसा बचाओ अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। यह निर्णय लिया गया कि 30 अगस्त को दुवार्सा धाम में तमसा बचाओ जागरण गोष्ठी की जाएगी। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में तमसा बचाओ यात्रा आजमगढ़ से निकलकर बलिया तक जाएगी। इस बीच जिलाधिकारी को तमसा नदी को स्वच्छ कराने हेतु ज्ञापन दिया जाएगा। अपने संबोधन में गंगा समग्र गोरक्ष प्रांत के संयोजक राजकिशोर मिश्र ने कहा कि पौराणिक नदी तमसा की स्वच्छता गंगा समग्र का लक्ष्य है, क्योंकि यह गंगा की सहायक नदी है और गंगा को स्वच्छ करने के लिए सहायक नदियों का स्वच्छ होना आवश्यक है, जो जन सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि जल और वायु प्रदूषण से अनेक तरह के संकट उत्पन्न हो रहे हैं, जिन्हें दूर करने के लिए गंगा समग्र देशव्यापी जनजागरण अभियान चला रहा है। इस अवसर पर तमसा प्रभाग के संयोजक दिलीप जी, गंगा समग्र आर्यमगढ़ के जिला संरक्षक डॉ. एचएन पाठक, संयोजक महंत संजय दास, संपर्क प्रमुख राजेश रंजन, संघ के नगर प्रचार प्रमुख गिरीश सेठ, रणविजय सिंह, जवाहर पाठक, सुभाष श्रीवास्तव, पवन उपाध्याय, श्यामनारायण पांडेय, पीके श्रीवास्तव, सभाजीत तिवारी आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन गंगा समग्र आर्यमगढ़ विभाग के संरक्षक पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने किया।

## ट्रक मिट्टी व पत्थरों के ढेर से टकराया, बाल-बाल बचा चालक

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शनिवार भोर में ब्रेक फेल होने से गिट्टी लदा ट्रक मिट्टी व पत्थरों के ढेर से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक बाल बाल बच गया। मध्यप्रदेश के मैहर से गिट्टी लादकर देवरिया जा रहा ट्रक भोर में जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक बैरिकेडिंग तोड़ते हुए पुलिस द्वारा बनाई गई सुरक्षा खाईं के पास लगाए गए मिट्टी और पत्थरों के ढेर से जा टकराया। पुलिस द्वारा दुर्घटना से बचाव हेतु लगवाए गए मिट्टी व पत्थरों के ढेर में ट्रक के फंस जाने से ट्रक घाटी में सैकड़ों फीट नीचे गिरने से बच गया नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। संयोग ठीक था कि घटना में 30 वर्षीय ट्रक चालक रोहित निवासी देवरिया बाल बाल बच गया। शनिवार दोपहर को जेसीबी मशीन लगवाकर क्षतिग्रस्त ट्रक को घाटी से बाहर निकाला गया।

## जलार्चन के लिए कांवरियों का जत्था रवाना

जौनपुर। जफराबाद कस्बे के नावघाट मुहल्ले के गोमती नदी के घाट पर शनिवार को दर्जनों गाव के सैकड़ों कांवरिये जमा हुए। वहां से कांवरियों ने



विधिवत पूजन- अर्चना करके सावन के पहले सोमवार को बाबा काशी विश्वनाथ धाम जल चढ़ाने के लिए रवाना हुए। कांवरियों के दल हर हर महादेव व हर-हर बम-बम, जय भोले के जयघोष गूंज रहा था। कांवरियों को विदाई देने काफी लोग मौजूद रहे। कांवरियों में में बच्ची यादव, सूरज मिश्रा, कमलेश प्रजापती, छद्दू प्रजापति, कल्लू प्रजापति, विकास, राहुल, प्रमोद, उमाशंकर, सहित सैकड़ों लोग रहे। कावरिया के स्वागत व उत्साहवर्धन के लिए भाजपा नेता ज्ञानप्रकाश सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान, पूर्व चेयरमैन प्रमोद बरनवाल सहित क्षेत्र के सम्मानित लोगो ने कांवरियों को पुष्प देकर उत्साहवर्धन किया।

## नायब तहसीलदार पर आत्महत्या को उकसाने का केस दर्ज

जौनपुर। जिले में तैनात नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव के खिलाफ दुष्कर्म तथा आत्महत्या के लिए उकसाने समेत गंभीर आरोपों में मीरगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला मृतका की मां की तहरीर पर दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतका की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी श्वेता सिंह की शादी वर्ष 2014 में बरसठी थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी तथा उसकी एक नौ वर्षीय पुत्री भी है। आरोप है कि सुल्तानपुर जनपद के अमहट कोतवाली क्षेत्र के गोरा बारीक गांव निवासी विवेक श्रीवास्तव का उनके घर आना-जाना था। मछलीशहर तहसील में तैनाती के दौरान उसने शादी का झांसा देकर श्वेता से संबंध बनाए। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विवेक के प्रभाव में आने के बाद श्वेता के अपने पति से संबंध बिगड़ गए और वह उसके साथ रहने लगी। परिजनों का कहना है कि श्वेता अक्सर विवेक द्वारा मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत करती थी। आरोप है कि वह घुमाने के बहाने अश्लील वीडियो बनाता था तथा अन्य अधिकारियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी डालता था। परिजनों के मुताबिक लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर श्वेता सिंह ने 9 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मीरगंज थाना पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव के खिलाफ दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने तथा अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। साक्ष्यों और विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल ये आरोप प्राथमिकी के आधार पर दर्ज किए गए हैं और उनकी सत्यता की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## 50 हजार का इनामी रिंकू यादव गिरफ्तार

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान 50 हजार रुपये का इनामी अंतरजनपदीय अपराधी रिंकू यादव उर्फ ओमप्रकाश यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके साथी सत्यम लोना उर्फ लल्लू को भी गिरफ्तार कर लिया है। घायल रिंकू यादव को प्राथमिक उपचार के लिए खुटहन सीएचसी भेजा गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घायल रिंकू यादव सरपतहां थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ जौनपुर, आजमगढ़, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी और अयोध्या समेत कई जिलों में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और शस्त्र अधिनियम जैसे 38 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार सत्यम लोना पर भी पहले से गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने किया। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार खुटहन पुलिस सुईथाखुर्द नहर पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने की कोशिश की गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में सरपतहां थाना क्षेत्र के भेला निवासी रिंकू यादव उर्फ ओमप्रकाश यादव के बाएं पैर में गोली लगी। अंबेडकर नगर के जलालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर फिरोजपुर निवासी सत्यम लोना उर्फ लल्लू को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देशन में वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना पचोखरा पर पंजीकृत मुकदमे में वाछिंत अभियुक्त पातीराम पुत्र सियाराम निवासी नगला सूरज थाना पचोखरा को श्रीनगर तिराहा से गिरफ्तार किया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## हल्की बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान गिरा, श्रद्धालु खुश

**मथुरा।** गोवर्धन में कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस से स्थानीय निवासियों तथा श्रद्धालुओं को राहत मिली है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश और तेज ठंडी हवाएं चलीं, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। इस बदलाव से जनजीवन सामान्य हुआ और क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना। मौसम सुहावना होने के बाद गिरिराज महाराज की परिक्रमा और दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में खुशी देखी गई। गर्मी और उमस के कारण पहले जो यात्रा कष्टदायक थी, वह अब सुगम हो गई है। दूर-दराज से आए यात्रियों ने गिरिराज बाबा के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और शीश नवाया। श्रद्धालुओं ने गर्मी से मिली राहत के लिए गिरिराज जी महाराज का आभार व्यक्त किया तथा सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से प्रचंड गर्मी के कारण सन्नाटा पसरा रहता था।

## राजाधिराज ने दिये अपने भक्तों को दर्शन

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के द्वारा किया जाता है। ?उसी परंपरा के तहत आज सावन मास के तीसरे दिन ठाकुर जी महाराज फूलों के हिंडोले में विराजमान हुए। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के तहत घटा और हिंडोला में विराजमान कराया जाता है। यह क्रम पूरे सावन मास जारी रहेगा। रविवार भी संध्या समय 5:10 से 5:40 बजे तक ठाकुर जी महाराज केसरी हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

## 165 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने बीतीरात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एनएच-19 हाईवे से रेलवे कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर (करीब 50 मीटर दूर) पर तस्कर गुलशन पुत्र रोहतान सिंह निवासी सरिता विहार, रांची बांगर को 165 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मु0अ0सं0 223/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना रिफाइनरी मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल (थाना रिफाइनरी, मथुरा) उ0नि0 विक्रान्त तोमर (थाना रिफाइनरी, मथुरा) रि0का0 857 अमित यादव (थाना रिफाइनरी, मथुरा) रि0का0 606 सौरव सागर (थाना रिफाइनरी, मथुरा) शामिल है।

# कांवड़ियों की सुरक्षा व सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

### डीएम ने कांवड़ियों की सुदृढ़ सुविधाओं के लिए अधीनस्थों को दिये दिशा-निर्देश




**मथुरा।** कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित संपन्न कराने हेतु डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के निर्देशित किया। बैठक में डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और श्रद्धा का महापर्व है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कांवड़ मार्गों की साफ-सफाई, गड्ढामुक्त सड़क, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल शौचालय, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, अग्निशमन व्यवस्था तथा विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य, परिवहन, पंचायती राज, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समय से निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।बैठक में कांवड़ मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें तथा किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें, जिससे कांवड़ यात्रा सकुशल एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निर्देश दिए कि सभी उप-जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमिटी की बैठक सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण कांवड़ मार्ग का पैदल निरीक्षण करे तथा सुदृढ़/ सुचारू यातायात व्यवस्था एवं सुगम आवागमन हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## डीएम ने ग्राम बसई में आयोजित जन चौपाल में किया जनसंवाद

**टूंडला।** प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी को समाप्त करने तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में टूंडला ग्राम पंचायत बसई में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल की सबसे खास बात यह रही की इसमें समाज का हर वर्ग खुलकर भागीदार बना, चौपाल में किसान, युवा, मजदूर, विद्यार्थी बच्चे और बुर्जुग सभी वर्गों के लोग बडी संख्या में सम्मिलित हुए। नागरिकों ने बिना किसी झिझक के सीधे जिलाधिकारी के सामने अपनी-अपनी समस्याऐं, अपनी इच्छाऐं और सुझाव खुलकर रखें, जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में अत्यंत आत्मीयता और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक वर्ग की बात सुनी। जिलाधिकारी ने बुजुगों एवं किसानों की पेंशन, भूमि व कृषि से जुड़ी समस्याओं को सुनकर तुरंत सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए, युवाओं और विद्यार्थियों से उनकी शिक्षा और भविष्य की योजनाओं के बारें में वातार्लाप कर हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन दिया, साथ ही उनको प्रेरित करते हुए कहा कि अपने परिश्रम पर पूरा भरोसा रखें, निश्चित ही आप अपने द्वारा तय किए गए लक्ष्यों को अवश्य पूरा करेंगे।

डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से हर नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उन्हे किसी भी कार्य के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पडे, डीएम ने अंत में कहा कि जन चौपाल अब केवल एक प्रशासनिक बैठक न रहकर जन आन्दोलन और विश्वास का मंच बन चुकी है। जहां किसान युवा मजदूर, विद्याथी व बच्चे सीधे अधिकारियों से सम्वाद् कर रहे है, वहीं उनकी समस्याओं का समाधान अधिकारियों द्वारा त्वरित कर जनता और प्रशासन के बीच के रिश्ते को एक नई मजबूती और दिशा दी जा रही है। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारें में विस्तार से बताया ।डीएम ने सभी किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा जैविक खादो का प्रयोग करें, सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बननी चाहिए, इस दौरान लेखपाल और पंचायत सचिव जन सुनवाई हेतु निरंतर ग्राम पंचायत सचिवालय में बैठे।

● पचोखरा में गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

## एबीवीपी ने चलाया सदस्यता अभियान छात्र हित में संगठन की भूमिका बतायी




**टूंडला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद टूंडला इकाई द्वारा शुक्रवार को राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन, गोल फाटक पर सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रबंधक प्रशांत जैन ने की, जबकि संयोजन डॉ.जितेंद्र प्रताप सिंह एवं संचालन रवि सक्सेना ने किया ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एबीवीपी की कार्यप्रणाली उद्देश्य और छात्र हित में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। नगर अध्यक्ष डॉ.अमित उपाध्याय ने कहा कि एबीवीपी स्थापना काल से ही छात्रों की आवाज को बुलंद करती आई है। उन्होंने कहा कि परिषद का लक्ष्य प्रवेश, परीक्षा, शुल्क और परिणाम जैसी मूल छात्र समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करना है। रवि सक्सेना ने कहा कि एबीवीपी राष्ट्रहित में कार्य करने वाला संगठन है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें राष्ट्रभक्ति सामाजिक उत्तरदायित्व, संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के संस्कार विकसित करता है। उन्होंने बताया कि संगठन विभिन्न आयामों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नेतृत्व और सेवा की भावना से जोड़ने का कार्य करता है। पूर्व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डॉ.जितेंद्र प्रताप सिंह एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि एबीवीपी वर्षभर छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहती है और छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करती है, विद्यार्थी केवल भविष्य का नहीं बल्कि आज का भी जागरूक नागरिक है और देश के निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन की निदेशक अमिता जैन, प्रियांक जैन राष्ट्रीय सोशल मीडिया टोली सदस्य अभि प्रताप सिंह, तहसील प्रमुख रोहितांश यादव, पूर्व नगर मंत्री लालू रावत, तहसील संयोजक भारत वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एडीए ने सील किए तीन अवैध निर्माण, बिना मानचित्र स्वीकृत बन रहे थे भवन

**आगरा।** अवैध निर्माण के खिलाफ एडीए की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को एडीए की टीम ने तीन अवैध निमार्णों पर सील लगा दी। बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराया जा रहा था। आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) के प्रवर्तन अनुभाग ने अवैध निर्माण के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। वार्ड हरीपर्वत-द्वितीय में एक और हरीपर्वत-प्रथम में दो अनधिकृत निर्माण सील कर दिए। हरीपर्वत-द्वितीय वार्ड स्थित कैलाश विहार कॉलोनी के प्लॉट नंबर 30 पर आयुष बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कार्य करा रहे थे। शिकायत और जांच के बाद प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को सील कर दिया ।हरीपर्वत-प्रथम वार्ड में दयालबाग स्थित प्रेम भवन कॉलोनी के भूखंड संख्या एस-23ए में धीरज कपूर द्वारा बिना नक्शा पास कराए कराए जा रहे निर्माण को भी सील कर दिया गया। ओल्ड विजय नगर कॉलोनी स्थित भूखंड संख्या 104 पर सुषमा गोयल द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण की टीम ने नियमों के उल्लंघन में कार्रवाई की। एडीए उपाध्यक्ष एम अरुन्मोली ने कहा कि बिना स्वीकृत मानचित्र या नक्शे के विपरीत किया जाने वाला कोई भी निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## आगरा-अलीगढ़ मंडल में 10 को नहीं होंगे न्यायिक कार्य

**आगरा।** उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापना संघर्ष समिति ने शुक्रवार को बार हॉल में आम सभा की बैठक की। अधिवक्ताओं ने 10 अगस्त को आगरा और अलीगढ़ मंडल के जनपदों में न्यायिक कार्य से विरत रहने के प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन किया। समिति के संयोजक अरुण कुमार सोलंकी ने बताया कि संघर्ष समिति के अधिवक्ता आगरा और अलीगढ़ मंडल के समस्त जिलों में अधिवक्ताओं से संपर्क करने जाएंगे। अध्यक्षता आगरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष बाबू परमार, द आगरा एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद सिंह बघेल, सह संयोजक विजयपाल सिंह चौहान, ग्रेटर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश पाठक और संघर्ष समिति के सह संयोजक हृदेश कुमार सिंह यादव ने की।

# कंटेनर की टक्कर से पुलिस जीप गिरी खाईं में, दो सिपाही गंभीर रूप से घायल



**मथुरा।** आगरा-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार देर रात गश्त के दौरान रैपुराजाट पुलिस चैकी की सरकारी जीप को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुलिस जीप सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी, अनियंत्रित कंटेनर भी खाई में पलट गया। हादसे में जीप सवार दो पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि शुक्रवार रात रैपुराजाट पुलिस चैकी की सरकारी जीप हाईवे पर नियमित गशत कर रही थी। बताया गया कि चार पुलिसकर्मियों को चैकी पर छोड़ने के बाद जीप गशत के लिए निकली थी। इसी दौरान भीमनगर के समीप गोवर्धन ड्रेन के पास मथुरा से आगरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से पुलिस जीप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद कंटेनर भी संतुलन खोकर खाई में पलट गया। हादसे में पुलिसकर्मी भरत और मोहित गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया

गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मौके से कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसका क्लीनर हादसे के बाद फार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीओ रिफाइनरी प्रवीण तिवारी ने बताया कि रैपुराजाट पुलिस चैकी की गश्ती जीप को कंटेनर ने पीछे से टक्कर मारी थी। हादसे में घायल मोहित और भरत को आगरा के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दोनों का उपचार चल रहा है। कंटेनर चालक और वाहन को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कांवड़ यात्रा में ओवरस्पीड वाहनों पर रहेगी कड़ी नजर, तीन इंटरसेप्टर वाहन तैनात

**फिरोजाबाद।** काँवड़ यात्रा को सकुशल सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए फिरोजाबाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए जनपद में तीन इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में प्रमुख काँवड़ मार्गों पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस के अनुसार इंटरसेप्टर वाहन संख्या-55 शिकोहाबाद से मक्खनपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर, वाहन संख्या-56 टूंडला से रजावली मार्ग पर तथा वाहन संख्या-57 शिकोहाबाद से जसराना रोड पर लगातार गश्त करते हुए ओवरस्पीड वाहनों पर निगरानी रखेंगे। इन वाहनों में लगे आधुनिक स्पीड डिटेक्शन उपकरणों की सहायता से निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान सहित आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी आदित्य लांग्हे ने वाहन चालकों से अपील की है कि काँवड़ यात्रा के दौरान निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का अनुपालन करें तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस प्रमुख काँवड़ मार्गों पर लगातार निगरानी रख रही है, ताकि यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

## डीएम ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**टूंडला।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गौ आश्रय स्थल पचोखरा का आकस्मिक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं, गौवंशों के स्वास्थ्य एवं चारे पानी की स्थिति का जायजा लिया, निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्तमान में इस गौ आश्रय स्थल में 100 गौवंश पूरी तरह सुरक्षित एवं संरक्षित है ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीमार गौवंशों को स्वस्थ्य गौवंशों से अलग रखने के निर्देश दिए, ताकि संक्रमण न फैलें और उनका समुचित इलाज हो सके, गौवंशों के छोटे बछडों की देख रेख और देखभाल की अलग से व्यवस्था की जाए, इससे उनका सही पोषण और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंशों के लिए हरा-चारा एवं भूसा नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए, साथ ही गौ आश्रय स्थल में साफ-सफाई की व्यवस्था समुचित हो, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गौवंशो को गुड इत्यादि भी खिलाया।

# डीएम ने प्राप्त 154 शिकायतों में 16 का किया मौके पर निस्तारण




**फिरोजाबाद/टूंडला।** डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य तथा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील टूंडला में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर तहसील क्षेत्र से विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए, जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गम्भीरता व आत्मीयता से सुना और सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को पारदर्शी व समयबद्ध निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम इमलिया के निवासियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मन्दिर श्री महाराज धिराज रामेश्वर महाराज की ग्राम पंचायत भूमि गाटा संख्या 465 व धर्मशाला परिसर पर कुछ दबंगो द्वारा कूडा करकट टैक्टर, ट्रॉली व मवेशी बांधकर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे कांवडिऐं व श्रृद्धालुओं को असुविधा हो रही है, डीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए बीडीओ व थानाध्यक्ष पचोखरा को त्वरित जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा 7 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम सीवारा थाना फरिहा निवासी कुंती देवी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पति के विरूद्ध थाना फरिहा में पंजीकृत मुकदमें में फर्जी, अमान्य सिटी स्कैन रिपोर्ट तैयार कर धारा बढ़वायी गयी है, डीएम ने इस गम्भीर शिकायत पर तत्काल सीएमओ व सीएमएस को तत्काल स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पुनः जांच कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम नगला दल थाना पचोखरा निवासी वीरी सिंह ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि गाटा सं0 604 की जमीन बिक्री का चैक बाउंस होन के बाबजूद विपक्षियों द्वारा दंबगई के बल पर जबरन खेत जोता जा रहा है तथा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है, प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएम ने पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और दोषियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए, समाधान दिवस के दौरान डीएम का एक अति संवेदनशील रूप भी सामने आया जब खतौनी के लिए लाइन लगाए हुए किसानों के लिए उन्होने त्वरित पंखे की व्यवस्था करने की बात कही तथा एसडीएम टूण्डला को निर्देशित किया की जन सुनवाई के दौरान जो भी बुर्जुग आए उसकी सुनवाई सबसे पहले होगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि शिकायतों की गम्भीरता को देखते हुए कई मामलो मे तत्काल टीमों को भेजकर मौके पर निस्तारण कराया जा रहा है, नगर पालिका एवं सफाई व्यवस्था पर कडा रूख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शहर में कहीं भी अनाधिकृत रूप से कूडा न जमा होने पाए और जहां कचरा एकत्रित होता है वहां पर समय से उठान सुनिश्चित किया जाए, इसके अलावा जल भराव की समस्या का समाधान त्वरित जल निकासी की व्यवस्था से किया जाए। इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष 154 शिकायतें आई, जिनमें 16 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी विपणन विकास सहायता योजनांतर्गत अनुसूचित जाति एवं जीरो पॉवर्टी लाइन के लाभार्थियों हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर में भी टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर के साथ प्रतिभाग किया, इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का मूलध्येय केवल सहायता प्रदान करना नही, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति को सशक्त स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनान है, जनपद प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, कि सरकार की सभी प्राथमिक योजनाएं चाहे वह दिव्यांगजन प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाऐं, स्वास्थ्य सेवाऐं पशु चिकित्सा या जीरो पॉवर्टी लाइन के अंतर्गत आने वाले परिवारों को मुख्य धारा से जोडना हो, का प्रत्यक्ष लाभ पारदर्शी एवं त्वरित ढंग से नागरिकों तक पहुंचें।

## प्रियाकान्तजु मंदिर पर महाशिव पुराण कथा में पहुंचीं कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य



**मथुरा।** वृन्दावन प्रियाकान्तजु मंदिर पर चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महाशिवपुराण कथा में केबीनेट मंत्री महिला कन्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेबीरानी मौर्य ने कथा श्रवण की। देवकीनंदन महाराज ने कथा क्रम में बिन्दुक और चंचुला की कथा प्रसंग का वर्णन सुनाया। आयोजन के तृतीय दिवस पर 2 लाख 51 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर विधि विधान से उनका अभिषेक किया गया। शनिवार को आयोजन में शामिल होने पहुँची केबीनेट मंत्री बेबीरानी मोर्य ने व्यासपीठ पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में ब्रज में शिव अराधना का अवसर मिला यह सौभाग्य की बात है। शिव स्वंय विष ग्रहण कर सभी का भला करते हैं। शिव की कथाओं का सार मानव मात्र को शांतिपूर्ण एवं आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। महाशिवपुराण श्रवण कराते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि सत्संग मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा परिवर्तनकारी साधन है। मनुष्य कितना भी पापी या अधर्म के मार्ग पर क्यों न चला गया हो, यदि वह सच्चे मन से पश्चाताप करे, सत्संग का आश्रय ले और भगवान की भक्ति में लग जाए, तो उसका जीवन बदल सकता है। बिन्दुक-चंचुला कथा प्रसंग में उन्होने कहा कि जब व्यक्ति संतों के श्रीमुख से भगवान की कथा, भजन और धर्म का उपदेश सुनता है, तो उसके भीतर छिपा हुआ विवेक जागृत होता है। धीरे-धीरे उसके विचार, व्यवहार और जीवन की दिशा बदलने लगती है। जहाँ सत्संग होता है, वहाँ भगवान की कृपा अवश्य बरसती है। हरिद्वार के संत स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश शर्मा, सत्य भूषण जैन, एसपीएल सैकेट्री योगेश शर्मा, दिव्य वरदान डायरेक्टर मनमोहन शर्मा एवं मुख्य यजमान ने व्यासपीठ पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## आगरा नगर निगम के आठ वार्डों में शिकायतें भरपूर, समाधान दूर

**आगरा।** नगर निगम के आठ वार्डों में शुक्रवार को आयोजित मोहल्ला समाधान शिविरों में फरियादी तो आए लेकिन सिर्फ शिकायतें ही दर्ज की गईं। एक भी शिकायत का मौके पर समाधान नहीं हो सका। निगम के आठ वार्डों में कुल 312 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें सबसे ज्यादा 107 शिकायतें गोबर चौकी वार्ड में आईं। अधिकारियों ने शिकायतों को संबंधित विभागों के पास भेज दिया। समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य था कि लोगों को नगर निगम के चक्कर न काटने पड़ें और उन्हें तत्काल समाधान मिल जाए। शुक्रवार को नगर निगम की ओर से सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक आठ वार्डों में मोहल्ला समाधान शिविर लगाए गए। इनमें सबसे ज्यादा जलभराव, सीवर चोक, नालियों की सफाई, टूटी सड़कें, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा उठान, सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण संबंधी शिकायतें आईं। अधिकारियों ने शिकायतों का परीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि निर्माण एवं तकनीकी कार्यों से जुड़ी शिकायतों को संबंधित शाखाओं को भेज दिया गया। ताजगंज जोन के दो वार्डों में शिविर लगे थे, जिनमें 140 शिकायतें आईं। सबसे ज्यादा वार्ड-97 गोबर चौकी में 107 शिकायतें आईं। वार्ड-2 नंदपुरा में 33 शिकायतें पहुंची। लोहामंडी में 112 शिकायतें मिलीं, जिनमें वार्ड-73 अलबतिया से 82 और वार्ड-03 जगदीशपुरा से 30 फरियादियों ने समस्याएं दर्ज कराईं। हरीपर्वत जोन में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें वार्ड-28 जागेश्वर नगर से 13 और वार्ड-93 वजीरपुरा से 22 शिकायतें आईं। छत्ता जोन में कुल 25 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें वार्ड-01 काजीपाड़ा से 21 तथा वार्ड-58 नरायच पश्चिम से चार शिकायतें ही दर्ज हुईं। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया कि पूर्व सूचना होने से इस बार ज्यादा फरियादी आए। सभी से शिकायतें ली गई हैं। जल्द ही समाधान कराया जाएगा। लोगों के घर के पास ही समाधान शिविर लगा रहे हैं ताकि उन्हें शिकायतों के लिए नगर निगम के चक्कर न काटने पड़ें।

# जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण हो : डीएम



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। डीएम ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/ शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये।

संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील सदर स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने साफ सफाई का विशेष जायजा लिए। जिलाधिकारी ने सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो / बी0आर0सी0 कक्ष, प्रभारी कंप्यूटर नकल खतौनी कक्ष, राजस्व अभिलेखागार सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बसता सूची रजिस्टर का अवलोकन किया तथा रजिस्टर को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ससमय दाखिल-खारिज करे, उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समस्त कर्मचारियों की सर्विस बुक अपडेट करे। जिलाधिकारी ने अभिलेखों का सुरक्षित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 52 शिकायतें प्राप्त हुई है तथा 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन प्राजक्ता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप डीएम मांट चंद्रभूषण प्रताप ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 37 शिकायतें प्राप्त हुई और 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## शराब के ठेकों के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**खंदौली।** थाना क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में शुक्रवार को शराब के ठेकों के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों महिलाएं लाठी-डंडे लेकर अंग्रेजी और देसी शराब के ठेकों पर पहुंच गईं और ठेके बंद कराने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। विरोध बढ़ता देख ठेके पर मौजूद सेल्समैन दुकान बंद कर वहां से चले गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझाकर शांत कराया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि गांव में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण उनके परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उनका आरोप है कि शराब की लत के चलते पति और बेटे नशे के आदी हो गए हैं, जिससे घरेलू कलह के साथ-साथ आर्थिक परेशानियां भी बढ़ रही हैं। महिलाओं ने प्रशासन से गांव से अंग्रेजी और देसी शराब के ठेके हटाने की मांग की। पुलिस ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी मांग और शिकायत को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। इसके बाद मामला शांत हो गया।

# डीएम ने देखीं दुद्धी क्षेत्र की अनेक परियोजनाएं



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को तहसील दुद्धी स्थित आवासीय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी दुद्धी को आवासीय परिसर की बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु तत्काल एस्टीमेट तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जा सके। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए परिसर में प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के भी निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, दुद्धी में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि सितंबर माह तक गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। छात्रावास परिसर में रिक्त स्थान पर बैडमिंटन कोर्ट विकसित कराने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि शेष कार्य पूर्ण कर एक सप्ताह के भीतर ट्रांजिट हॉस्टल को हैंडओवर कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। छात्रावास में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भाऊराव देवरस महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी अथवा लापरवाही पाई गई तो संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम व एसपी ने घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल



सोनभद्र। सम्पूर्ण समाधान दिवस, दुद्धी में प्रतिभाग करने के लिए जाते समय गुरमुरा के समीप सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को देखकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।

दोनों अधिकारियों ने तत्काल अपना काफिला रुकवाकर घायल व्यक्ति का हालचाल जाना और बिना किसी विलंब के अपने स्कॉर्ट वाहन से उसे निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाकर उपचार सुनिश्चित कराया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायल व्यक्ति को आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं तथा उपचार में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों अधिकारियों की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना की।

संक्षेप

## लोहे की रॉड से पीटा, दी जान से मारने की धमकी

मड़िहान, मीरजापुर। थाना मड़िहान क्षेत्र में काम पर जा रहे एक दलित युवक को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटने और जातिसूचक गाली देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रामपुर तैतीस, पोस्ट देवपरा निवासी सारदा देवी पत्नी गुड्डू सोनकर ने बताया कि उनका बेटा गोलू 31 जुलाई 2026 को दारानगर काम के लिए जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही जेलर यादव और उसका बेटा अज्ञात मन्नू यादव ने रास्ते में उसे रोक लिया। दोनों ने पहले गाली-गलौज की, फिर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी। हमले में गोलू को कई जगह गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया और धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी आए दिन परिवार को परेशान करते रहते हैं। घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मड़िहान पुलिस ने शारदा देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया। थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घायल युवक का मेडिकल कराया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी

## हर आयुष संस्थान में बनेगा चरक वन: दयालु

वाराणसी। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयुष विभाग प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान चलाएगा। इसके तहत प्रदेश के सभी आयुष चिकित्सालयों एवं महाविद्यालयों में 2.07 लाख से अधिक औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। डॉ. दयालु ने बताया कि जिन राजकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों तथा 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालयों में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, वहां 'चरक-वन' विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा सभी राजकीय आयुष चिकित्सालयों की बाउंड्रीवाल के किनारे हरित पट्टी विकसित करने के लिए पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेगा।

## शैक्षिक उन्नयन पर बैठक

पलियाकलां खीरी। विद्यालय के सभागार में समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक शैक्षिक उन्नयन व अनुशासन चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए विद्यालय के प्रबंधक गोविंद गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय में समय पर विद्यार्थियों की उपस्थिति आदि के संदर्भ में विद्यालय के प्रबंधक गोविंदगर्ग द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव भी उपस्थित रहे। प्रबंधक जी ने कहा कि विद्यालय की छवि जनपद में बेहतरीन विद्यालय की रही है। सभी शिक्षकों शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावकों का फर्ज बनता है कि विद्यालय की छवि इसी प्रकार और अच्छी बनाने का प्रयास करें।

# हिंडालको में रामलीला का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

रेणुकूट,सोनभद्र। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामलीला मंचन 2026 के सफल आयोजन एवं मंगलमय शुभारंभ की कामना के साथ हिंडाल्को रामलीला परिषद के परिसर में विधि-विधान से भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर हिंडालको रेणुकूट के यूनिट हेड समीर नायक एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने भगवान श्रीराम की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा रामलीला मंचन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए समीर नायक ने कहा कि हिंडाल्को रेणुकूट की रामलीला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे हिंडालको परिवार की गौरवशाली परंपरा और सोनभद्र जनपद की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है। यह आयोजन श्रद्धा, समर्पण, संस्कार और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रेणुकूट की रामलीला से प्रेरणा लेकर आज रेणुसागर, महान तथा ओडिशा में भी रामलीला मंचन की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

वहीं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने कलाकारों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रममलीला का मंचन करना ही हमारा अंतिम उद्देश्य नहीं है, बल्कि भगवान श्रीराम के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं, आदर्शों, मयार्दा, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भाव को अपने जीवन में उतारना भी उतना ही आवश्यक है। रामलीला हमें सत्य, त्याग और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम के दौरान श्री रामलीला परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष अजय सिन्हा, सचिव आदित्य प्रकाश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा, वित्त प्रमुख विजॉय सिंह, सेफ्टी हेड जयश्री तिवारी, आईटी हेड सुनील कांत पांडेय, टाउनशिप हेड राजेश तिवारी, जनसंपर्क विभाग प्रमुखयशवंत कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, रामलीला परिषद के पदाधिकारी, कलाकार उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन भगवान श्रीराम के जयघोष एवं रामलीला मंचन सफलता की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने रामलीला की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने तथा नई पीढ़ी तक इसके आदर्शों को पहुंचाने का संकल्प लिया।

## नर्स से बलात्कार मामले में अस्पताल संचालक और उसके बेटे पर मुकदमा

जिला संवाददाता(vol)

भदोही। जिले में एक आयुर्वेद अस्पताल एवं पंचकर्म केंद्र में एक नर्स से दुष्कर्म के मामले में चिकित्सालय के संचालक, उसके बेटे तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि गोपीगंज थाना क्षेत्र स्थित धन्वन्तरि आयुर्वेदिक अस्पताल एवं पंचकर्म केंद्र के संचालक हरि शंकर त्रिपाठी, उसके बेटे अभिषेक त्रिपाठी तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 (शादी के झूठे वादे या धोखे से शारीरिक संबंध बनाना), 238 (अपराध के साक्ष्य मिटाना या अपराध को बचाने के लिए झूठी जानकारी देना), 239 (अपराध की जानकारी जानबूझकर छुपाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल संचालक हरि शंकर त्रिपाठी के बेटे अभिषेक पर अपने चिकित्सालय में काम करने वाली एक नर्स को शादी का झांसा देकर पिछले नौ माह के दौरान उससे 20 बार बलात्कार करने का आरोप है।

त्यागी ने बताया कि 25 वर्षीय नर्स का आरोप है कि जब उसने आरोपी के पिता और अस्पताल संचालक त्रिपाठी से शिकायत की तो उसने उसे चुप रहने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि गत 30 जुलाई की देर शाम अभिषेक कुछ अज्ञात लोगों के साथ अस्पताल पहुंचा और नर्स से कहा कि वह अस्पताल से चली जाए नहीं तो वह उसे तथा उसकी आठ साल की बेटी को जान से मार देगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के रोहतक जिले की रहने वाली नर्स की मेडिकल जांच कराई गई है तथा अदालत में उसका बयान दर्ज कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल संचालक हरि शंकर त्रिपाठी और उसका बेटा अस्पताल बंद करके फरार हो गये हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## लोकतंत्र में असहमति को अपराध बनाया जा रहा: अजय राय

सीतापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को सीतापुर पहुंचकर भाजपा सरकार पर एक साथ कई मोर्चों पर तीखा हमला बोला। सांसद राकेश राठौर के आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सवालों का जवाब देने के बजाय उन पर मुकदमे दर्ज कराकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र में असहमति को अपराध बनाया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि देश का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और रोजगार के संकट से जूझ रहा है, लेकिन सरकार समाधान देने के बजाय विरोध करने वाले छात्रों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपने अधिकारों की बात करता है तो उसे मुकदमों और पुलिसिया कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस ऐसे छात्रों और युवाओं के संघर्ष में पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। कथित ह्यचंदा चोरीह्य प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि मामले में केवल छोटे कार्यकताओं को निशाना बनाया गया, जबकि बड़े नामों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि जांच निष्पक्ष है तो कानून सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत के हालिया बयान पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है, लेकिन यदि सत्ता पक्ष का कोई नेता या सांसद युवाओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ भी समान कार्रवाई होनी चाहिए। कानून का पैमाना सत्ता और विपक्ष के लिए अलग-अलग नहीं हो सकता।

## एक माह से बिजली आपूर्ति प्रभावित, ग्रामीणों का प्रदर्शन

म्योरपुर, सोनभद। विकास खंड म्योरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडाडीह के चंद्रभान नगर में 25 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण पिछले लगभग एक माह से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जेई और एसडीओ को सूचना देने तथा शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण मोहल्ले के कई घरों में बिजली नहीं पहुंच रही है। लगातार बिजली बाधित रहने से पेयजल की व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से अविलंब समस्या का समाधान कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में विद्युत विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

प्रदर्शन में ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार, संपत मेहंदी, बबलू, अनंत यादव, आफताब हुसैन, राजेंद्र रवानी, सफीक अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।इस संबंध में विद्युत विभाग के एसडीओ शिवम गुप्ता ने बताया कि ट्रांसफार्मर सही है। केवल एक खूंटी (फेज) से सप्लाई नहीं निकल रही है, जबकि अन्य फेज से बिजली आपूर्ति चालू है। जिस फेज में समस्या है, उसे भी जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम, एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद

जिला संवाददाता



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अगस्त महीने के प्रथम शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये।

श्री गौड़ ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा उप जिलाधिकारी दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता ने 89 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये।

रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 85 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 75 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार पासवान, तहसीलदार ने शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा रवि कुमार पासवान व तहसीलदार ओबरा आदि ने 86 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 07 मामले निस्तारित हुए, बाकी 79 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी घोरावल, तहसीलदार घोरावल आदि ने 65 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 57 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## जनार्दन मिश्रा का जीवन संगठन को समर्पित था: रमापति त्रिपाठी

महोली/सीतापुर। पूर्व सांसद स्वः श्री जनार्दन मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि ब्लिस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा रमापति त्रिपाठी ने स्वः श्री जनार्दन मिश्रा के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। शनिवार को सीतापुर से पूर्व सांसद रहे स्वः जनार्दन मिश्रा की पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग राजेश वर्मा, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, नैमिष रत्न तिवारी, सागर गुप्ता सहित गणमान्य नागरिकों ने चित्र सम्मुख श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की आयोजिका रानू मिश्रा द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमापति त्रिपाठी ने कहा कि स्वः जनार्दन मिश्रा का जीवन संगठन को समर्पित था। उन्हें जो दायित्व सौंपा गया उसका ईमानदारी से पालन किया। मेरे प्रदेश अध्यक्ष रहते मैंने उनको क्षेत्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी ।हम लोगों ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। अब देश के अंदर जो दल हैं वह या तो परिवारवाद या व्यक्ति विशेष के लिए काम कर रहे हैं। इस समय 22 राज्यों में सभी समाज के नेता मौजूद हैं। हमारी सरकार ने अंतिम पावदान पर बैठे व्यक्ति को सुविधा देने का काम किया है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि राजनीति में यह संभव नहीं है कि हमने किसको हराया इसका फैसला जनता करती है। जब मैंने 2014 में भाजपा ज्वाइन की थी तो मैं सबसे पहले स्वः, जनार्दन मिश्रा का आशीर्वाद लेने गया था। उनके आदर्शों पर चलते हुए हम सभी को ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि हम लोगों ने स्वर्गीय जनार्दन मिश्रा को 1985 में जिताया।1989 में यह सीट जनता दल के खाते में चली गई। 1991 में फिर मौका मिला और काफी वोटो से जीत हुई। 1996 में स्वः जनार्दन मिश्रा हार गए। उसके बाद 1998 में वह जीते। 1999, 2004 का चुनाव कम अंतर से हार गये।इसके बाद उन्होंने 2009 में चुनावी राजनीति से अपने को अलग कर लिया। उन्होंने पद पर रहते हुए ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य किया। मुख्य अतिथि के द्वारा स्वः जनार्दन मिश्रा पर लिखी पुस्तक ह्यह्यजनता के जनार्दन ह्यह्यका विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष तरुण शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर अवधेश वर्मा, प्रसाद मिश्रा, विशंभर तिवारी, आशीष मिश्रा, रामकुमार शुक्ला ,श्रीकांत मिश्रा, हरिकरन दीक्षित, आदित्य दीक्षित सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मछली मारने गये अधेड़ को मगरमच्छ ने किया लहूलुहान

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगरा मे शनिवार को सुबह 6 बजे मछली पकड़ने गए 60 वर्षीय अधेड को मछली पकड़ने के दौरान आठ फिट लम्बा विशाल काय मगरमच्छ ने अपने जबड़े मे जकड़ लिया मगरमच्छ का निवाला बन रहे अधेड ने शोर मचाया शोर सुन मौके पर गाँव के अरविंद्र, जितन, लालू ने मौके पर पहुंच लाठी डंडे से मगरमच्छ को मारा इस दौरान बुरी तरह जख्मी कर चूका मगरमच्छ अधेड को छोड़ दिया ग्रामीणों ने उसे पानी से निकाल ग्राम प्रधान फूल कुमार को सुचना दिया। ग्राम प्रधान कि सुचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने लहू लुहान बृद्ध को सीएचसी चोपन भर्ती कराया जहाँ उपस्थित डाक्टर अर्जुन कुमार द्वारा प्रथम उपचार किया गया। इलाज कर रहे डाक्टर ने बताया कि मगरमच्छ के हमाले से लल्लू केवट पुत्र राम प्यारे 60 वर्ष बुरी तरह घायल था कि जगह टाके लगाए गये है स्थिति गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए बृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वही घायल जोगिंदर बुलेन्दर ने वन विभाग से उचित मुआवजे कि मांग कि है। समाचार लिखें जाने तक चोपन पुलिस मौके पर पहुंच जाँच मे जुट गयी थी।

## रौ.वै.म. के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. ए. के. गुप्ता , लोगों में खुशी की लहर



डाला सोनभद्र-अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा द्वारा डा ए के गुप्ता (रौनियार) युवा समाजसेवी एवं संस्थापक/अध्यक्ष, ऑल इंडिया रौनियार वैश्य समाज सोनभद्र उत्तर प्रदेश को नई जिम्मेदारी देते हुए उत्तर प्रदेश का राज्य का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त जाने पर रौनियार समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा ए के गुप्ता (रौनियार) ने अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय कमेटी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, एवं समस्त पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को नई दिशा देने में उत्तर प्रदेश राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, ताकि समाज के लोगों को उनका हक अधिकार एवं युवाओं को सम्मान, राजनीति भागीदारी हिस्सेदारी मिल सके। समाज के हित की लड़ाई सभी कोई मिलकर लड़ सके, इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य के सभी जिलों में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा ताकि प्रदेश के समस्त जिलों शहरों गांव गांव में समाज की आवाज बुलंद हो सके और राजनीति के क्षेत्र में समाज के लोग मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।श्री रौनियार ने जोर देते हुए कहा कि रौनियार समाज के लोगों का बहुत ही शोषण उत्पीड़न हो रहा है, समाज के लोगों एवं व्यवसाईयों को परेशान किया जा रहा है, समाज के लोगों की बात कही नहीं सुनी जा रही है, छोटे-छोटे मामलों में समाज के लोगों को फसाए जाने की धमकी दी जाती है जिससे समाज के लोगों में काफी भय व्याप्त है।श्री रौनियार ने कहा कि रौनियार समाज के लोगों के साथ केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में रौनियार समाज ओबीसी में आता है और केंद्र में सामान्य है यह कैसा न्याय है. ! रौनियार समाज द्वारा केंद्र सरकार से बार-बार मांग किया जा रहा है कि राज्य में ओबीसी है तो उसको केंद्र में भी लागू किया जाए। किंतु समाज के लोगों की एक भी नहीं सुनी जा रही है। न ही समाज के लोगों को उनका हक व अधिकार मिल रहा है। समाज के हक व अधिकार के लिए रौनियार समाज द्वारा पूरे प्रदेश में जनसंपर्क अभियान तेज कर जल्द ही इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाएगा ताकि समाज के लोगों को न्याय मिल सके। बधाई संदेश देने वालों में शिव शंकर रौनियार, राम सहाई रौनियार, मनिलाल, संजय गुप्ता रौनियार, संगम लाल, सचिन गुप्ता, चंदन गुप्ता, राजू गुप्ता, श्याम बिहारी, उमाशंकर आदि लोगों ने बधाई दी।

## विकास कार्यो में गुणवत्ता से समझौता नहीं

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित विभागों को निर्माण कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमापुर के पुनर्निर्माण कार्य का गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं त्रिलोचन महादेव मंदिर को दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने को कहा। रासमंडल स्थित हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा परिसर में फिनिशिंग और हरियाली विकसित करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने इंदिरा गांधी स्टेडियम में महिला शौचालय और स्विमिंग पूल को क्रियाशील रखने तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी को स्टेडियम के समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। साइबर थाना भवन के निर्माण की गुणवत्ता जांच कराने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए उनके विरुद्ध उच्च स्तर पर पत्र भेजने के निर्देश दिए। शीतला चौकियां मंदिर के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा।जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा विभाग की परियोजनाओं की अलग से विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को नियमित स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और पूर्ण परियोजनाओं को जनहित में जल्द संचालित करने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी , जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इनामी बदमाश को बचाने के आरोप में वरिष्ठ उपनिरीक्षक निलंबित, निरीक्षक लाइन हाजिर

बदायूं। गाजियाबाद जिले के एक चर्चित हत्याकांड के आरोपी को बचाने के आरोप में बदायूं पुलिस के दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि बिनावर थाने के निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ को लाइन हाजिर किया गया है जबकि वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर क्षेत्र में पिछले माह 12 एवं 13 जुलाई की दरम्यानी रात विपिन प्रजापति नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी और इस मामले में 20 हजार के इनामी आरोपी सोनू की पुलिस को तलाश थी।उन्होंने बताया कि आरोप है कि सोनू ने सिद्धार्थ और सिंह से सांठ-गांठ कर ली तथा 23 जुलाई को एक अन्य मामले में खुद को गिरफ्तार करवाकर जेल चला गया ताकि हत्या के मामले से बच सके। सूत्रों ने बताया कि इस गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उसका नाम सोहनपाल उर्फ सूजल बताया था।गाजियाबाद पुलिस से रिपोर्ट मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक सिंह से जांच कराई तो सामने आया कि दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया युवक वही सोनू है जो हत्या के मामले में फरार था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार देर रात मामले की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सिद्धार्थ को लाइन हाजिर कर दिया गया है और सिंह की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक (देहात क्षेत्र) हृदयेश कठेरिया को पूरे मामले की विस्तृत जांच का काम सौंपा गया है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र की रतिराम कॉलोनी के आजाद प्रजापति के मुताबिक मोटरसाइकिल का हॉर्न बजाने को लेकर विवाद हुआ था और इसी बात पर आरोपी सोनू ने विपिन के पेट में दो गोलियां मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी।

## राहुल गांधी पर दर्ज मुकदमा राजनीतिक कार्रवाई: अजय राय

हरदोइ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमों को राजनीतिक कार्रवाई बताते हुए इसकी आलोचना की। साथ ही भाजपा सांसद कंगना रनौत के कथित बयान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।श्री राय सड़क दुर्घटना में घायल कांग्रेस के हरदोई जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे का हालचाल जानने उनके आवास पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने वाराणसी में राहुल गांधी, पप्पू यादव और अन्य नेताओं पर दर्ज मुकदमों को लेकर कहा कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य ₹चढ़ावा चोरी₹ के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाना है।

संक्षेप

## चंद्रशेखर बने जिलाध्यक्ष, नीलेश्वर राठौर महामंत्री

ललितपुर। जिला राठौर क्षत्रिय समाज की साधारण सभा शनिवार को जेल चैराहा स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के रिक्त पड़े जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी में चन्द्रशेखर राठौर को जिलाध्यक्ष तथा नीलेश्वर राठौर नीलू को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर राठौर और महामंत्री नीलेश्वर राठौर ने कहा कि समाज को मजबूत और संगठित बनाने के लिए जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार एवं संगठन में आवश्यक फेरबदल किया जाएगा। समाजहित में सक्रिय और समर्पित युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। बैठक में आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर की 388वीं जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, विशाल रक्तदान शिविर, समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों का अभिनंदन तथा छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

## विद्यालय के बच्चों ने शिक्षिका पर लगाये आरोप

ललितपुर। जनपद में परिषदीय विद्यालयों में स्थिति किसी से छिपी नहीं है। विद्यालयों में तैनात शिक्षकों द्वारा छात्रहित में कम और निजी स्वार्थ में ज्यादा मन लगाया जाता है। समय-समय पर शिक्षकों द्वारा परिषदीय विद्यालयों में पढने वाले छात्र-छात्राओं के साथ गंभीर मारपीट और उनसे अपने निजी कार्य कराने के आरोप भी लगातार लगते रहे हैं। कस्बा जाखलौन के ग्राम जीरोंन में एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जहां छात्र-छात्राओं के परिजनों ने विद्यालय में तैनात शिक्षिका पर गंभीर आरोप लगाये हैं। जिसमें बताया जा रहा है कि विद्यालय में तैनात शिक्षिका अपने बच्चे को लेकर आती हैं, जब बच्चा पॉटी कर लेता है तो स्कूल के बच्चों से पॉटी एवं बच्चे के कपड़े साफ करवाये जाते हैं। जब बच्चों द्वारा इस बात की सूचना अपने परिजनों को दी तो परिजनों ने हंगामा किया और पुलिस को बुला लिया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें विद्यालय के बच्चे शिक्षिका पर आरोप लगा रहे हैं कि वह उनसे अपने बच्चे की पॉटी और उसकी चड्डी साफ करवाती हैं। इस संबंध में बीएसए रत्नेश श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की जांच करवाई जा रही है और जांच उपरांत संबंधित शिक्षिका पर कार्यवाही की जायेगी।

## कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागों की आवश्यक बैठक आहूत की। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि न हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाएं। जहां बार-बार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, ऐसे स्थानों को आवश्यक संकेतक एवं अन्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

# डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

जिला संवाददाता




- राजस्व विभाग की बडी संख्या में शिकायतें मिलने पर लेखपालों, कानूनगो तथा रिकॉर्ड कीपर का वेतन रोकने के निर्देश
- अवैध कब्जों और भूमि विवादों पर संयुक्त टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश

ललितपुर। तहसील महरौनी में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व विभाग से जुड़ी बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित लेखपालों, कानूनगो तथा आरके (रिकॉर्ड कीपर) मुन्नीलाल का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को तत्काल मौके पर भेजकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष मामलों के निस्तारण के लिए समयसीमा तय की गई। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें परवाने खतौनी में दर्ज न होना, वरासत लंबित रहना, पैमाइश और अवैध कब्जों से संबंधित मिलीं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित लेखपालों और कानूनगो को फटकार लगाई। उन्होंने उपजिलाधिकारी महरौनी को इन कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आरके मुन्नीलाल को भी कड़ी फटकार लगाते हुए लंबित परवानों को तत्काल खतौनी में दर्ज कर किसानों को उनकी खतौनी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि लापरवाही जारी रही तो उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद वह स्वयं तहसील का पुनः निरीक्षण करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान कार्यों में सुधार नहीं मिला और जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं तो उसी दिन संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब या आमजन का उत्पीड? स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिले की पांचों तहसीलों में कुल 250 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 31 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी महरौनी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, जिला बंदोबस्त अधिकारी सहित पूर्ति, डूडा, ग्राम्य विकास, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील रामनगर में डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



जिला संवाददाता

- राजस्व, विद्युत एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश
- विभिन्न तहसीलों में आज 61 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

बाराबंकी। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से तहसील रामनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। आज तहसील नवाबगंज में सीडीओ अन्ना सुदन की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 190 प्रार्थना पत्र में 20, तहसील रामसनेहीघाट में एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 88 में 14, तहसील सिरौलीगौसपुर में 95 प्रार्थना पत्रों में 4, तहसील रामनगर में 143 में 9, तहसील फतेहपुर में 65 में 10, तहसील हैदरगढ़ में 95 में 4 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर एसपी अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी रामनगर आकांक्षा गुप्ता, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट विद्यांशु शेखर झा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रोड सेफ्टी नियम के प्रति मोटर यान निरीक्षक कर रहे युवाओं को जागरूक



बाराबंकी। रोड सेफ्टी नियम के प्रति आमजन, युवाओं में जागरूकता लाने की दिशा में परिवहन विभाग गोष्ठी एवं कार्यशालाएं लगाकर सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस दौरान मोटर यान निरीक्षक बलवत सिंह यादव वाहन चालकों और विशेषकर युवाओं से हेलमेट व सीटबेल्ट के साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का मंत्र का संकल्प दिलाकर जागरूकता बढ़ाने व युवाओं में ड्राइविंग के दौरान अनुशासन लाने का काम कर रहे है। मोटर यान निरीक्षक श्री यादव ने युवाओं से गति सीमा का ध्यान रखने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग न करने, वाहन दस्तावेज दुरुस्त रखने, बिना लाइसेंस गाड़ी न चलाने व 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिगो को ड्राइविंग न करने की सलाह देते हुये जिम्मेदार चालक बनने के लिये प्रेरित किया।

## जालौन में शटडाउन के दौरान करंट लगने से प्राइवेट लाइनमैन की मौत

जालौन। जिले के गोहन थाना क्षेत्र में शनिवार को शटडाउन लेकर विद्युत लाइन पर मरम्मत कार्य कर रहे एक प्राइवेट लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। थाना प्रभारी गोहन ने बताया कि गोहन फीडर से कुरसेड़ा जाने वाली विद्युत लाइन पर 25 वर्षीय प्राइवेट लाइनमैन आकाश कुमार शाक्यवार मरम्मत कार्य कर रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार्य शुरू करने से पहले लाइन का शटडाउन लिया गया था, लेकिन किसी स्तर पर अचानक विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गए।

## सपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक

बाराबंकी। भाजपा सरकार ने छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं, पिछड़ों के हक अधिकारों को दबाने के सिवाय कोई काम नहीं कर रही है। जिससे बेरोजगारी महंगाई और किसानों की है बदहाली बढ़ती जा रही है। मौजूदा वक्त में न तो किसानों को खाद मिल रही है न छात्रों के एग्जाम सही तरीके



से हो पा रहे हैं, न नौजवानों को रोजगार मिल पा रहे हैं। बस हम सबको आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना है तभी हम प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशहाली के मुस्कान ला पाएंगे। उक्त बात छाया चैराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता मे आयोजित मासिक बैठक मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने व्यक्त किये। बैठक मे पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि मौजूदा सरकार आश्वासन भाषण के अलावा अभी तक धरातल पर कोई ठोस काम नहीं कर पाई इस सरकार में जिस प्रकार छात्रों नौजवानों को दबाने का काम हो रहा है आजादी के बाद से अब तक किसी सरकार मे नहीं हुआ। बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा इस सरकार में न छात्र सुरक्षित है न महिलाएं, न व्यापारी और ना ही संविधान सुरक्षित है। इन सब की रक्षा सुरक्षा के लिए हम सबको दिन-रात अपने-अपने बूथ पर सर्व समाज के लोगों को एकजुट करना होगा। बैठक को सदर विधायक धर्मराज सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राममगन रावत, अरविंद यादव, हुमायूं नईम खान, जिला महासचिव हिमांशु यादव, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू, प्रदुमन यादव, धीरज गुलसिया, लल्ला यादव आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता:व्यास




ललितपुर। कदम संस्था द्वारा संचालित उम्मीद अभियान के अंतर्गत रामरतन विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में दूसरा साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों का जन्मदिन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक गोविंद नारायण व्यास ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, तभी आने वाली पीढि ?ों को स्वच्छ और हराभरा वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से पौधरोपण किया जाएगा। वर्षभर तैयार किए गए पौधों को जुलाई माह में बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपा जाएगा। इसके साथ ही बच्चों को विभिन्न प्रजातियों के बीज वितरित कर घर-घर बीजारोपण अभियान चलाया जाएगा, ताकि प्रत्येक परिवार पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा सके। इस दौरान लक्ष्मी मिश्रा, विवेक तिवारी, बी.के.चैरसिया, तृप्ति शर्मा, पूनम, रचना, अफसाना, महिमा, आकांक्षा, क्रांति, सेजल, रमा, रेनू, फूलवती सहित विद्यालय परिवार और कदम संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

# श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता, सेवा भाव से निभायें दायित्वः डीएम

जिला संवाददाता



- श्रावण सोमवारों की व्यवस्थाओं को लेकर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग
- डीएम व एस0पी ने सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर किया व्यवस्थाओं का अवलोकन

बाराबंकी। श्रावण मास के दौरान श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर में पड़ने वाले सोमवारों पर संभावित श्रद्धालु एवं कांवड़ियों की भीड़ को लेकर महादेवा ऑडिटोरियम में तैनात जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों, उनके समकक्ष पुलिस अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने की। ब्रीफिंग मे जिलाधिकारी ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्धारित समय से अपने-अपने क्षेत्र में उपस्थित होकर सतत भ्रमणशील रहने, प्रत्येक व्यवस्था पर निरंतर निगरानी बनाए रखने, श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, यातायात संचालन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, खोया-पाया केंद्र तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने साथ ही कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य चिकित्सालयों को पूर्णतः अलर्ट मोड पर रखते हुए चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, आवश्यक दवाओं एवं एम्बुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम एवं उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट्स पर समय से उपस्थित रहकर पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन के साथ दायित्वों का निर्वहन करने, संवेदनशील स्थलों, प्रमुख मार्गों, पार्किंग क्षेत्रों तथा भीड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये। ब्रीफिंग से पूर्व डी0एम व एस0पी ने सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का

## डॉ. वीरेन्द्र सिंह बने प्रभारी सीएमओ



ललितपुर। शासन की मंशा अनुरूप हर व्यक्ति को स्वास्थ्य एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है। यह बात प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह ने कही। जनपद में तैनात रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद की पद से सेवानिवृत्ति के उपरांत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह को प्रभारी सीएमओ बनाया गया है। इस मौके पर डा0 वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में चल रही योजनाओं में गतिशीलता लाई जायेगी और समस्याओं व कमियों को दूर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जेएसवाई योजना के तहत शीघ्र ही लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। प्रभारी सीएमओ ने अधीनस्थ चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भी दिये कि वह सौंपे गये दायित्वों का तन्मयता के साथ निर्वाहन करें, यदि कहीं कोई समस्या आती है तो वह समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर पृथक बुंदेलखण्ड प्रांत निर्माण की रखी मांग



ललितपुर। बुन्देलखण्ड विकास सेना ने केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मन्नू कोरी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि आगामी विधानसभा सत्र में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त का प्रस्ताव पास करा के प्रान्त निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जाये।

बु. वि. सेना के दर्जनों कार्यकर्ता शाही रोड पर एकत्र होकर जलूस की शक्ल में पैदल मार्च करते हुए स्टेशन रोड से होते हुए राज्यमंत्री मन्नू कोरी के निवास पर पहुंचे और आगामी विधानसभा सत्र में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का प्रस्ताव पास कराने हेतु एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के अन्तर्गत निम्न बिंदुओं पर मांग की गई। जिसमें बुन्देलखण्ड की जनता लंबे समय से पृथक राज्य की मांग कर रही है। बुन्देलखण्ड विकास सेना पिछले 25 वर्षों से गांधीवादी एवं लोकतांत्रिक तरीके से इस मांग को उठाती रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद बुन्देलखण्ड आज भी पिछड़ेपन, बेरोजगारी, उद्योगों के अभाव, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली एवं पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। सूखा, बाढ़, पलायन, भ्रष्टाचार, सूदखोरी एवं सामाजिक विषमताओं ने क्षेत्र के विकास को बाधित किया है।

महारानी लक्ष्मीबाई, गोस्वामी तुलसीदास, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, मेजर ध्यानचंद एवं वृन्दावनलाल वर्मा जैसी महान विभूतियों की कर्मभूमि होने के बावजूद यह क्षेत्र निरंतर उपेक्षित रहा है। पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त का गठन ही क्षेत्र के संतुलित एवं समग्र विकास का प्रभावी समाधान है। ज्ञापन लेते हुए प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मन्नू कोरी ने पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का समर्थन करते हुए आश्वस्त किया कि वो इस बाबत शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के प्रस्ताव के बात करेंगे। ज्ञापन पर केन्द्रीय महामंत्री महेंद्र अग्निहोत्री, जिला कमांडेंट सुधेश नायक, मुकेश मुड़रा, मनोज शर्मा, सुनील अग्रवाल आदि के हस्ताक्षर हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन की मौत

ललितपुर। ललितपुर-महरौनी मार्ग पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक सेल्समैन की दर्दनाक मौत हो गई। मिर्चवारा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर उन्हें मेडिकल कॉलेज ललितपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

महरौनी कस्बा निवासी 44 वर्षीय राजेश पुत्र गोकुल प्रसाद ललितपुर के नदीपुरा स्थित शहजाद नदी के पास संचालित एक शराब की दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार रात करीब 10.15 बजे वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर महरौनी के लिए निकले थे। बताया गया कि रात करीब 11.30 बजे जब वह मिर्चवारा गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद राजेश सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में राजेश ने अपने परिचितों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से उन्हें मेडिकल कॉलेज ललितपुर पहुंचाया, लेकिन उपचार शुरू होने से पहले ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की पहचान करने में जुटी है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बानपुर पुलिस ने 14 गुम मोबाइल खोजकर लौटाये

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में थाना बानपुर पुलिस ने गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने की मुहिम में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 14 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 1.85 लाख रुपये बताई गई है। अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस अधीक्षक एवं बानपुर पुलिस का आभार जताते हुए उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की। पुलिस के अनुसार एएसपी कालू सिंह तथा सीओ महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना बानपुर में। से प्राप्त गुमशुदा मोबाइल संबंधी प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इसके बाद थाना पुलिस ने आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर भारत सरकार के पोर्टल पर विवरण अपलोड किया। तकनीकी विश्लेषण एवं विभिन्नप्राप्त पुलिस टीम ने 14 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों की पहचान की और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें सौंप दिया।

# कांवड़ मार्गो पर स्थित मेडिकल स्टोरों की जांच करने पहुंची औषधि निरीक्षक

जिला संवाददाता



- लाइसेंस प्रदर्शित करने, जीवन रक्षक, आपातकालीन दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश
- सोमवार और शिवरात्रि पर फार्मासिस्ट की उपस्थिति में स्टोर को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश

बाराबंकी। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कावंड़ियो व श्रद्धालुओ की सुरक्षा सुनिश्चित कराये जाने को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने कांवड़ मार्ग पर स्थित विभिन्न दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। औषधि निरीक्षक ने महादेवा जाने वाली मार्ग के अंतर्गत गौतम मेडिकल स्टोर, वी0डी वर्मा मेडिकल स्टोर, सौरभ मेडिकल स्टोर, तिवारी मेडिकल स्टोर, बी0के मेडिकल स्टोर, लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, प्रतिभा मेडिकल स्टोर सहित 16 अन्य प्रतिष्ठानों पर दस्तावेजों व औषधियों की उपलब्धता का निरीक्षण किया। तथा मेडिकल स्टोर द्वारा श्रद्धालुओं हेतु निशुल्क स्टाल लगवाने, सभी ब्लड सेंटर संचालक को ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सभी मेडिकल स्टोर संचालको को प्रतिष्ठान में लाइसेंस को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने को लेकर निर्देश दिये। औषधि निरीक्षक श्रीमती बानो ने मेड़िकल संचालको को कावड़ यात्रा के दौरान ओआरएस, दर्द निवारक, एंटी-बायोटिक्स, एंटी-एलर्जिक और ओआरएस घोल का एक्स्ट्रा स्टॉक रखने, बैंडेज, कॉटन, बीटाडिन, डेटॉल, मूव, आयोडेक्स स्प्रे, ओआरआईएनटी क्रीम (पैरों के छालों के लिए) काउंटर पर तैयार रखने, उल्टी, दस्त, गैस और डिहाइड्रेशन की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, महादेवा मेले के मुख्य दिनों विशेषकर सोमवार और शिवरात्रि पर फार्मासिस्ट की उपस्थिति में स्टोर को 24 घंटे खुला रखने, भीड़ को नियंत्रित करने और तुरंत दवा देने के लिए अनुभवी सहायकों की संख्या बढ़ाने, बिना रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के किसी भी दवा की बिक्री न करने, सभी दवाओं का उचित बिल काटने और एक्सपायर्ड दवाओं को मुख्य स्टॉक से पूरी तरह अलग रखने के निर्देश दिये।

## आईजीआरएस पर फर्जी निस्तारण का आरोप

ललितपुर। शासन की जनशिकायत निस्तारण प्रणाली आईजीआरएस की पारदर्शिता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। विकासखंड जखौरा की ग्राम पंचायत मुहारा के अंतर्गत ग्राम खिरिया खुर्द में नाली निर्माण संबंधी शिकायत के निस्तारण में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि संबंधित अधिकारी ने बिना मौके पर पहुंचे और बिना उनसे संपर्क किए ही फर्जी जांच आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया। ग्राम खिरिया खुर्द निवासी तुलसीदास गोस्वामी पुत्र सीताराम गोस्वामी ने अपने मकान से लेकर प्रमोद रजक के नए मकान तक पक्की नाली निर्माण की मांग को लेकर 15 जुलाई 2026 को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किए बिना ही कार्यालय में बैठकर निस्तारण आख्या तैयार कर दी।

आरोप है कि रिपोर्ट में पुराने जीपीएस फोटो संलग्न कर यह दशार्या गया कि मौके का निरीक्षण किया गया है, जबकि वास्तविकता में कोई अधिकारी स्थल पर नहीं पहुंचा।

# तमंचा ,कारतूस शराब के साथ कई गिरफ्तार

जिला संवाददाता

देवरिया । खुखुन्दू पुलिस टीम द्वारा 31 जुलाई / 01 की रात्रि में पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व 02 अदद अवैध तमन्चा, 02 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस, 02 अदद मोबाइल, 01 मोटरसाइकिल व 01 सोने की माला बरामद कर अभियोग पंजीकृत किया गया ।

थाना गौरीबाजार पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सिरजम चौराहे के पास से एक टैंकर वढ 52 अळ 0730 से डीजल चोरी कर रहे 02 अभियुक्तों राजेश यादव पुत्र झपसी यादव निवासी धतुरा खास उसरा टोला व अरविन्द निषाद पुत्र रामदुलार निषाद निवासी नरौली भीखम थाना खुखुन्दू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के एक ड्रम में 45 लीटर डीजल व 15-15 लीटर के प्लास्टिक का डिब्बा व तेल निकालने वाला पाईप व एक कीप बरामद किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है । खामपार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व उसका वीडियो प्रसारित करने के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त अजीत प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी को आज मुखबिर की सूचना पर तमकुहीराज राजमार्ग से सरया जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर उसके पास से एक एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है । मईल पुलिस द्वारा आज पड़री गजराज मुख्य हाइवे मार्ग के किनारे बने मकान के पास से उपेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बद्री नारायण सिंह निवासी पड़री गजराज थाना मईल जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 46 पाउच देशी शराब बंटी बबली 140/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

## विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा के तहत 31 जुलाई तक 40.82 अरब डॉलर जुटाये गये

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को कहा कि विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती स्वैप सुविधा ने 31 जुलाई तक 40.82 अरब अमेरिकी डॉलर आकर्षित किए हैं। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इस स्वैप सुविधा के लिए मजबूत दिलचस्पी देखी गई और आठ जून, 2026 से लगातार विदेशी मुद्रा का प्रवाह हुआ है। विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा के माध्यम से उल्लेखनीय धन जुटाया गया। कुल प्रवाह में एफसीएनआर (बी) जमा का हिस्सा 36.725 अरब डॉलर रहा, जबकि विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) ने 2.575 अरब डॉलर का योगदान दिया और बाहरी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) की राशि 1.516 अरब डॉलर रही। देश के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए आरबीआई ने पांच जून को नए एफसीएनआर (बी) जमा, ओएफसीबी और ईसीबी प्रवाह के लिए रियायती स्वैप की पेशकश सहित कई उपायों की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि अधिकृत डीलर बैंकों से मिले आंकड़ों के आधार पर, स्वैप सुविधा के तहत 31 जुलाई, 2026 तक जुटाए गए विदेशी मुद्रा प्रवाह की स्थिति 40.816 अरब डॉलर थी।

## केंद्र ने राज्यों को 1.09 लाख करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त जारी की

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने राज्य सरकारों को 1.09 लाख करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त जारी की है। यह सामान्य मासिक राशि के अतिरिक्त है। इस समय एक वित्त वर्ष के दौरान केंद्र द्वारा एकत्र किए गए करों का 41 प्रतिशत राज्यों को 14 किश्तों में हस्तांतरित किया जाता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केंद्र सरकार ने एक अगस्त 2026 को राज्य सरकारों को I,09,019 करोड़ रुपये के कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त जारी की है, जो 10 अगस्त 2026 को जारी किए जाने वाले सामान्य मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री जुलाई में 26 प्रतिशत बढ़कर 1,03,860 इकाई पर

नयी दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड की कुल वाहन बिक्री जुलाई में 26 प्रतिशत बढ़कर I,03,860 इकाई हो गई। कंपनी ने शनिवार को बताया कि जुलाई 2026 के दौरान घरेलू बाजार में यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) की बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 60,048 इकाई रही, जो जुलाई 2025 में 49,871 इकाई थी। एमएंडएम ने बताया कि जुलाई में कंपनी की घरेलू वाणिज्यिक वाहन बिक्री 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,204 इकाई रही। कंपनी ने बताया कि जुलाई 2026 में उसका कुल निर्यात 47 प्रतिशत बढ़कर 4,070 इकाई रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2,774 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन प्रभाग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी के पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो में मजबूत मांग के बल पर जुलाई में सभी श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला और कुल बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

## कॉजपा प्रमुख अभिजीत दीपके बीमार, चिकित्सकों ने आराम की सलाह दी

छत्रपति संभाजीनगर। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके बीमार पड़ गए हैं और चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टर ने शनिवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में दीपके के घर पर उनकी जांच की थी। डॉक्टर ने बताया कि दीपके का रक्तचाप थोड़ा कम है और उन्हें उल्टी और दस्त की समस्या है। सुबह जब दीपके अपने घर के पार्किंग एरिया में लोगों से मिल रहे थे, तो उन्हें बेचैनी महसूस हुई। दीपके पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 45 मिनट पर अपने आवास के पार्किंग क्षेत्र में उनसे मिलने पहुंचे लोगों से बातचीत करने आए थे। इसी दौरान उन्हें असहज महसूस हुआ और वह घर के पीछे की ओर चले गए, जहां उन्हें उल्टी हुई। इसके बाद दीपके मीडिया से बातचीत किए बिना अपने घर में चले गए।

# विनिर्माण केंद्र बनने के लिए, आंध्र तैयार

एजेंसी

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश में विकास की संभावनाओं पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वैश्विक कंपनियां राज्य में मौके तलाश रही हैं, जो विनिर्माण गतिविधियों का केंद्र बन सकता है।

- प्रधानमंत्री मोदी ने भोगपुरम हवाईअड्डे के उद्घाटन पर कहा



भोगपुरम में नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करने और 18,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह हवाई अड्डा आंध्र प्रदेश, खासकर उत्तरी क्षेत्र के विकास के लिएै रनवे का काम करेगा। अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण 5,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसकी शुरुआती वार्षिक यात्री प्रबंधन क्षमता 60 लाख यात्रियों की है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर चार करोड़ यात्रियों तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा, गूगल ने (विशाखापत्तनम में) 15 अरब डॉलर के एआई और क्लाउड अवसंरचना परिसर की भी घोषणा की है। कई अन्य वैश्विक कंपनियां भी नयी संभावनाओं पर विचार कर रही हैं। इससे आंध्र प्रदेश और देश के युवाओं को बहुत फायदा होगा। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार नाका पल्ली में एक बड़े फार्मा पार्क के लिए भी सहायता कर रही है, जिसे आंध्र प्रदेश में एक बड़े फार्मा केंद्र के तौर पर विकसित किया जाना है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि देश के विमानन सेक्टर ने पिछले 12 साल में असाधारण प्रगति की है और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 166 से ज्यादा हो गई है। मोदी के अनुसार, वैश्विक कंपनियां आंध्र प्रदेश में मौके तलाश रही हैं और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# केंद्र सात बाढ़ प्रभावित राज्यों को एसडीआरएफ की 2,117 करोड़ से अधिक की राशि जारी करेगा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने चालू मानसून सत्र के दौरान सात बाढ़ प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 2,117.85 करोड़ रुपये की राशि को अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। प्रभावित राज्यों में हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और नागालैंड को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय हिस्से की पहली किश्त पहले ही मिल चुकी है। बयान में कहा गया राहत कार्यों के लिए समय पर धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश और ओडिशा को एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किश्त अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी है। हिमाचल प्रदेश को दूसरी किश्त के रूप में 193.95 करोड़ रुपये तथा



ओडिशा को 500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। बयान के अनुसार दस्तावेजी आवश्यकताओं में ढील देकर अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात और महाराष्ट्र के लिए पहली किश्त को अग्रिम रूप से जारी करने की मंजूरी दी गई है। अरुणाचल प्रदेश के लिए 44.55 करोड़ रुपये, असम के लिए 379.35 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 500 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई है।

# यूपीआई लेनदेन जुलाई में 29.9 लाख करोड़ के नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले लेनदेन का मूल्य जुलाई 2026 में फिर से 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले मई 2026 में भी यूपीआई लेनदेन 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में लेनदेन की संख्या 23.66 अरब रही, जो मई के 23.2 अरब और जून के 22.72 अरब से अधिक है। जुलाई में लेनदेन का मूल्य 29.88 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पेनियरबाय के प्रबंध निदेशक और सीईओ आनंद कुमार बजाज ने कहा यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की नींव को लगातार मजबूत कर रहा है। इसने जुलाई 2026 में 29.88 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 23.66 अरब लेनदेन को संसाधित किया, जो लाखों भारतीयों के लिए भुगतान के पसंदीदा माध्यम के रूप में इसकी भूमिका की पुष्टि करता है।

# निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के लिए समर्पित हों युवा : डोभाल

एजेंसी

पुणे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने शनिवार को देश के युवाओं से राष्ट्रीय हित के लिए पूरी तरह समर्पित होने और निजी स्वार्थों से ऊपर उठने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के सामने राष्ट्र निर्माण का जो अवसर का दौर है, उसका पूरा लाभ उठाया जाना चाहिए। डोभाल ने यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 प्राप्त करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा यह मान सकते हैं कि स्वतंत्रता का अर्थ अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी करना है, लेकिन ऐसा नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिलक स्मारक ट्रस्ट की ओर से स्थापित यह पुरस्कार डोभाल को प्रदान किया। डोभाल ने कहा आज के युवाओं को पूरी तरह समर्पित होकर यह संकल्प लेना चाहिए कि वे केवल राष्ट्रहित में काम करेंगे। उन्हें अपने छोटे-छोटे निजी हितों का त्याग करने के लिए



तैयार रहना चाहिए और यदि ऐसे विचार मन में आएं भी तो उन्हें नजरअंदाज कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है और देश को इस अवसर को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। डोभाल ने कहा हमारे देश के इतिहास में यह एक विशेष अवसर का समय है। हम इसे गंवाने का जोखिम नहीं उठा सकते। इस समय हमारी प्राथमिकता राष्ट्र निर्माण होनी चाहिए। देश के भविष्य पर विश्वास जताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कहा कि भारत अपने इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा और इतिहास का नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस प्रयास में सफल होंगे और नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेताओं का नेतृत्व मिलना देश का सौभाग्य है। उन्होंने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और दार्शनिक भी थे। डोभाल ने कहा कि जब पुणे में प्लेग फैला और तिलक के 21 वर्षीय पुत्र का निधन हो गया, तब भी उन्होंने शहर नहीं छोड़ा और वहीं डटे रहे। उन्होंने कहा आज की युवा पीढ़ी शायद यह मानती है कि भारत हमेशा से ऐसा ही था। संभवतः युवा यह

## रणथम्भौर अभयारण्य में दो शावकों संग नजर आई बाघिन

जयपुर। सवाई माधोपुर जिले के रणथम्भौर बाघ अभयारण्य में एक बाघिन (टी-127) अपने दो शावकों के साथ नजर आई है। वन अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बाघिन संग उसके शावकों को देखकर वन्यजीव प्रेमी और पर्यटक काफी उत्साहित हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाघिन को अभयारण्य के सफारी क्षेत्र जोन-7 में देखा गया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से उसकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही थी। वन विभाग के मुताबिक, बाघिन की शारीरिक स्थिति और व्यवहार में बदलाव दिखाई देने के बाद उसके शावकों के होने की संभावना को देखते हुए विशेष निगरानी शुरू की गई थी।

# छात्रों को क्षमा की जरूरत नही पीएम उनसे माफी मांगें: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के छात्रों को प्रधानमंत्री की क्षमा की जरूरत नहीं है, बल्कि उनको छात्रों से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में उन माता-पिता के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने पेपर लीक के कारण अपने बच्चों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को खोने वाले माता-पिता का दुख सबसे बड़ा होता है और यह पीड़ा उनके साथ हमेशा बनी रहती है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक, रद्द होने वाली परीक्षाओं और वर्षों की तैयारी के एक पल में बर्बाद हो जाने जैसी घटनाओं के बीच छात्रों से एक ऐसे तंत्र में



ईमानदारी से मेहनत करने की अपेक्षा की जाती है, जो स्वयं बेईमान है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि इसके बावजूद वह छात्रों को माफ करने की बात करते हैं। राहुल गांधी ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री उन शोकाकुल परिवारों से मिले हैं जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है या उन लोगों से जिनकी जमा पूंजी, समय, जीवन और सपने पेपर लीक की घटनाओं से प्रभावित हुए हैं? राहुल गांधी ने कहा, भारत के छात्रों को प्रधानमंत्री की क्षमा की जरूरत नहीं है। मोदी जी को उनसे माफी मांगनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें इस बात का दुख है कि जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान न सिर्फ उन्हें, बल्कि उनकी स्वर्गीय मां के लिए भी भद्दी गालियों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने यह भी कहा था कि इन गुमराह बच्चों को माफ किए जाने की जरूरत है। इंस्टाग्राम पर देर रात जारी एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह समाज में व्याप्त आक्रोश को समझते हैं, लेकिन यहै गुमराह बच्चौं के साथ अपनापन और उन्हें सही राह दिखाने का समय है।

# सकल जीएसटी संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया। घरेलू लेनदेन और आयात से अधिक कर संग्रह के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले वर्ष जुलाई में सकल जीएसटी संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा था। वहीं, जून 2026 में यह लगभग 1.95 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में कुल जीएसटी संग्रह 2,11,205 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से 39,835 करोड़ रुपये, राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) से 47,881 करोड़ रुपये और एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हुआ।

कुल कर वापसी यानी रिफंड इस दौरान 13.1 प्रतिशत बढ़कर 29,968 करोड़ रुपये रहा। कर वापसी समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एम एस मणि ने कहा कि जीएसटी संग्रह बाहरी माहौल में चुनौतियों के बावजूद निरंतर आर्थिक मजबूती को दर्शाता है। मणि ने कहा, घरेलू खपत पर हर महीने जीएसटी संग्रह में स्थिर वृद्धि से पता चलता है कि कुल घरेलू खपत काफी हद तक मौसमी विविधताओं और बाहरी प्रतिकूल परिस्थितियों से मुक्त हो रही है। उन्होंने कहा कि जुलाई में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे प्रमुख विनिर्माण राज्यों में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जुलाई में जीएसटी राजस्व वृद्धि का अधिकांश हिस्सा आयात से आया और यह पता करना महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह तैयार माल है या कच्चा माल, तथा इसमें से कितना हिस्सा उच्च मात्रा के बजाय केवल कमजोर रुपये को दर्शाता है।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रमंडल खेल

सर्वसम्मत फैसले से 5-0 से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज ने इस बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबला अपने नाम किया और भारत की स्वर्णिम लय को रोक दिया। महिलाओं के 57 किग्रा फाइनल में जैसमीन और वॉल्श के बीच पहला राउंड बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। जैसमीन ने यह राउंड विभाजित फैसले से अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे राउंड में शानदार पंच लगाए और सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। प्रीति ने स्वर्ण पदक मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की। उन्होंने पहला राउंड सर्वसम्मत फैसले से जीता, जिसमें पांचों जज ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में 10-8 का स्कोर दिया। बैंथमवेट वर्ग की विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज प्रीति ने दूसरे राउंड में भी अपना दबदबा कायम रखा और शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दिन का पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।

### राहुल गांधी

अपमान था। बांसुरी ने कहा लोकतंत्र में संविधान आपको निश्चित रूप से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार देता है लेकिन यह किसी भी समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचाने की अनुमति नहीं देता। इसी वजह से हम आज (शनिवार को) थाने आए हैं। हमने शिकायत दर्ज कराई है, प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और मामले की तुरंत जांच का अनुरोध किया। जगतगुरु बालक दास ने कहा कि संसद में जिस तरह से पप्पू यादव ने भगवान राम और सनातन का अपमान किया है, वह माफी के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वह कृत्य किया गया, उसे कोई सनातनी भूल नहीं सकता। उल्लेखनीय है कि विपक्षी दलों के सांसदों ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में संसद परिसर में प्रतीकात्मक नाटक कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। इस दौरान पप्पू यादव भगवा वस्त्र पहनकर पुजारी बने, जबकि राहुल गांधी ने चंदा दिया। उसके बाद पप्पू यादव चंदे का बक्सा लेकर भागने लगे, जिन्हें दूसरे सांसदों ने रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान चंदा चोर, गद्दी छोड़ के नारे भी लगाये गये।

### हिन्दू संगठनों

इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। विपक्ष द्वारा शुक्रवार को प्रस्तुत किए गए नाटक में राहुल गांधी समेत कई सांसद दानपात्रों में पैसे डालते नजर आए, जबकि पप्पू यादव प्रतीकात्मक रूप से पैसे अपनी जेब में रखते दिखे। इसका उद्देश्य राम मंदिर में चंदे की कथित चोरी को दर्शाना था। इस नाट्य प्रदर्शन में प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद और धर्मेंद्र यादव तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी सहित कई विपक्षी सांसद शामिल हुए थे।

### अनिल अंबानी

वित्तीय नुकसान तथा बाद में सामने आई ऐसी सामग्री से है, जो इस निवेश से जुड़ी कथित धोखाधड़ी की ओर संकेत करती है। शिकायत पर प्रतिक्रिया देते हुए अंबानी के प्रवक्ता ने कहा, ै सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड से संबंधित है। अंबानी 2005 से नवंबर 2021 तक कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक और बोर्ड के चेयरमैन रहे। नवंबर 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने कंपनी के निदेशक मंडल को भंग करके एक प्रशासक नियुक्त किया था। उन्होंने कहा,ै अनिल अंबानी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से पूरी तरह इनकार करते हैं और कानून के तहत उपलब्ध सभी अधिकार सुरक्षित रखते हैं। शिकायत, जो अब सीबीआई की प्राथमिकी का हिस्सा है और इसके अनुसार वर्ष 2013 और 2014 के दौरान रिलायंस कैपिटल ने सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी किए थे।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद, पोर्टफोलियो प्रबंधकों ने ईपीएफओ की ओर से इन एनसीडी में 2,500 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिनकी परिपक्वता अवधि वर्ष 2023 और 2024 में थी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यह शिकायत तब भेजी जब उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सूचित किया कि उसके पास ऐसे दस्तावेजी साक्ष्य हैं और बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा किए गए लेनदेन ऑडिट में 7 दिसंबर 2019 से 6 दिसंबर 2021 के बीच रिलायंस कैपिटल और उसके प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा प्रथम दृष्टया कई कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन पाए गए हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इससे पहले की अवधि में भी कई कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन पाये गए, जिनके कारण कंपनी से धन की कथित हेराफेरी हुई और अंततः रिलायंस कैपिटल विफल हो गई। दावा किया गया कि ईडी की जांच से प्रथम दृष्टया ऐसे कई लेनदेन सामने आए हैं, जिनमें अनियमित ज्ण वितरण, धन का कथित दुरुपयोग, गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों (सुरक्षा) के मूल्य में कमी तथा रिलायंस कैपिटल द्वारा किए गए अन्य संदिग्ध कार्य शामिल हैं, जिनकी विस्तृत जांच की आवश्यकता है।

### एलडीए जेई

वर्मा उसके निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद कराने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बताया गया कि उसके मकान निर्माण को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई है। इस शिकायत को खत्म कराने के नाम पर उसे एलडीए कार्यालय बुलाया गया। कार्यालय पहुंचने पर जेई और सुपरवाइजर ने कार्रवाई का भय दिखाते हुए पहले 15 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने इतनी रकम देने में असमर्थता जताई तो रिश्वत की रकम घटाकर 7.50 लाख रुपये तय कर दी गई। विजिलेंस जांच में सामने आया कि जेई और सुपरवाइजर ने रिश्वत लेने के लिए बाहरी व्यक्ति श्रवण कुमार को भी अपने साथ शामिल किया था। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने से जुड़े मोबाइल कॉल सहित अन्य साक्ष्य भी विजिलेंस टीम को उपलब्ध कराए थे। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विजिलेंस ने आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। शनिवार को शिकायतकर्ता तय रकम लेकर एलडीए के जोन-5 कार्यालय पहुंचा। जैसे ही आरोपियों ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से मौजूद विजिलेंस टीम ने तीनों को दबोच लिया। मौके से रिश्वत की पूरी रकम भी बरामद कर ली गई। मामला सामने आने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जेई दिनेश कुमार वर्मा और सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राधिकरण प्रशासन ने भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। विजिलेंस टीम अब गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच भी की जा रही है।

### 52 दिन बाद

लौट रहे थे, तो उन्होंने शाह जमाल इलाके के एक घर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनीं।

### भारत की युवा

रोजगार उपलब्ध कराना भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने युवाओं से जोखिम लेने, नए विचारों पर काम करने और स्थानीय संसाधनों को आर्थिक अवसरों में बदलने की सोच विकसित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं के लिए प्रदेश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को स्थानीय स्तर पर आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि पहाड़ और गांव का युवा अपने क्षेत्र में ही रोजगार अथवा स्वरोजगार स्थापित करता है तो इसका लाभ केवल उसके परिवार तक सीमित नहीं रहता। इससे स्थानीय बाजार मजबूत होता है, दूसरे लोगों के लिए भी रोजगार पैदा होते हैं और पलायन जैसी चुनौती को कम करने में मदद मिलती है। सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा जिस भरोसे के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, उस भरोसे की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने नकल तथा अनुचित साधनों के खिलाफ कठोर कानून लागू किया है। उन्होंने कहा कि नकल माफिया और भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री के अनुसार, पिछले साढ़े चार वर्षों में 100 से अधिक नकल माफिया जेल भेजे गए हैं, वहीं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए 34 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में सुधार से योग्य और मेहनती युवाओं का विश्वास मजबूत हुआ है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी अभ्यर्थी के साथ उसकी योग्यता और मेहनत के आधार पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए युवाओं की सोच, भागीदारी और नेतृत्व भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे शिक्षा और कौशल को अपनी ताकत बनाएं तथा व्यक्तिगत सफलता के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा प्रतिभा और परिश्रम के मामले में किसी से पीछे नहीं है। जरूरत केवल उसे सही अवसर और दिशा देने की है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की युवा शक्ति नवाचार, उद्यमिता, तकनीक और कौशल के माध्यम से उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, कुलपति प्रतिभा लूथरा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राज्य मंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान, शोभाराम प्रजापति, श्यामवीर सैनी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. लालित नारायण मिश्र सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### असम में

82 हो गई है। बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या I,92,799 है। चराईदेव सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां 77,456 लोग बाढ़ की चपेट में हैं। इसके बाद शिवसागर में 63,492 और जोरहाट में 34,067 लोग इस आपदा से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को फैसला किया कि पांच अगस्त को सरकारी और निजी बीमा कंपनियों के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें क्षतिग्रस्त वाहनों, पशुधन और अन्य संपत्तियों से जुड़े बीमा दावों का जल्द निपटारा करने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच अगस्त को ही एनबीएफसी के साथ भी बैठक होगी और इन चार जिलों (शिवसागर, चराइदेव, जोरहाट और गोलाघाट) के कर्जदारों को ज्ण भुगतान में राहत अवधि देने का अनुरोध किया जाएगा।

### गुजरात में

के दौरान 611 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। विभिन्न जिलों के लिए मौसम विभाग के रेड और ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां कर ली थीं। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया गया तथा प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ), (एसडीआरएफ) तथा सेना के जवानों को तैनात कर दिया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार सुबह तक अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर, राजकोट, भावनगर, मोरबी और बोटाद जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है।




# वनडे कप : कुलदीप ने स्टोक्स को किया आउट

एजेंसी

लंदन। भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स को आउट किया और यॉर्कशर की वनडे कप में डरहम पर जीत में अहम भूमिका निभाई। कुलदीप ने स्टोक्स (12) को जॉर्ज हिल के हाथों

**आशुतोष ने पांच विकेट लिए**

कैच आउट कराने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट के विशेषज्ञ कॉलिन एकरमैन (26) को भी आउट किया। कुलदीप ने 10 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए जिससे यॉर्कशर ने डरहम को 48.1 ओवरों में केवल 165 रन पर ढेर कर दिया। जेम्स व्हार्टन (नाबाद 68) और सैम व्हाइटमैन (नाबाद 52) ने अर्धशतक बनाए और यॉर्कशर ने 41 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। एक अन्य मैच में भारतीय ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा (51 रन देकर पांच विकेट) ने लिस्ट ए क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया, जिससे हैम्पशर ने एसेक्स को तीन विकेट से हरा दिया। आशुतोष की शानदार गेंदबाजी से हैम्पशर ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रही एसेक्स को 49 ओवर में 317 रन पर रोक दिया।

इसके जवाब में जेम्स फुलर (नाबाद 58), कप्तान निक गुबिन्स (53) और टॉम प्रेस्ट (51) के अर्धशतकों की बदौलत हैम्पशर ने 47.4 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं दूसरी ओर एक अगस्त (भाषा) भारतीय बल्लेबाज रजत पाटीदार इस महीने के अंत में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी में मध्य क्षेत्र टीम की कप्तानी करेंगे। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। पाटीदार की



अगुआई में हाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लगातार दो बार आईपीएल खिताब जीता था। ऑफ स्पिनर सारांश जैन को भी टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके घरेलू सत्र के शुरुआती मुकाबलों में खेलने की संभावना नहीं है क्योंकि वह श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

सारांश जैन के गॉल में अपना टेस्ट पदार्पण करने की संभावना है क्योंकि ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में शुरू होगा। दलीप ट्रॉफी का आयोजन 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। पिछले सीजन टीम को खिताब दिलाने वाले रजत पाटीदार को एक बार फिर कप्तानी सौंपी गई है। टीम में भारतीय खिलाड़ी रिंकू सिंह, हर्ष दुबे और यश ठाकुर भी शामिल हैं। रिंकू को उपकप्तान बनाया गया है। डिफेंडिंग चैंपियन होने के कारण सेंट्रल जोन को पहले राउंड में बाय मिला है। टीम 30 अगस्त से शुरू होने वाले सेमीफाइनल में सीधे उतरेगी, जहां उसका सामना ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। टूनामेंट 23 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगा, जबकि फाइनल 6 सितंबर से खेला जाएगा। मध्य प्रदेश के स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हाल ही में श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चुना गया है। उनके साथ हर्ष दुबे और उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी भी टीम में हैं। जीशान ने हाल ही में भारत-ए के श्रीलंका दौरे पर पांच साल बाद रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की थी। विदर्भ के ओपनर अमन मोखाडे को बेहतरीन 2025-26 रणजी सीजन का पुरस्कार मिला है। उन्होंने 11 पारियों में 760 रन 76 की औसत से बनाए थे और इसी प्रदर्शन के दम पर भारत-ए टीम में भी जगह बनाई थी। छत्तीसगढ़ के ओपनर आयुष पांडे को भी टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने श्रीलंका दौरे पर भारत-ए के लिए डेब्यू किया था। मध्यक्रम में रजत पाटीदार के साथ विदर्भ के यश राठौड़ अहम भूमिका निभाएंगे। तेज गेंदबाजी विभाग में यश ठाकुर के अलावा नचिकेत भूटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान शामिल हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी आर्यन जुयाल संभाल सकते हैं, जबकि कुणाल सिंह राठौड़ बैकअप विकेटकीपर होंगे। रजत पाटीदार (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), सारांश जैन, अमन मोखाडे, कुणाल चंदेला, जीशान अंसारी, आर्यन पांडे, अर्शद खान, आयुष पांडे, यश राठौड़, हर्ष दुबे, कुणाल सिंह राठौड़ (विकेटकीपर), यश ठाकुर और नचिकेत भूटे।

# नीरज और यशवीर को भालाफेंक में पदक

ग्लास्गो। भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा और यशवीर सिंह को पदक और मुक्केबाजी रिंग में 10 भारतीयों के फाइनल में पहुंचने के साथ राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार को नौवां दिन भारत के लिये यादगार रहा। एथलेटिक्स में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को रजत से संतोष करना पड़ा जबकि पहली बार खेल रहे यशवीर ने आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर राष्ट्रमंडल खेलों में डेकाथलन में कांस्य जीतकर पदक अपने नाम करने वाले पहले भारतीय बन गए। भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा कठिन हालात में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन उन्होंने रजत पदक जीता जबकि यशवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों में शुक्रवार को आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके कांस्य पदक अपने नाम किया। टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन 28 वर्ष के नीरज ने दूसरे प्रयास में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.83 मीटर थ्रो फेंका जो दूसरे स्थान पर रहने के लिये काफी था। वह 19 जून को दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार उतरे 24 बरस के यशवीर ने छठे और आखिरी प्रयास में 85.41 मीटर थ्रो फेंककर सभी को चौंका दिया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर था। वह पांचवें दौर के बाद 81.33 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से सातवें स्थान पर थे लेकिन उनका आखिरी प्रयास जबर्दस्त रहा। श्रीलंका के स्टार रूमेश थरंगा पथिरागे ने अपेक्षा के अनुरूप 89.75 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता। बेहद सर्दी और तेज हवाओं के प्रदर्शन उनका यह प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने जून में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंका था। चोपड़ा पिछले साल सितंबर से पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबरकर लौटे थे। इस चोट के कारण उनकी वापसी दोहा में आयोजित डायमंड लीग तक टल गई थी। वह दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे थे। इससे पहले उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने संकेत दिया कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे उस ओर बढ़ रहे हैं। चोपड़ा ने बाद में कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि मेरी फिटनेस पहले जैसी है। लेकिन धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। एशियाई खेलों में अभी समय है। उससे पहले मैं डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करूंगा। धीरे-धीरे सुधार होगा। चोपड़ा ने कहा कि चोट से उबरने के बाद उनकी वापसी संतोषजनक रही है। उन्होंने कहा हम हमेशा चाहते हैं कि पदक वितरण समारोह हमें राष्ट्रगान बजे लेकिन मैंने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और वापसी के बाद में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। यहां काफी ठंड है। मैं इन परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा हूं। मुझे गर्म मौसम पसंद है। मेरे अंदर भारतीय खून है। यशवीर के लिए चोपड़ा के साथ पोडियम साझा करना सुखद क्षण था। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैं इन परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका और पदक जीतने में भी सफल रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी रोहित यादव 81.56 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे। दिलचस्प बात यह है कि भाला फेंक में पुरुषों के सभी पदक भारतीय उपमहाद्वीप के एथलीटों ने जीते। पाकिस्तान के गत चैम्पियन और मौजूदा ओलंपिक विजेता अरशद नदीम 77.41 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। त्रिनिदाद और टोबैगो के मौजूदा विश्व चैम्पियन केशोर्न वालकॉट छठे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने 80.97 मीटर के थ्रो से शुरुआत की। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 85.83 मीटर का थ्रो किया, जो दिन का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। उनके तीसरे और चौथे प्रयास क्रमशः 81.29 मीटर और 80.73 मीटर के रहे, जबकि उनके आखिरी दो थ्रो फाउल थे। फाइनल में भाग ले रहे 12 खिलाड़ियों में चोपड़ा कुछ समय के लिए सबसे आगे रहे लेकिन पथिरागे ने अपने दूसरे प्रयास में भाला 89.75 मीटर तक फेंका।




## संक्षेप

### प्रवीण ने रजत व सेल्वा प्रभु ने जीता कांस्य

ग्लास्गो। भारत के त्रिकूद खिलाड़ियों प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने शनिवार को यहां ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रावेल ने इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए 16.58 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। उनके हमवतन सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने 16.52 मीटर की छलांग से कांस्य पदक हासिल किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका पहला बड़ा पदक है। जमैका के जॉर्डन स्कॉट ने 16.72 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले पैरा एथलेटिक्स के पुरुषों की टी54 1500 मीटर फाइनल स्पर्धा में भारत के रमेश शनमुगम तीन मिनट 23.59 सेकेंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहे।

### जूडोका उन्नति क्वार्टर फाइनल में

ग्लास्गो। भारत की उन्नति शर्मा ने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की जूडो प्रतियोगिता में एस्वातिनी की लामुलेला मगगुला पर इप्पोन से शानदार जीत दर्ज करते हुए महिला 63 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्नति ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उन्होंने लगातार वज़ाअरी स्कोर हासिल करने के बाद इप्पोन के जरिए शानदार जीत दर्ज करते हुए राउंड ऑफ 16 का मुकाबला सिर्फ एक मिनट और 39 सेकंड में समाप्त कर दिया। देहरादून की रहने वाली उन्नति का अगला मुकाबला आज बाद में न्यूजीलैंड की क्लोना क्रिस्टी से होगा।

### भारत ने लॉन बॉल्स जोड़ी ने लगातार चौथी जीत दर्ज की

ग्लास्गो। भारत के नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की जोड़ी ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स पुरुष युगल वर्ग की सेक्शनल प्ले स्पर्धा में फॉकलैंड आइलैंड्स के खिलाफ सीधे सेटों में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और फॉकलैंड आइलैंड्स के इयान बार्न्स और ऑलिवर थॉम्पसन को 6-3 और 10-1 के स्कोर से आसानी से हराया। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है। टीम ने लगातार चार जीत दर्ज की हैं और अब उनका अगला मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ होगा जो ग्रुप का अंतिम अहम मैच होगा। इंग्लैंड ने भी अपने सारे मैच जीते हैं और अंकों के औसत के आधार पर शीर्ष पर है। पुरुष युगल वर्ग में चारों सेक्शन से शीर्ष दो दो टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। महिला एकल सेक्शन सी के चौथे दौर में भारत की नयनमोनी सैकिया ने जाम्बिया की माइल्डरेड एम को 2.0 से हराया।

# मैरी कॉम से प्रेरित होकर पाक की फातिमा ने रचा इतिहास

एजेंसी




ग्लास्गो। भारत की दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम की प्रेरणा अब सरहदों के पार भी पहुंच चुकी है क्योंकि पाकिस्तान की पहली महिला राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता मुक्केबाज फातिमा जहरा ने अपनी सफलता का श्रेय छह बार की इस विश्व चैंपियन से मिली प्रेरणा को दिया है। बाइस वर्षीय फातिमा ने महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में पदक जीतने वाली पाकिस्तान की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा शहर में पली-बढ़ीं फातिमा के पास अपने देश में महिला मुक्केबाजी का कोई बड़ा आदर्श नहीं था। ऐसे में उन्होंने भारत की महान मुक्केबाज मैरी कॉम को अपना प्रेरणास्रोत बनाया। फातिमा ने कहा, मैं भारत की मैरी कॉम से प्रेरित हूं। उन्होंने बताया कि उन्हें केवल मैरी कॉम की उपलब्धियों ने ही नहीं, बल्कि उनके संघर्षपूर्ण जीवन ने भी गहराई से प्रभावित किया। मणिपुर के एक साधारण किसान परिवार में जन्मी मैरी कॉम ने आर्थिक तंगी, सामाजिक विरोध और सीमित संसाधनों जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए विश्व मुक्केबाजी में अपनी अलग पहचान बनाई। फातिमा ने बताया कि वर्ष 2014 में मैरी कॉम के जीवन पर बनी बॉलीवुड फिल्म ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा मैं उनके जीवन पर बनी फिल्म बार-बार देखती थी।

जब मैंने मुक्केबाजी शुरू की, तब उसी फिल्म को देखकर अभ्यास करती थी। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। एक दिन मैं भी उनके जैसी बनना चाहती हूं। उम्मीद है कि भविष्य में उनसे मुलाकात भी होगी। मैरी कॉम की तरह फातिमा को भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए परिवार के विरोध का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा, मेरा पारिवारिक आर्थिक आधार बहुत मजबूत नहीं था। मेरे शुरुआती कोच ने मुझे सब कुछ सिखाया। परिवार मुक्केबाजी के खिलाफ था और मुझे अभ्यास के लिए जाने नहीं देता था, लेकिन मैंने हार नहीं मानी और अभ्यास करती रही।

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने बोडोलैंड एफसी को 6-0 से हराया

गुवाहाटी। गत चैंपियन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शनिवार को यहां 135वें डूरंड कप के अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप एफ के शुरूआती मुकाबले में बोडोलैंड एफसी को 6-0 से करारी शिकस्त दी। टीम के स्टार खिलाड़ी अलाएद्दीन अजाराई ने शानदार हैट्रिक (493वें, 67वें और 86वें मिनट) लगाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा लालरिनजुआला लालबियाकनिया (58वां मिनट), रिडीम त्लांग (70वां मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी एंटोनियो मोयानो ।वें मिनट) ने भी गोल किए। उनके अलावा लालरिनजुआला लालबियाकनिया (58वां मिनट), रिडीम त्लांग (70वां मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी एंटोनियो मोयानो (90वें मिनट) ने भी गोल किए।

# राष्ट्रमंडल साइकिलिंग में भारत की चुनौती खत्म

ग्लास्गो। राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 4000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा में भारत की चुनौती क्वालीफिकेशन चरण में खत्म हो गई जब दिनेश कुमार और हर्षवीर सिंह सेखों तालिका में निचले पायदान पर रहने के बाद अगले दौरे के लिए आगे बढ़ने में नाकाम रहे। ऑस्ट्रेलिया ने क्रिस हॉय वेलोड्रोम में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम रखा।

दिनेश ने 23 खिलाड़ियों में 17वां स्थान हासिल किया। उन्होंने चार मिनट 29.267 सेकंड का समय निकाला और उनकी औसत रफ्तार 53.479 किमी प्रति घंटा रही। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहे ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर ब्लेडिन से 25 सेकंड से ज्यादा पीछे रहे। ब्लेडिन ने चार मिनट 4.132 सेकंड का समय निकालकर राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। हर्षवीर सिंह सेखों 19वें स्थान पर रहे। उन्होंने यह दूरी चार मिनट 35.524 सेकंड में पूरी की, जिसमें उनकी औसत गति 52.264 किमी प्रति घंटा रही। वहीं पुरुषों की कीरिन स्पर्धा में भारतीय साइकिलिस्टों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

इस प्रतियोगिता की शुरुआती हीट में भारतीय खिलाड़ी पीछे रह गए। देश के तीन खिलाड़ियों में डेविड बेकहम का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। बेकहम ने तीसरी हीट में हिस्सा लिया और पांचवें स्थान पर रहे। वह हीट विजेता ऑस्ट्रेलिया के डेनियल जेम्स बार्बर से 0.780 सेकेंड पीछे रहे।


# यूपी टी-20 : 49 रुपये में ले सकेंगे मैच का आनन्द

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा आयोजित यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन के लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के

**सीजन टिकट, फैमिली पैक और उद्घाटन समारोह के लिए हॉस्पिटैलिटी टिकट भी उपलब्ध**

लिए टिकटों की कीमतें बेहद किफायती रखी गई हैं। वहीं पहली बार दर्शकों को हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी कमेंट्री भी सुनने को मिलेगी। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि इस बार लीग का आयोजन पहली बार लखनऊ और कानपुर दोनों शहरों में होगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में



होने वाले 22 मैचों के लिए टिकट इस तरह निर्धारित किए गए हैं कि हर वर्ग का क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में बैठकर मैचों का आनंद ले सके। उन्होंने बताया कि इकाना स्टेडियम में सामान्य दिनों में खेले जाने वाले मैचों के लिए अपर स्टैंड का टिकट 49 रुपये तथा लोअर स्टैंड का टिकट 99 रुपये रखा गया है। वहीं सप्ताहांत के मैचों के लिए अपर स्टैंड का टिकट 99 रुपये और लोअर स्टैंड का टिकट 149 रुपये निर्धारित किया गया है। डॉ. कपूर ने बताया कि लखनऊ में लीग के मैचों का आनंद लेने वाले दर्शकों के लिए सीजन टिकट भी उपलब्ध रहेंगे। इनमें अपर स्टैंड का सीजन टिकट 399 रुपये तथा लोअर स्टैंड का सीजन टिकट 499 रुपये होगा। वहीं परिवारों की सुविधा

**भोजपुरी कमेंट्री से बढ़ेगा मैचों का रोमांच**

के लिए 3+1 फैमिली पैक भी उपलब्ध रहेगा जिसकी कीमत लोअर स्टैंड के लिए 1,047 रुपये तथा अपर स्टैंड के लिए 1,497 रुपये निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भव्य उद्घाटन समारोह के लिए हॉस्पिटैलिटी टिकट की श्रेणियां भी निर्धारित की गई हैं।

# इन्फेंटिनो ने विश्व कप के मुनाफे को निजी कंपनियों को बेचने की योजना रद्द की

जेनेवा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने दुनिया के हर कोने से भारी विरोध के बाद विश्व कप के मुनाफे को निजी इक्विटी कंपनियों को बेचने की अपनी विवादास्पद योजना को रद्द कर दिया है। इन्फेंटिनो ने यह फैसला तब किया जब एशिया की फुटबॉल संस्था ने यूरोप और उत्तरी अमेरिका के साथ मिलकर इसका विरोध किया तथा व्हाइट हाउस की एक समिति में शामिल रहे उनके वरिष्ठ सलाहकार ने खुलकर इसका विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। इन्फेंटिनो ने शुक्रवार को बयान में कहा, सभी पक्षों के विचार जानने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इस योजना ने ऐसे विभाजन पैदा कर दिए हैं जो मूल उद्देश्य के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हमेशा एकजुट रहना और सुधार करना रहा है और भविष्य में भी ऐसा ही होगा। इसलिए यह प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ेगा। इन्फेंटिनो ने निजी निवेशकों के साथ विश्व कप के संचालन के लिए 20 अरब डॉलर की कंपनी बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन मंगलवार की घोषणा के बाद से इसका विरोध बढ़ता ही जा रहा था।

यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के 55 सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को इन्फेंटिनो की योजना के विरोध में विश्व कप और फीफा की अन्य सभी प्रतियोगिताओं का बहिष्कार करने पर सहमति जताई। उत्तरी अमेरिका के कॉनकाकाफ और एशियाई फुटबॉल महासंघ ने भी इस योजना का विरोध किया।

# लखनऊ में जिला चैंपियनशिप का आगाज

खेल संवाददाता

लखनऊ। बैडमिंटन कोर्ट पर विशेष पैडल और प्लास्टिक की गेंद से खेले जाने वाले पिकलबॉल ने कम समय में युवाओं से लेकर वरिष्ठ खिलाड़ियों तक को अपनी ओर आकर्षित किया है। इस खेल का रोमांच शनिवार को चिनहट स्थित पिकल डोम इंडोर कोर्ट में शुरू हुई दो दिवसीय लखनऊ जिला पिकलबॉल चैंपियनशिप-2026 में देखने को मिला। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ.

**डॉ. आनन्देश्वर पांडेय व रोहित मिश्रा ने किया पिकलबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन**

आनन्देश्वर पांडेय व विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. आनन्देश्वर पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि पिकलबॉल देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा खेल है और इसमें युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर मौजूद हैं।

विशिष्ट अतिथि रोहित मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए लखनऊ में पिकलबॉल को बढ़ावा




देने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने करते हुए कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं उभरते खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण मंच होती हैं। एसोसिएशन के सचिव डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने कहा कि एसोसिएशन का लक्ष्य शहर में पिकलबॉल का व्यवस्थित विकास करना तथा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी अवसर उपलब्ध कराना है।

# आठ भारतीय खिलाड़ी पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। भारत ने शनिवार को यहां त्यागराज स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें मेजबान देश के आठ खिलाड़ियों ने पुरुष और महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में क्लीन स्वीप करते हुए सेमीफाइनल में चारों स्थान पर कब्जा किया जिससे सभी अंतिम चार मुकाबले भारतीय खिलाड़ियों के बीच ही होंगे।

वहीं पुरुष वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने विदेशी और घरेलू चुनौती को पार करते हुए सेमीफाइनल के चारों स्थान पर कब्जा कर लिया। पुरुष एकल में शीर्ष वरीय मानुष शाह को ऑस्ट्रेलिया के आदित्य सरीन ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन छह गेम तक चले मुकाबले में मानुष ने 11-6, 11-8, 2-11, 13-15, 11-8, 11-5 से जीत दर्ज की।

# ये दिल मांगे मोर : तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास

एजेंसी

ग्लास्गो। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर चार दिन पहले स्टेडियम के एक कोने में घुटनों के बल बैठे अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि उंची कूद स्पर्धा में पहले ही प्रयास के बाद घुटने की पुरानी चोट फिर उभर आई थी और ऐसा लग रहा था कि राष्ट्रमंडल खेलों में उनका अभियान शुरू होने से पहले ही किसी बुरे सपने में बदल गया। लेकिन शुक्रवार शाम उसी स्टेडियम में उनके गले में डेकाथलन का कांस्य पदक चमक रहा था।

कुछ ही दिनों में निराशा से अविश्वास और फिर ऐतिहासिक सफलता तक का यह सफर उनके चेहरे की मुस्कान में साफ झलक रहा था। डेकाथलॉन में राष्ट्रमंडल खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने 27 वर्षीय तेजस्विन ने मिक्स्ड जोन में प्रवेश करते हुए मुस्कुराकर कहा, दोस्तों, आज मैं नहीं रोऊंगा। तेजस्विन उंची कूद में भी पदक जीतने के इरादे से ग्लास्गो पहुंचे थे। चार वर्ष पहले उन्होंने इसी स्पर्धा में भारत के लिए पहला राष्ट्रमंडल पदक जीतकर इतिहास रचा था। लेकिन इस बार पहले ही प्रयास के बाद पुरानी घुटने की चोट उभर आई और उन्हें प्रतियोगिता से हटना पड़ा। उस समय उनकी आंखों से निकले आंसू दर्द से ज्यादा हार मान लेने की भावना के थे। उन्होंने कहा मैं अगर उस समय अकेला होता, तो शायद सब कुछ छोड़ देता।




# सेना की रक्षात्मक व आक्रामक क्षमता में आया बड़ा बदलाव

## 12 साल में भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाने में डोभाल की अहम भूमिका: शाह

एजेंसी

पुणे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल की निर्णायक भूमिका रही है। शाह ने साथ ही यह भी कहा कि इस दौरान देश की सशस्त्र सेनाओं की रक्षात्मक और आक्रामक, दोनों क्षमताओं में बड़ा बदलाव आया है। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 समारोह में डोभाल को सम्मानित करने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भारत की विदेश नीति को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर फैसले के पीछे डोभाल की भूमिका और उनकी सलाह रही है।

शाह ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित नए राष्ट्रवाद की नींव रखी और आज देश उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है, अब इससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं उठता। शाह ने कहा, पिछले 12 वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने हमारी सशस्त्र सेनाओं की रक्षात्मक क्षमताओं के साथ-साथ उनकी आक्रामक क्षमताओं में भी बड़ा बदलाव किया है और इस परिवर्तन में डोभाल साहब का निर्णायक योगदान रहा है। शाह ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहला



चयन अजित डोभाल को एनएसए के रूप में नियुक्त करके किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, उनमें संरचनात्मक बदलाव लाने, प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग और भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल सुनिश्चित करने तथा उनकी अभियान संबंधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले किए। शाह ने कहा कि इन सभी पहलों में डोभाल ने प्रमुख सलाहकार की भूमिका निभाई। शाह ने कहा, एनएसए अजित डोभाल ने भारत की विदेश नीति को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के हर फैसले की पृष्ठभूमि में डोभाल की भूमिका और सलाह रही है। शाह ने आसूचना ब्यूरो और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में डोभाल के विशिष्ट करियर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बहु-एजेंसी केंद्र की मजबूत नींव रखी, जो आज देश की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ बना हुआ है। उन्होंने कहा कि खुफिया अभियानों की प्रकृति ऐसी होती है कि डोभाल के कार्यों का बड़ा हिस्सा कभी पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। शाह ने गुजरात के गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान डोभाल के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि वर्ष 2008 में गुजरात में सिलसिलेवार बम विस्फोटों के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी मुलाकात डोभाल से कराई थी। उन्होंने कहा, डोभाल से मिले सुझावों के आधार पर गुजरात पुलिस ने न केवल गुजरात में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों की जांच की, बल्कि देशभर में बम विस्फोट के 13 अन्य मामले भी सुलझाए।

यह एक बड़ी उपलब्धि थी। शाह ने कहा कि वर्ष 2005 में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी डोभाल ने विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए काम जारी रखा। उन्होंने कहा वर्ष 2005 से 2014 के बीच उन्होंने देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने पर व्यापक मंथन किया। वर्ष 2014 तक ये विचार केवल पुस्तकों तक सीमित थे। लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किए जाने के बाद इन विचारों को अमल में लाया गया।

# बालटाल मार्ग से अमरनाथ यात्रा फिर शुरू



श्रीनगर। खराब मौसम और मार्ग की आवश्यक मरम्मत के कारण एक दिन के लिए स्थगित रहने के बाद अमरनाथ यात्रा शनिवार को बालटाल मार्ग से पुनः शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा, बालटाल मार्ग से यात्रा फिर से शुरू हो गई है और श्रद्धालुओं को आज सुबह गुफा मंदिर के दर्शन के लिए जाने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि मौसम में सुधार होने और मार्ग की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद यात्रा बहाल की गई है। शुक्रवार को लगातार हुई बारिश के कारण प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों और मार्ग के मामूली रूप से क्षतिग्रस्त होने की वजह से यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, पहलगाम मार्ग से यात्रा फिलहाल निलंबित है, क्योंकि वहां आवश्यक मरम्मत कार्य जारी है। इस वर्ष यात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई थी और अब तक लगभग 4,50,000 श्रद्धालु प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। इस यात्रा का समापन रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त को होगा।

**संक्षेप**

### वायुसेना के उप प्रमुख बने एयर मार्शल तेजपाल सिंह

नयी दिल्ली। एयर मार्शल तेजपाल सिंह ने शनिवार को नये वायुसेना उप प्रमुख के तौर पर पदभार संभाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिंह ने एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती का स्थान लिया है, जो देश की 39 साल की शानदार सेवा के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी और देश की सेवा में प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को नमन किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 16 जून, 1990 को फाइटर पायलट के तौर पर शामिल हुए एयर मार्शल सिंह के पास 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने शनिवार को नए नौसेना उप प्रमुख का पदभार संभाला। इससे पहले, महानिदेशक (नौसेना अभियान) के तौर पर वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना की योजना, तैयारी और परिचालन तत्परता में अहम भूमिका निभा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रमोद 1999 में ऑपरेशन विजय और 2001 में ऑपरेशन पराक्रम में भी शामिल रहे थे। प्रमोद ने वाइस एडमिरल तरुण सोबती का स्थान लिया।

# सेउटा में स्पेन-मोरक्को सीमा संकट गहराया

एजेंसी

सेउटा (स्पेन)। मोरक्को के साथ स्पेन के सेउटा सीमा संकट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है।

**❍ मृतकों की संख्या 67 हुई**

स्पेन सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्पेन सरकार ने कहा कि मृतकों में कुछ ऐसे लोग शामिल हैं जो डूब गए और कुछ ब्रेकवॉटर बैरियर को पार करने की भगदड़ में मारे गए। स्पेन ने घोषणा की कि वह ब्रेकवाटर (लहररोधी बांध) की बाड़ के साथ एक अवरोधक दीवार खड़ी कर रहा है। इससे पहले बृहस्पतिवार और शुक्रवार को करीब 60000 प्रवासी स्पेन के इस क्षेत्र (सेउटा) में घुस गये थे। शनिवार सुबह तैरकर सेउटा के ताराजल तट पर पहुंचे कुछ थके-हारे प्रवासियों को सैनिकों ने सीमा के पार वापस भेज दिया। स्पेन के गृह मंत्रालय का कहना है।

# रूस के बैलिस्टिक हमलों से यूक्रेन में नौ की मौत

एजेंसी



कीव। रूस ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की सरकारी आपातकालीन सेवा के अनुसार, कीव के सोलोमियांस्की जिले में मलबा गिरने से पांच मंजिला रिहायशी इमारत क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई।

बचावकर्मियों ने इमारत की ऊपरी मंजिलों से 35 लोगों को सुरक्षित निकाला। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और दो बच्चों सहित आठ लोग घायल हुए हैं। आपातकालीन सेवा ने बताया कि दारनित्स्की जिले में हमले के कारण मकानों, वाहनों, एक प्रशासनिक भवन और अन्य गैर-आवासीय इमारतों में आग लग गई तथा भारी नुकसान हुआ।

इस इलाके में सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। राजधानी के शेवचेंकिव्स्की जिले में भी आपातकालीन कर्मियों ने एक गैर-आवासीय इमारत में लगी आग पर काबू पाया। हालांकि, जिले के महापौर द्वारा पहले दी गई इस सूचना पर कि एक अन्य रिहायशी इमारत में कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, कोई नई जानकारी नहीं मिली है। शहर के दो अन्य जिलों में भी व्यावसायिक और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबर है।

# नड्डा ने नीट-पीजी 2026 की तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-परास्नातक (पीजी) 2026 की तैयारियों की समीक्षा की और सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि परीक्षा को सुचारु, सुरक्षित, पारदर्शी व तकनीक आधारित तरीके से आयोजित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साथ ही अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाहों और फर्जी दावों से सावधान रहने की सलाह दी। नीट-पीजी 2026 परीक्षा 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा एक ही पाली में लगभग 340 शहरों और 1,300 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस परीक्षा के लिए कुल 2,73,183 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। नड्डा ने समीक्षा बैठक के दौरान नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस), तकनीकी साझेदारों और अन्य संबंधित पक्षों की तैयारियों का जायजा लिया। बयान के मुताबिक, उन्हें परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए किए गए उपायों, सुरक्षा व्यवस्था और इस वर्ष की परीक्षा के लिए लागू की गई तकनीक आधारित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। नड्डा ने निष्पक्ष, पारदर्शी और उम्मीदवारों के अनुकूल परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में ईमानदारी और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने सभी संबंधित एजेंसियों को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर काम करने और अभ्यर्थियों को बिना किसी परेशानी के परीक्षा देने में मदद करने का निर्देश दिया।

**❍ प्रश्न पत्र लीक की अफवाहों से सावधान रहने को कहा**

# केरल में भारी बारिश से बाढ़ और भूस्खलन, चार की मौत

एजेंसी



इडुक्कीकोट्टायम (केरल)। केरल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं के बीच शनिवार को इडुक्की और कोट्टायम जिलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य लोगों को बचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रशासन के अनुसार, मृतकों में इडुक्की जिले के कुडयाथूर के निकट अडूरमाला क्षेत्र की रहने वाली सुमति शामिल हैं। शनिवार तड़के हुए भूस्खलन का मलबा उनके घर पर आ गिरा, जिससे उनकी मौत हो गई। पड़ोसियों ने उसके पति रवि और बेटे रथीश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों को चोटें आयीं और उन्हें थोडुपुझा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन में उनका मकान पूरी तरह तबाह हो गया।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन एवं बचाव सेवा, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के तलाशी अभियान के बाद सुमति का शव बरामद किया गया। कोट्टायम जिले के पूनजार के पय्यानिथोट्टम क्षेत्र में हुए भूस्खलन में एक युवक की मौत हो गई और उसकी मां की मलबे में दबने से मौत हो गयी। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान जोसेफ (24) और उसकी मां रेजिना जॉनी (46) के रूप में की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि जोसेफ को मलबे से निकाल लिया गया था, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

रेजिना का शव सुबह करीब साढ़े 10 बजे बरामद किया गया। एक अन्य घटना में, इडुक्की जिले के वागामोन क्षेत्र में भूस्खलन की चपेट में आने से प्रभाकरन नायर (77) नामक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कोट्टायम जिले के वाइकोम निवासी नायर अपने एक रिश्तेदार के घर के एक शयनकक्ष में सो रहे थे, तभी भूस्खलन हुआ।

### ईरान पर नये हमलों पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

काहिरा। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय एवं आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस ने संकेत दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर नए सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका, ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और पिछले महीने दोनों देशों के बीच हुए युद्धविराम समझौते की शर्तों का पालन करने का दबाव बना रहा है। रातभर अमेरिका की ओर से ईरान पर कोई हमला नहीं किया गया। वहीं ईरान के अर्धसैनिक बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो और तेल टैंकरों को निशाना बनाया है।

**इंटरटेनमेंट...**

# फिल्म 'साहिया' की सेंसर प्रक्रिया पर विवाद

मुंबई। फिल्म 'साहिया' की सेंसर प्रक्रिया में कथित देरी को लेकर इसके प्रोड्यूसर और डायरेक्टर संजय शर्मा ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि फिल्म को प्रायोरिटी कैटेगरी में सबमिट किया गया था, लेकिन तय समयसीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। इससे फिल्म के रिलीज प्लान पर असर पड़ रहा है और प्रोड्यूसर्स को फाइनेंशियल नुकसान हो रहा है। बता दें कि फिल्म 'साहिया' की शूटिंग झारखंड के नेतरहाट क्षेत्र में की गई है। फिल्म में नीरज काबी, शांतनु माहेश्वरी और

**❍ प्रोड्यूसर ने सीबीएफसी पर देरी का आरोप लगाया बोर्ड- प्रायोरिटी स्कीम खत्म हो चुकी**

रिंकू राजगुरु मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, संगीत में सोना मोहपात्रा, जावेद अली, रिचा शर्मा, कृष्णा बेउरा और स्वानंद किरकिरे ने अपनी आवाज दी है। फिल्म के गीत समीर अंजन और स्वानंद किरकिरे ने लिखे हैं। फिल्म के पोस्टर को लेकर भी विवाद है। फिल्ममेकर अविनाश दास ने दावा किया है कि यह फर्जी और बिना इजाजत का है। फिल्म के पोस्टर को लेकर भी विवाद है। फिल्ममेकर अविनाश दास ने दावा किया है कि यह फर्जी और बिना इजाजत का है। संजय शर्मा ने कहा कि नियमों के अनुसार




तत्काल श्रेणी में आवेदन करने पर कुछ ही दिनों के भीतर फिल्म की स्क्रीनिंग हो जानी चाहिए थी, लेकिन उनकी फिल्म की स्क्रीनिंग करीब डेढ़ महीने बाद की गई। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग के दौरान यह बताया गया कि फिल्म में नक्सलवाद की पृष्ठभूमि होने के कारण इसे रिव्यू कमेटी के पास भेजा जाएगा।

# रश्मिका मंदाना शूटिंग के दौरान हुईं चोटिल

मुंबई। रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गई हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह चोट उन्हें डांस और एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान लगी। हालांकि, रश्मिका या उनकी टीम की तरफ से इसको लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। चोट की वजह से रश्मिका का शूटिंग शेड्यूल रोक दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग कर रही थीं। इसी दौरान उनकी हिप से जुड़ा एक टेंडन पूरी तरह अलग हो गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की चोट आमतौर पर प्रोफेशनल एथलीट्स में देखी जाती है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें छह हफ्ते तक पूरी तरह आराम करने और फिर बताए गए रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम को शुरू करने की सलाह दी गई है। इस चोट की वजह से रश्मिका के आने वाले शूटिंग शेड्यूल और दूसरे प्रोफेशनल कमिटमेंट्स पर असर पड़ सकता है। वह अभी राणाबली और माइसा जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों पर काम कर रही हैं और कई एंडोर्समेंट कैंपेन भी मैनेज कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी अभी की शूटिंग और कमर्शियल असाइनमेंट्स को रीशेड्यूल किया जा सकता है।

**❍ डांस सीक्वेंस में हिप का टेंडन अलग हुआ डॉक्टर ने दी 6 हफ्ते आराम की सलाह**

### सलमान खान ने घटायी फीस

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बन रही फिल्म एसवीसी63 के लिए कथित तौर पर ?70 करोड़ की फीस तय की है। फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक, सलमान खान आमतौर पर एक फिल्म के लिए ?120 करोड़ या उससे अधिक फीस लेते हैं। ऐसे में यह रकम उनकी नॉर्मल फीस का लगभग 60% बताई जा रही है। रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से बताया गया है कि सलमान के पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मीडिएटर का काम कर रहे हैं। उनका नाम फिल्म के प्रोड्यूसर्स में भी शामिल रहेगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान अपनी अपफ्रंट फीस कम करने के लिए तैयार हुए हैं।

# 'रामायण' के ट्रेलर की पाकिस्तान में हुई तारीफ



मुंबई। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज होने के बाद भारत के साथ पाकिस्तान में भी इसकी चर्चा हो रही है। पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर और फिल्म क्रिटिक्स ने ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए इसके वीएफएक्स, स्टार कास्ट और मेकिंग की तारीफ की। पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर 'काम वाली बात' के नाम से पहचाने जाने वाले माविया उमर फारूकी ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर की समीक्षा करते हुए कहा कि फिल्म का बड़ा बजट उसके विजुअल्स में साफ नजर आता है। फारूकी ने हॉलीवुड स्टूडियोज के साथ वीएफएक्स पर किए गए काम की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, ह्यएक पाकिस्तानी के तौर पर मैं बोलूंगा कि भाई, मैं ट्रेलर देखकर तो एक्साइटेड हो गया हूं कि फिल्म के अंदर क्या है, फिल्म के अंदर क्या देखने को मिलेगा। पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी क्रिकेट मैच और फिल्मों को लेकर ज्यादातर कंटेंट क्रिएट करते हैं। वहीं, पाकिस्तानी यूट्यूबर और फिल्म क्रिटिक हस्नात खान ने भी अपने यूट्यूब रिव्यू में ट्रेलर की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर जो हाइप बनी थी, ट्रेलर उसे पूरी तरह सही साबित करता है। उनके मुताबिक, ट्रेलर का हर सीन शानदार है और मेकर्स ने विजुअल्स, सीजीआई, लाइटिंग, एनिमेशन और स्टंट्स पर बेहतरीन काम किया है। उन्हें कहीं भी लो क्वालिटी या कमजोर वीएफएक्स नहीं दिखे। हस्नात खान फिल्मों, वेब सीरीज, ट्रेलर और टेलीविजन ड्रामा का एनालिसिस और रिव्यू करते हैं। हस्नात खान ने यश की एक्टिंग और उनके एक्शन सीन्स की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रेलर की शुरूआत ही यश के दमदार अंदाज से होती है। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर कल रिलीज हो गया।

**❍ कंटेंट क्रिएटर्स ने वीएफएक्स और मेकिंग को बताया शानदार, रणबीर कपूर की भी सराहना की**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com